Page 11

खेल

जन-जन की वाणी...

हिन्दी दैनिक

सोन वर्षा वाणी

औरंगाबाद, आरा एवं रांची से प्रकाशित

Page 10

देश

मूल्य ₹ 2.00

शुक्ल पक्ष, मूल, विक्रम संवत् 2081 • औरंगाबाद • बुधवार • 09 अक्टूबर 2024 • वर्ष 26 • अंक 300 • पृष्ठ 12

रोहित शर्मा 2025 टेस्ट चैंपियनशिप फाइलन के बाद लेंगे सन्यास?

सीएम धामी ने पीएम मोदी से की मुलाकात, पीएम मोदी को दी बधाई

'मां कालरात्रि'

मां दुर्गा का सातवां रूप 'मां कालरात्रि'

नाम से अभिव्यक्त होता है कि मां दुर्गा की यह सातवीं शक्ति कालरात्रि के नाम से जानी जाती है अर्थात जिनके शरीर का रंग घने अंधकार की तरह एकदम काला है। नाम से ही जाहिर है कि इनका रूप भयानक है। ये ग्रह बाधाओं को भी दूर करती हैं और अग्नि, जल, जंतु, शत्रु और रात्रि भय दूर हो जाते हैं। इनकी कृपा से भक्त हर तरह के भय से मुक्त हो जाता है।

सोना चांदी

सोना	चांदी
10 ग्राम 22 कैरेट	1 किलो चांदी
₹77,450	₹96,000

आज का इतिहास

- 1945 : प्रसिद्ध भारतीय सरोद वादक उस्ताद अमजद अली खान का जन्म हुआ।
- 2009 : भारत देश के विभिन्न हिस्सों में काम कर रहे माओवादी नक्सली विद्रोहियों के खिलाफ एक नए हमले की रणनीति बनाता है।

न्यूज बाइट्स

जम्मू-कश्मीर के रुझानों में एनसी-कांग्रेस की सरकार

एजेंसी (श्रीनगर (जम्मू-कश्मीर)। जम्मू-कश्मीर विधानसभा चुनाव के रुझानों में नेशनल कॉन्फ्रेंस (एनसी) और कांग्रेस गठबंधन की सरकार बनती नजर आ रही है। गठबंधन 48 सीटों पर आगे चल रहा है। जिसमें से नेशनल कॉन्फ्रेंस ने 36 सीटें जीत ली हैं। वहीं कांग्रेस को 6 सीटों पर जीत मिली। वहीं 29 सीटों पर आगे चल रही भाजपा 26 जीत चुकी है। पीडीपी को 3 सीट मिली। एक-एक सीट आम आदमी पार्टी और जेपीसी के खाते में आई। 7 सीटों पर निर्दलीय बढ़त बनाए हुए हैं, इसमें से 6 उम्मीदवार जीत चुके हैं। 90 सीटों वाली विधानसभा में बहुमत का आंकड़ा 46 है।

नीतीश ने दुर्गा पूजा एवं दशहरा की दी शुभकामनायें

पटना (नि.सं.)। पटना 08 अक्टूबर (वार्ता) बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने दुर्गा पूजा एवं दशहरा पर्व के अवसर पर प्रदेश एवं देशवासियों को आज बधाई एवं शुभकामनायें दी। श्री कुमार ने मंगलवार को यहां अपने शुभकामना संदेश में कहा कि दुर्गा पूजा एवं दशहरा हर्ष एवं उल्लास का पर्व है। दशहरा पर्व को विजय पर्व के रूप में मनाया जाता है। यह पर्व असत्य पर सत्य की विजय का प्रतीक है।

जमीन सर्वे के नियम में बदलाव, अब आपकी गैर मौजूदगी में भी होगी जमीन की मापी

वंशावली पर अब पंचायत प्रतिनिधि का साइन जरूरी नहीं, स्व-घोषणा पत्र के अनुसार जमीन की होगी नापी

- गांव से बाहर रहने वाले लोग अपनी जमीन का सर्वे कराने के लिए ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं।
- सर्वे के लिए आवेदन के समय जमीन की अपडेट राजस्व रसीद देना जरूरी नहीं है; पहले से मौजूद रसीद जमा की जा सकेगी।

निज संवाददाता | पटना

बिहार में 185 साल बाद 20 अगस्त से जमीन सर्वे की प्रक्रिया शुरू हो चुकी है। राज्य के 45 हजार से अधिक गांवों में सर्वे होगा। गांव से बाहर रहने वाले लोग अपनी जमीन का सर्वे कराने के लिए ऑनलाइन आवेदन दे सकते हैं। इस बीच सरकार ने लैंड सर्वे को लेकर बदलाव किया है। पुस्तैनी जमीन का अलग-अलग नाम से सर्वे कराने के लिए वंशावली देना जरूरी है। इसको बनाने के लिए मजिस्ट्रेट और नोटरी पब्लिक के समक्ष शपथ या ग्राम पंचायत प्रतिनिधि से हस्ताक्षर कराना पड़ता है। इसके बगैर सर्वे कर्मियों की ओर से आवेदन नहीं लिया जा रहा है। इसके लिए लोग प्रखंड कार्यालय का चक्कर लगा रहे हैं। अधिकारियों और पंचायत प्रतिनिधियों को खोजने के लिए मशक्कत करनी पड़ रही है। इसकी शिकायत लगातार राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग में पहुंच रही है। इसके बाद सरकार ने नियम में बदलाव कर दिया है।

स्व-घोषणा पत्र के अनुसार जमीन की नापी होगी। अब जमीन मालिक की उपस्थिति अनिवार्य नहीं है। अगर आप खुद या आपका कोई प्रतिनिधि मौजूद रहता है तो सर्वे कर्मियों को पहचान में सुविधा होगी। सर्वे के लिए आवेदन देने के समय जमीन की अपडेट राजस्व रसीद देना जरूरी नहीं है। आपके पास जो रसीद होगी, वही जमा होगी।

राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग के अधिकारियों के मुताबिक अब वंशावली बनाने के लिए मजिस्ट्रेट, नोटरी पब्लिक के समक्ष शपथ या ग्राम पंचायत प्रतिनिधि का हस्ताक्षर जरूरी नहीं है। प्रपत्र - 3(1) में खतियानी रैयत के वंशज स्वयं तैयार कर अंचल के शिविर में जमा करेंगे। आपत्ति आने पर सर्वे कर्मियों की ओर से जांच कर प्रमाणित किया जाएगा। यदि रैयत खुद जिंदा है तो वंशावली जमा करने की जरूरत नहीं है। पटना जिला में लोगों को जागरूक करने के लिए घर-घर अमीन घूम रहे हैं। जिला बंदोबस्त पदाधिकारी राजीव रंजन प्रभाकर ने कहा कि अबतक एक लाख से अधिक लोगों ने स्व-घोषणा पत्र जमा किया है।

लगातार बैठक कर लोगों से स्व-घोषण पत्र जमा करने की अपील की जा रही है। पटना जिले में कुल राजस्व ग्राम की संख्या 1 हजार 511 है। नगर निकाय के 170 राजस्व ग्राम और टोपो लैंड के 41 राजस्व ग्राम में सर्वे का कार्य नहीं हो रहा है।

वहीं 74 साल के श्याम ओझा भोजपुर के बिहिया के रहने वाले हैं। 1962 में उनके दादा राम जनम ओझा ने बसगीत साह से तेघरा (117 डिसमिल) और संडोर मौजा (52 डिसमिल) में 169 डिसमिल जमीन खरीदी थी। इसी जमीन को बसगीत साह के दो बेटों ने तेघरा के चंद्रदेव तिवारी, नागादेव तिवारी, बारा गांव के जगदीश राय और नवाडीह के सुखदेव ओझा को बेच दिया। इसके बाद विवाद कोर्ट पहुंच गया। पूर्णिया के अमित कुमार की मरंगा बिंद टोली के वार्ड 8 में 15 एकड़ जमीन थी। ये जमीन उनके दादा के नाम थी। इसमें 6 एकड़ 71 डिसमिल जमीन को लेकर विवाद चल रहा है। 2004 में आग लगने के कारण उनके घर का सारा समान जल गया था। इसमें उस जमीन के कागजात भी शामिल थे।

इन दस्तावेज को देना अनिवार्य

पपत्र-2 में रैयत या उनके वंशज को स्व-घोषणा पत्र जमा करनी है। वंशावली को खुद से घोषित करना है। आपके पास जो रसीद उपलब्ध है उसकी फोटो कॉपी जमा करनी है। यदि जमीन खरीदी गई है, बदलैन है, दान की भूमि है। इसके संबंध में दस्तावेज उपलब्ध कराना है। यदि सक्षम कोर्ट का आदेश हो तो आदेश की फोटो कॉपी लगानी है। इसी तरह बंदोबस्त भूमि, भू-दान प्रमाण पत्र, वासगीत पर्चा की फोटो कॉपी देनी है।

एसआईसी के 10 नये मेडिकल कॉलेज की घोषणा

एजेंसी | नयी दिल्ली

केंद्रीय श्रम एवं रोजगार मंत्री मनसुख मांडविया ने मंगलवार को कर्मचारी राज्य बीमा निगम (ईएसआईसी) के अंतर्गत 10 नये मेडिकल कॉलेज खोलने की घोषणा की। श्री मांडविया ने यहां ईएसआईसी की 194वीं बैठक की अध्यक्षता करते हुए कहा कि 10 नए ईएसआईसी मेडिकल कॉलेजों की स्थापना की जायेगी। इस अवसर पर केंद्रीय श्रम एवं रोजगार राज्य मंत्री शोभा करंदलाजे भी मौजूद थीं।

मुजफ्फरपुर, बेगूसराय और भागलपुर में जल्द बनेंगे ईएसआईसी अस्पताल

निज संवाददाता | पटना

बिहार के मुजफ्फरपुर, बेगूसराय और भागलपुर में कर्मचारी राज्य बीमा निगम अस्पताल का निर्माण शीघ्र होगा। इस पर केंद्रीय श्रम एवं रोजगार मंत्री डॉ. मनसुख मंडाविया की अध्यक्षता में नई दिल्ली में मंगलवार को आयोजित बैठक में सहमति दी गई। कर्मचारी राज्य बीमा निगम की 194वीं बैठक में श्रम संसाधन विभाग के सचिव दीपक आनंद समेत अन्य अधिकारियों ने भाग लिया।

बैठक में सचिव दीपक आनंद ने कर्मचारी राज्य बीमा निगम के स्तर से शीघ्र कार्रवाई का अनुरोध किया। साथ ही उन्होंने बीमित व्यक्तियों एवं उनके आश्रितों को इलाज से संबंधित औषधि प्रतिपूर्ति देयक आदि को भुगतान हेतु वर्तमान व्यवस्था को कर्मचारी राज्य बीमा सोसाइटी के कार्यान्वयन होने तक चालू रखने का अनुरोध किया गया।

हरियाणा में भाजपा की हैट्रिक, जम्मू-कश्मीर में जीता नेशनल कॉन्फ्रेंस-कांग्रेस गठबंधन

एजेंसी | नई दिल्ली

हरियाणा में हैट्रिक के साथ भाजपा ने जीत का एक और नया इतिहास रचा है। राज्य में 1972 के बाद पहली बार किसी दल ने सत्ता में लगातार तीसरी बार वापसी की है। वहीं, यह भाजपा की हरियाणा में अब तक की सबसे बड़ी जीत भी है। भाजपा ने 2014 में हरियाणा में 47 तो 2019 में 40 सीटों पर जीत दर्ज की थी। जबकि इस बार पार्टी ने 48 सीटों पर जीत हासिल की है।

के खाते में गई है। हालांकि, सत्ता की इस दौड़ में पीछे रहने के बाद भी भाजपा ने राज्य में 2014 के मुकाबले बेहतर प्रदर्शन किया है। उसने 29 सीटों पर जीत दर्ज की है, जबकि 2014 में उसके पास 25 सीटें ही थी। सबसे बड़ा झटका महबूबा मुफ्ती की पार्टी पीडीपी को लगा है, जो सिर्फ तीन सीटें ही जीती है। 2014 में उसे 28 सीटों पर जीत मिली थी।

पीडीपी को लगा सबसे बड़ा झटका

जम्मू-कश्मीर में नेशनल कॉन्फ्रेंस-कांग्रेस गठबंधन ने बड़ी जीत दर्ज की है। राज्य की 49 सीटें गठबंधन

हरियाणा की हैट्रिक जीत के बाद आने वाले चुनावों में भी भाजपा जीत दर्ज करेगी : ऋतुराज सिन्हा

- प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में विकास की राजनीति को जनता का समर्थन

निज संवाददाता | पटना

भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के राष्ट्रीय मंत्री ऋतुराज सिन्हा ने हरियाणा विधानसभा चुनाव में पार्टी की जीत को कार्यकर्ताओं की कड़ी मेहनत का परिणाम बताया है। उन्होंने कहा कि चुनाव परिणामों से यह स्पष्ट हो गया है कि जनता उन नेताओं की बजाय, जो हवा-हवाई बयान देते हैं, ऐसे दल को चुनती है जो विकास के एजेंडे पर काम करता है। उन्होंने कांग्रेस पार्टी पर निशाना साधते हुए कहा कि चुनाव परिणामों के पहले कांग्रेस नेताओं ने बयानबाजी के जरिए जनता को भ्रमित करने की कोशिश की, लेकिन नतीजों ने सब कुछ साफ कर दिया है।

ऋतुराज सिन्हा ने कहा कि अब कांग्रेस के नेताओं के लिए बेहतर होगा कि वे अपने नेता के साथ मिलकर जलेबी की फैक्टरी लगाने पर ध्यान दें, क्योंकि भाजपा की राजनीति जलेबी जैसी नहीं होती। हमारी पार्टी विकास पर आधारित राजनीति करती है और यही कारण है कि जनता ने हमें समर्थन दिया है।

उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व की प्रशंसा करते हुए कहा कि उनके कुशल मार्गदर्शन और गृह मंत्री अमित शाह व भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जे.पी. नड्डा के समर्थन में पार्टी कार्यकर्ता देश के विकास के लिए दृढ़ संकल्पित हैं। हरियाणा में जीत के साथ, भाजपा आगामी राज्यों के विधानसभा चुनावों में भी पूर्ण बहुमत से सरकार बनाने के लिए तैयार है।

इस जीत को हरियाणा में भाजपा की जीत की हैट्रिक बताते हुए ऋतुराज सिन्हा ने कहा कि यह पार्टी के मजबूत संगठन और नेतृत्व की सफलता का प्रतीक है, जिसे जनता ने खुलकर समर्थन दिया है।

75 हजार स्कूलों के पुस्तकालयों में रखी जाएंगी नई किताबें

निज संवाददाता | पटना

राज्यभर के 75 हजार 286 सरकारी स्कूलों के पुस्तकालयों में बच्चों के साथ ही शिक्षकों के लिए भी नई किताबें उपलब्ध कराई जाएंगी। किताबें प्राथमिक, मध्य, माध्यमिक और उच्च माध्यमिक विद्यालयों में उपलब्ध कराई जाएंगी। इनमें कक्षा पहली से 12वीं तक के बच्चों के लिए अच्छे लेखकों और प्रकाशकों के किताबें शामिल होंगी। किताबों में बच्चों के लिए कहानी की पुस्तकें, विज्ञान, गणित की किताबें होंगी। इसके साथ ही तकनीकी शिक्षण संस्थानों में प्रवेश पाने की योजना बना रहे माध्यमिक और उच्च माध्यमिक के छात्रों के लिए प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी के लिए भी किताबें उपलब्ध कराई जाएंगी। इन किताबों से बच्चे विद्यालय में ही बैठकर भी अपनी तैयारी कर सकेंगे। इसके अलावा अच्छे लेखकों के उपन्यास, ऐतिहासिक घटनाओं पर लिखी किताबें, हाल के वर्षों में घटी घटनाओं की किताबें भी दी जाएंगी, जिससे बच्चे अपना ज्ञानवर्धन कर सकेंगे। बच्चे पुस्तकालय में इन किताबों से पढ़ने के लिए घर भी ले जा सकेंगे। पढ़ने के बाद सही अवस्था में पुस्तक को ससमय पुस्तकालय में जमा करना होगा। शिक्षक भी अध्यापन के लिए नई पुस्तकों का उपयोग कर सकेंगे। बिहार शिक्षा परियोजना परिषद की ओर से इसके लिए तैयारियां की जा रही है। वैसे बच्चों को फायदा होगा, जो महंगी किताबें नहीं खरीद सकते।

जयप्रकाश नारायण की पुण्यतिथि पर मुख्यमंत्री ने दी श्रद्धांजलि

निज संवाददाता | पटना

मंगलवार को लोकनायक जयप्रकाश नारायण की पुण्यतिथि है। इस मौके पर मुख्यमंत्री नीतीश कुमार, डिप्टी सीएम सम्राट चौधरी, विजय सिन्हा, मंत्री संजय झा, पूर्व मंत्री आजादी मेहता श्याम रजक सहित अन्य नेताओं ने उन्हें श्रद्धांजलि दी है। पटना से जेपी गोलंबर, गांधी मैदान के पास राजकीय समारोह का आयोजन किया गया। राजकीय समारोह में जेपी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हे श्रद्धांजलि दी गई है। जय प्रकाश नारायण ने सम्पूर्ण क्रांति का नारा दिया था। उनका जन्म 11 अक्टूबर 1902 को सिताब दियारा में हुआ था। पिता का नाम 'देवकी बाबू' और माता का नाम 'फूलरानी देवी' था। उन्हें 'बऊल जी' भी कहा जाता है। उनकी माता उन्हे इसी नाम से पुकारती थी।

बिहार में नवजात को मिलेगी निःशुल्क एंबुलेंस की सुविधा

निज संवाददाता | पटना

राज्य के एसएनसीयू (विशेष नवजात शिशु देखभाल इकाई) में नवजात को भर्ती करने और उन्हें घर पहुंचाने के लिए एंबुलेंस सुविधा उपलब्ध करायी जाएगी। शिशु स्वास्थ्य के राज्य कार्यक्रम पदाधिकारी डॉ. विजय प्रकाश राय ने इस संबंध में राज्य के सभी सिविल सर्जन को पत्र भेजा है। पत्र में कहा गया कि बीमार नवजात को एसएनसीयू में सरकारी एंबुलेंस से भर्ती कराने से लेकर रेफर करने और डिस्चार्ज के बाद उन्हें घर तक पहुंचाने के लिए कोई राशि खर्च नहीं करनी होगी। एसआरएस 2020 के अनुसार, राज्य में नवजात मृत्यु दर एक हजार नवजात पर 21 है। लक्ष्य है कि 2030 तक एक हजार नवजात पर मृत्युदर 12 से नीचे हो। नेशनल हेल्थ पॉलिसी के अनुसार 2025 तक नवजात मृत्यु दर एक हजार नवजात पर 16 हो। पत्र में उन्होंने इस बात का भी जिक्र किया है कि अप्रैल से अगस्त, 2024 में एसएनसीयू में बच्चों को रेफर करने के लिए कुल 8,378 बच्चों को एम्बुलेंस की सुविधा प्रदान की गई, जिसमें निजी एम्बुलेंस की सेवा लेने वालों की संख्या 5,025 है, जो चिंता का विषय है। राज्य कार्यक्रम पदाधिकारी ने बीमार नवजातों को एसएनसीयू रेफर करने के लिए जननी शिशु सुरक्षा कार्यक्रम के तहत निःशुल्क एम्बुलेंस सुविधा प्रदान करने और इलाज के बाद बच्चों और अभिभावकों को निःशुल्क एम्बुलेंस की सुविधा प्रदान कराने का निर्देश दिया है।

चार शहरों में मेट्रो का रूट सर्वे शुरू, नवंबर तक आएगी रिपोर्ट

पटना (नि.सं.)। मुजफ्फरपुर, भागलपुर, दरभंगा और गया में मेट्रो रेल परिचालन की संभावना को लेकर फिजिबिलिटी रिपोर्ट तैयार करने का काम शुरू हो गया है। इसके तहत संभावित मेट्रो रूट को भी चिह्नित किया जाएगा। नगर विकास एवं आवास विभाग ने राइट्स लिमिटेड को यह काम सौंपा है, जिसकी रिपोर्ट नवंबर तक आने की संभावना है। विभाग के सचिव अभय कुमार सिंह ने बताया कि एजेंसी अपनी रिपोर्ट के आधार पर मेट्रो परिचालन से जुड़े सुझाव देगी। चारों शहरों में घनी आबादी है, ऐसे में फिजिबिलिटी रिपोर्ट में यह भी देखा जाएगा कि मेट्रो एलिवेटेड होगी या भूमिगत। मेट्रो रेल का रूट क्या हो, जिससे कम से कम घर प्रभावित हों।

एलआईसी के सिंगल प्रीमियम ग्रुप माइक्रो टर्म इंश्योरेंस प्लान का शुभारंभ

निज संवाददाता | पटना

भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी) ने 7 अक्टूबर से एक नई योजना, सिंगल प्रीमियम ग्रुप माइक्रो टर्म इंश्योरेंस प्लान, लॉन्च की है। यह योजना विशेष रूप से सूक्ष्म वित्त संस्थानों और अन्य वित्तीय संगठनों की जरूरतों को ध्यान में रखते हुए तैयार की गई है, ताकि उनके ऋणदाताओं, सहकारी समितियों, स्वयं सहायता समूहों और एनजीओ के सदस्यों को कवर किया जा सके। यह योजना असहभागी, नॉन-लिंक्ड, समूह आधारित और शुद्ध जोखिम वाली जीवन बीमा है, जो सरल और लचीली होने के साथ ही सस्ती भी है। इसका उद्देश्य उन समूहों को बीमा कवर प्रदान करना है जो अभी तक बीमाकृत नहीं हैं, जैसे असंगठित समूह, नियोक्ता-कर्मचारी समूह और अन्य सामाजिक समूह। इस बीमा योजना के तहत, जीवन बीमा कवर उन लोगों को सुलभ होगा, जिनके पास अब तक बीमा नहीं है, और उन्हें बहुत कम प्रीमियम पर सुरक्षा मिल सकेगी।

भारतीय आबादी के एक बड़े हिस्से को अब भी बीमा सेवाएं नहीं मिल पाई हैं। ऐसे में यह योजना एक महत्वपूर्ण कदम हो सकता है, जो नाममात्र की लागत पर जीवन बीमा उपलब्ध कराती है। साथ ही, यह योजना वित्तीय संस्थानों के ग्राहकों के लिए भी फायदेमंद है, क्योंकि यह उन्हें अनुकूलित क्रेडिट सुरक्षा प्रदान करती है। अगर कमाने वाले व्यक्ति की मृत्यु हो जाती है, तो इस बीमा योजना से परिवारों को बकाया ऋण की भरपाई के बोझ से बचने में मदद मिलेगी, जिससे उनकी आर्थिक स्थिति पर प्रतिकूल प्रभाव नहीं पड़ेगा।

उत्पाद में निम्नलिखित विशेषताएं

- 50 या अधिक सदस्यों वाले समूह के लिए उपलब्ध।
- सदस्यों के लिए जोखिम कवर बीमा राशि रु.5000 से रु.200000 तक।
- एकमुश्त भुगतान योग्य एकल प्रीमियम मोड।
- 1 महीने से 10 साल तक की कवर अवधि चुनने की सुविधा।
- ऋणदाता-उधारकर्ता संबंधों के तहत जीवनसाथी के लिए संयुक्त जीवन कवर उपलब्ध।
- बीमा लेने मे आसानी। किसी मेडिकल जांच की जरूरत नहीं।
- पूर्ण विवरण के लिए कृपया योजना विवरणिका देखें।

स्मार्ट सिटी में 74 योजनाएँ पूर्ण, अगले पांच महीनों में अपने अंतिम स्वरूप में आ जायेंगे स्मार्ट सिटी

पटना में स्मार्ट सिटी मिशन के तहत तेजी से हो रहे विकास कार्य : नितिन नवीन

निज संवाददाता | पटना

मंगलवार को नगर विकास एवं आवास विभाग द्वारा सूचना एवं जनसंपर्क विभाग के सहयोग से आयोजित प्रेस कांफ्रेंस में नगर विकास एवं आवास मंत्री नितिन नवीन ने बिहार में शहरी विकास के कार्यों की प्रगति पर जानकारी दी। उन्होंने बताया कि स्मार्ट सिटी मिशन के तहत 74 योजनाओं का काम पूरा हो चुका है और 55 योजनाओं में 70 प्रतिशत कार्य पूरा हो चुका है।

प्रेस कांफ्रेंस में नितिन नवीन ने कहा कि राज्य सरकार ठोस कचरा प्रबंधन को प्राथमिकता दे रही है। इसके तहत एक व्यापक जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है और कचरा प्रबंधन की नई तकनीकों पर जोर दिया जा रहा है। उन्होंने बताया कि भागलपुर में 'सॉलिड वेस्ट ग्रीन फ्यूनरल सिस्टम' की शुरुआत हो चुकी है, और जल्द ही हर जिले में इसकी एक यूनिट स्थापित की जाएगी। इसके साथ ही नगर निगमों को निर्देश दिया गया है कि वे कचरे के वर्गीकरण (सेग्रीगेशन) के मॉडल को ध्यान में रखते हुए काम करें। स्मार्ट सिटी परियोजनाओं के तहत आईसीसी में कंट्रोल एंड कमांड सेंटर की स्थापना की गई है, जिससे ट्रैफिक व्यवस्था को सुचारू बनाने में मदद मिल रही है। इसके माध्यम से शहरी यातायात और अन्य शहरी समस्याओं का डिजिटल

मुख्यमंत्री समग्र शहरी विकास योजना पर भी फोकस

विभाग के सचिव अभय कुमार सिंह ने बताया कि सरकार शहरी विकास के लिए निरंतर कार्य कर रही है। बक्सर से लेकर कटिहार तक गंगा किनारे नगर निकायों की संख्या 141 से बढ़कर 261 हो गई है, जो सरकार की प्रतिबद्धता को दर्शाता है। इसके अलावा, मुख्यमंत्री समग्र शहरी विकास योजना के तहत शहरी क्षेत्रों में सड़कों, पार्कों, घाटों, और जल निकासी जैसी आधारभूत संरचनाओं के विकास पर जोर दिया जा रहा है।

4 से 5 दिनों में मानसून की होगी विदाई

पटना (नि.सं.)। बिहार में मौसम सामान्य बना रहेगा। आज किसी भी जिले में बारिश और आकाशीय बिजली का अलर्ट नहीं है। तापमान में भी कोई खास बदलाव होने की उम्मीद नहीं है। मौसम विभाग के अनुसार, बिहार के कुछ हिस्सों से मानसून की विदाई शुरू हो चुकी है। जिसमें गोपालगंज, सीवान, बक्सर, आरा, औरंगाबाद, रोहतास, कैमूर और गोपालगंज शामिल है। अगले 4 से 5 दिनों में पूरी तरह से मानसून की विदाई हो जाएगी। पश्चिम बंगाल और उसके आसपास के उत्तरी भागों के ऊपर एक चक्रवाती हवाओं का क्षेत्र बना हुआ है। जो समुद्र तल से औसतन 3.1 किलोमीटर ऊपर तक फैला है। जिसके कारण बारिश नहीं हो रही है।

पटना जू में आयोजित 'वन्यप्राणी सप्ताह' का हुआ समापन

निज संवाददाता | पटना

संजय गांधी जैविक उद्यान, पटना में 'वन्यप्राणी सप्ताह' के समापन मंगलवार को बिहार के पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग के मंत्री डॉ. प्रेम कुमार ने गौरैया संरक्षणविद् संजय कुमार और पर्यावरणयोद्धा निशांत रंजन की पुस्तक 'हमारे आस पास के पक्षी' का लोकार्पण किया। साथ ही पटना जू के निदेशक सत्यजित कुमार की ई-पुस्तक फ़्लोरा एंड फौना, पटना चिड़ियाघर गतिविधि कैलेंडर-2025 और स्टैण्डर्ड ऑपरेटिंग प्रोसीजर फॉर एनुअल वाटर बर्ड सेन्सस का भी विमोचन किया।

मौके पर डॉ. प्रेम कुमार ने कहा कि वन्यप्राणी सप्ताह' का उद्देश्य रहा है कि हर हाल में वन्य जीवों का संवर्धन और संरक्षण हो और इसके लिए जागरूकता जरुरी है। उन्होंने कहा कि वन्य जीवन का संरक्षण में कोई बाधा होगी तो, उसे दूर किया जायेगा। साथ ही वन्य जीवों के साथ खिलवाड़ करने वालों के साथ सख़्ती से निपटा जाएगा। उन्होंने कहा कि गौरैया सहित सभी जीव जंतुओं का संरक्षण में सरकारी और आम लोग सामने आये हैं लेकिन इसमें और जन भागीदारी जरुरी है। मौके पर संजय गांधी जैविक उद्यान के निदेशक सत्यजीत कुमार ने कहा कि ई-पुस्तक फ़्लोरा एंड फौना में वनस्पति और जीव जंतु के बारे में विस्तार से है और पटना चिड़ियाघर गतिविधि कैलेंडर-2025 में पूरे साल भर क्या क्या गतिविधि होगी उसे रखा गया है।

संक्षिप्त समाचार

इंटर्नशिप में शामिल एमएड के प्रशिक्षुओं को मिला सर्टिफिकेट

गया। गया कॉलेज के बीएड डिपार्टमेंट में गत सितंबर माह से चल रहा दक्षिण बिहार केंद्रीय विश्वविद्यालय शिक्षापीठ के एमएड प्रशिक्षुओं का इंटर्नशिप कार्यक्रम का सोमवार को समापन हो गया। प्राचार्य डॉ. सतीश सिंह चंद्र के दिशानिर्देश पर इस कार्यक्रम का आयोजन हुआ। मौके पर एमएड इंटर्न्स और बीएड प्रशिक्षुओं को संबोधित करते हुए विभागाध्यक्ष डॉ. धनंजय धीरज ने कहा कि सीयूएसबी शिक्षा पीठ के द्वारा एमएड के प्रशिक्षुओं के इंटर्नशिप कार्यक्रम के लिए शिक्षाशास्त्र विभाग गया कॉलेज गया का चयन किया जाना अपने आप में गौरव की बात है। एमएड प्रशिक्षुओं की प्रशंसा करते हुए डॉ. धीरज ने कहा कि इस दौरान इनके द्वारा इन दो हफ़्तों में नियमित रूप से कक्षा कक्ष में पठन-पाठन समेत विभिन्न प्रकार के सह शैक्षणिक गतिविधियों का भी आयोजन बीएड के विद्यार्थियों के बीच किया गया। जिसमें प्रमुख रूप से कला आधारित शिक्षण पर कार्यशाला पाठ सहायक सामग्री निर्माण पर कार्यशाला, बैडमिंटन प्रतियोगिता, शोध पत्र लेखन और ई-बुक्स के संग्रह पर कार्यशाला शामिल है। उन्होंने कहा कि इंटर्नशिप एक ऐसा धरातल है जिस पर हम कक्षा कक्ष में प्राप्त सैद्धांतिक ज्ञान को व्यावहारिक रूप देने का प्रयास करते हैं।

बॉक्सिंग चैंपियनशिप में उप विजेता बना डीपीएस गया

गया। दिल्ली पब्लिक स्कूल गया के विद्यार्थियों ने एक बार फिर सीबीएसई ईस्ट जोन बॉक्सिंग चैंपियनशिप 2024 में अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया। हरी बंधु इंटरनेशनल स्कूल वाराणसी में गत 30 सितंबर से 5 अक्टूबर 2024 तक आयोजित बॉक्सिंग टूर्नामेंट में भाग लेते हुए टूर्नामेंट का उपविजेता बना। उल्लेखनीय है कि विद्यालय ने पहली बार किसी बॉक्सिंग चैंपियनशिप में भाग लिया था। विद्यालय के छात्र मोहित कुमार भारती ने 14 वर्ष से कम आयु के बालक वर्ग एवं छात्रा आकृति चौधरी ने 17 वर्ष से कम आयु की बालिका वर्ग में स्वर्ण पदक जीत विद्यालय का नाम रोशन किया। इसके अतिरिक्त अंशिका, ख़ुशी कुमारी गुप्ता, शिवराज शेखर व सौरव व्यास ने विभिन्न वर्गों में रजत तथा अर्नव प्रतीक, अनय अंश, मोहित राज, अदिति सिंह और चांदनी ने अलग वर्गों में कांस्य पदक जीता। इस टूर्नामेंट में सीबीएसई, पूर्वी क्षेत्र के अन्तर्गत आने वाले यूपी, बिहार व झारखंड के 178 से अधिक प्रतिष्ठित सीबीएसई विद्यालयों के 1200 प्रतिभागियों ने भाग लिया था जिसमें डीपीएस गया के कुल 29 विद्यार्थियों ने भाग लेते हुए 2 स्वर्ण, 4 रजत तथा 5 कांस्य सहित कुल 11 पदक जीतकर टूर्नामेंट में उपविजेता का ख़िताब जीत लिया।

उत्कृष्ट कार्य के लिए डाकघर के 5 कर्मचारी हुए सम्मानित

गया। शहर के गया कॉलेज में पास वरीय डाक अधीक्षक कार्यालय में सोमवार को गया डाक प्रमंडल के बैनर तले राष्ट्रीय डाक सप्ताह मना। शुरुआत वरीय डाक अधीक्षक रास बिहारी राम ने केक काट कर किया। इस बीच डाक अधीक्षक श्री राम ने एक सप्ताह तक होने वाले दिवस पर प्रकाश डाला, साथ ही प्रत्येक दिवस को उत्साह के साथ मनाने की अपील भी की। उन्होंने बताया कि डाकघर सेवा के लिए प्रसिद्ध है। आम जन में डाकघर के प्रति भरोसा है। इस भरोसे को हमें और मजबूत करने की जरूरत है। आप सभी आम लोगों की सेवा के लिए हर वक्त आगे रहे। उन्हें डाक विभाग से जोड़े। इस बीच डाक अधीक्षक ने गया प्रमंडल के पांच कर्मचारियों को अपने-अपने क्षेत्र में विशिष्ट व शानदार कार्य के लिए सम्मानित भी किया गया। सम्मानित होने वाले कर्मचारियों का चयन मेल एवं पार्सल डिलीवरी तथा मेल मॉनिटरिंग आदि के लिए दिया गया है। सम्मान पाने के बाद डाक कर्मचारी भी काफी प्रसन्न हुए। इस मौके पर सुमित कुमार, विकास कुमार आदि मौजूद थे।

मणिपुर से विस्थापित महिलाओं की ट्रेनिंग के लिए न्यायमूर्ति ने की बिहार सरकार की प्रशंसा

गया। बिहार लोक प्रशासन व ग्रामीण विकास संस्थान ने मणिपुर राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन और जीविका के सहयोग से बिपार्ड गया में 23 सितंबर से सात अक्टूबर तक आजीविका प्रशिक्षण कार्यक्रम का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया। मणिपुर में हिंसा भड़कने के बाद, एमएसआरएलएम ने कई राहत प्रयास शुरू किए हैं, जिनमें पोषण संबंधी खुराक वितरित करना और राहत शिविरों में कौशल प्रशिक्षण आयोजित करना शामिल है। जीविका के सहयोग से डिज़ाइन किया गया बिपार्ड प्रशिक्षण, आंतरिक रूप से विस्थापित महिलाओं को स्थायी आजीविका कौशल से लैस करने के इन प्रयासों पर आधारित है। जिससे उन्हें संघर्ष के बाद स्थिरता और आर्थिक स्वतंत्रता हासिल करने में मदद मिलती है। मणिपुरी महिलाओं के पुनर्वास और राहत प्रयासों की सर्वोच्च न्यायालय द्वारा नियुक्त न्यायमूर्ति मित्तल समिति द्वारा बारीकी से निगरानी की जा रही है, जो पुनर्प्राप्ति प्रक्रिया में उचित निगरानी और मार्गदर्शन सुनिश्चित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है। इस प्रशिक्षण में मणिपुर के दस जिलों से 65 प्रतिभागियों ने भाग लिया। दिल्ली उच्च न्यायालय की पूर्व कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश और मणिपुर हिंसा पर सर्वोच्च न्यायालय द्वारा नियुक्त समिति की अध्यक्ष न्यायमूर्ति गीता मित्तल ने बतौर मुख्य अतिथि इस समारोह को संबोधित किया। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि प्रशिक्षण के बाद आदिवासी और गैर-आदिवासी दोनों क्षेत्रों के समुदायों का प्रतिनिधित्व करने वाली ये महिलाएं अपने-अपने क्षेत्रों में आर्थिक और सामाजिक परिवर्तन शुरू करने के लिए उपकरणों के साथ घर लौटेंगी। उन्होंने मणिपुर से विस्थापित महिलाओं के प्रशिक्षण के संचालन के लिए बिपार्ड और बिहार सरकार की भी प्रशंसा की। अपनी ओर से, न्यायमूर्ति आशा मेनन ने कहा कि प्रशिक्षुओं को अपने संपूर्ण पुनर्वास में आने वाली चुनौतियों के प्रति बहुत आश्वस्त रहना होगा।

स्मार्ट मीटर घोटाले की सीबीआई जांच की मांग को लेकर प्रदर्शन

गया। पिछले छह दिनों से कांग्रेस पार्टी द्वारा प्रीपेड स्मार्ट मीटर हटाओ, पुराना डिजिटल मीटर लगाओ आन्दोलन को तेज करने हेतु चलाए जा रहे जनजागरण के अंतिम दिन सोमवार को पार्टी नेताओं ने मशाल लेकर प्रदर्शन किया। प्रदर्शन का नेतृत्व पार्टी के जिलाध्यक्ष डॉ. गगन मिश्र ने किया। कार्यक्रम के दौरान पार्टी नेताओं ने विजयादशमी तक आंदोलन को रोकते हुए 16 अक्टूबर से आंदोलन को और तेज करने की घोषणा की। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए नेताओं ने कहा कि कांग्रेस पार्टी गया शहर सहित जिला के सभी प्रखंडों में विगत 07 दिनों से प्रीपेड स्मार्ट मीटर हटाओ, पुराना डिजिटल मीटर लगाओ आंदोलन को घर-घर पहुंचाने का काम किया। नेताओं ने कहा कि प्रीपेड स्मार्ट मीटर लगाने वाली कंपनियों से ऊर्जा विभाग के प्रधान सचिव तथा बिजली विभाग के सीएमडी संजीव हंस, उनके परिवार, तथा उनके आकाओं के अकुत संपत्तियों को ईडी एवं विशेष निगरानी ब्यूरो द्वारा उजागर होने के बाद राज्य की जनता प्रीपेड महाघोटाले से रूबरू हो गई है। नेताओं ने कहा कि सरकार की अगुआई में हुई करोड़ों की रिश्वतखोरी, घोटाले के कारण आनन-फानन में बिहार में 50 लाख प्रीपेड स्मार्ट मीटर लगाया गया है। प्रदर्शन में बिहार प्रदेश कांग्रेस कमिटी के प्रदेश प्रतिनिधि सह प्रवक्ता प्रो. विजय कुमार मिट्ठू, वजीरगंज विधानसभा के पूर्व प्रत्याशी डॉ. शशि शेखर सिंह, शशि किशोरि शिशु, पूर्व जिलाध्यक्ष चंद्रिका प्रसाद यादव, जिला कांग्रेस उपाध्यक्ष बाबूलाल प्रसाद सिंह, राम प्रमोद सिंह, युगल किशोर सिंह, विपिन बिहारी सिन्हा, कुंदन कुमार, रंजीत कुमार सिंह, युवा कांग्रेस अध्यक्ष विशाल कुमार, अमरजीत कुमार, अमित सिंह उर्फ रिंकू सिंह, टिंकू गिरी, मुनी लाल प्रसाद सिंह, बुद्ध प्रसाद, धर्मेंद्र कुमार आदि मौजूद थे।

स्मार्ट मीटर रिचार्ज पर 3 प्रतिशत मिलेगा वित्तीय लाभ

उपभोक्ता रियल टाइम ले सकेंगे बिजली खपत की जानकारी, मानवीय त्रुटियां नहीं होंगी

निज संवाददाता। नालंदा

नालंदा जिले में स्मार्ट प्रीपेड मीटर को लेकर फैली भ्रांतियों को दूर करने के लिए मंगलवार को एक पीसी हुई। जिलाधिकारी शशांक शुभंकर ने समाहरणालय स्थित न्यू एनआईसी मीटिंग हॉल में स्मार्ट मीटर के कई फायदे पर प्रकाश डाला। जिलाधिकारी ने बताया कि स्मार्ट मीटर की स्थापना पूरी तरह निःशुल्क की जा रही है। उपभोक्ताओं को रिचार्ज पर 3 प्रतिशत तक का वित्तीय लाभ भी मिलेगा। इसमें 1.5 प्रतिशत पूर्व भुगतान पर, 1 प्रतिशत ऑनलाइन रिचार्ज के लिए और 0.5 प्रतिशत स्मार्ट मीटर का विशेष लाभ शामिल है। स्मार्ट मीटर से बिजली बिल में मानवीय त्रुटियों की संभावना पूरी तरह समाप्त हो जाएगी। मीटर रीडर की आवश्यकता नहीं होगी क्योंकि डेटा स्वचालित रूप से बिलिंग सर्वर पर पहुंच जाएगा। उपभोक्ता रियल टाइम में अपनी बिजली खपत की जानकारी प्राप्त कर सकेंगे।

15 अक्टूबर मीटर लगाने का कार्य पूरा हो जाएगाः पुराने बकाया को लेकर भी उपभोक्ताओं को राहत दी गई है। स्मार्ट मीटर लगने से पहले के बकाया को किश्तों में चुकाने की सुविधा दी जा रही है। साथ ही अग्रिम जमा राशि पर ब्याज का भी प्रावधान किया गया है। 2000 रुपए या इससे अधिक की जमा राशि पर 6.75 से 7.25 प्रतिशत तक का ब्याज मिलेगा। जिलाधिकारी ने बताया कि नालंदा जिले के 875 सरकारी कार्यालयों में से 653 में पहले ही स्मार्ट मीटर लगाए जा चुके हैं। शेष कार्यालयों में 15 अक्टूबर 2024 तक यह कार्य पूरा कर लिया जाएगा।

शिकायत निवारण की व्यवस्थाः उपभोक्ताओं की सुविधा के लिए हर सप्ताह मंगलवार और शुक्रवार को विशेष शिकायत निवारण शिविर लगाए जाएंगे। किसी भी संदेह को दूर करने के लिए कुछ स्थानों पर चेक मीटर भी लगाए जाएंगे। प्रेस कॉन्फ्रेंस में उप विकास आयुक्त, अनुमंडल पदाधिकारी सदर, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी और विद्युत विभाग के अधिकारियों के साथ-साथ विभिन्न मीडिया संस्थानों के प्रतिनिधि उपस्थित थे।

रूस-यूक्रेन समेत अन्य देशों के 160 विदेशियों ने किया पिंडदान

निज संवाददाता। गया

गया में पितृपक्ष मेला समापन के बाद भी पितरों के मोक्ष के लिए पिंडदानियों के आने का सिलसिला जारी है। सनातनियों के साथ-साथ विदेशी भी पिंडदान करने आ रहे हैं। सोमवार को रूस और यूक्रेन समेत 19 देशों के 160 विदेशियों ने अपने पूर्वजों का पिंडदान किया। सोमवार की सुबह सभी विदेशी पिंडदानी फल्गु नदी के तट पर स्थित देवघाट पर पहुंच कर फल्गु स्नान किया। सभी विदेशियों ने सनातन धर्म के प्रति आस्था जताते हुए सामूहिक रूप से गया जी में फल्गु नदी के तट पर स्थित देव घाट पर पूर्वजों की आत्मा की शांति और मोक्ष के लिए पिंडदान व तर्पण किया।

हर वक्त भगवान का स्मरण करतेः विदेशी पिंडदानी रूस, यूक्रेन, जर्मनी, कजाकिस्तान, उज़्बेकिस्तान, कोरिया समेत 19 देशों से श्रद्धा का कर्मकांड करने पहुंचे हैं। गयापाल पंडा समाज के कटारिया परिवार की ओर से कर्मकांड संपन्न किया गया है। पंडा अरविंद लाल बताते हैं कि प्रभु विष्णु के प्रति आस्था व्यक्त करते हैं। यह विदेशी होते हुए हर वक्त भगवान का स्मरण करते रहते हैं और सनातन धर्म के प्रति पूर्ण आस्था रखते हैं। वहीं गयापाल पंडा अरविंद कुमार कटियार ने बताया कि यूक्रेन से आए श्रद्धालु ने अपने पितरों के साथ-साथ रूस-यूक्रेन युद्ध में मारे गए सैनिकों और नागरिकों का भी पिंडदान किया है। विदेशियों की यह टीम शनिवार को बोधगया पहुंची थी। रविवार को विष्णुपद मंदिर, देवघाट और सीताकुंड का भ्रमण भी किया था।

देश की पहली जगह जहां सारी डेटा होगी मौजूद

निज संवाददाता। गया

देश में पहली बार एक जगह तमाम प्रकार के डेटा देखने को मिलेंगे। केवल डेटा ही नहीं बल्कि उससे जुड़ा विज्युल्स भी देखने को मिलेगा। ताकि सम्बन्धित डेटा के आधार पर उससे जुड़ी समस्या का निदान तेजी से निकाला जा सके और पॉलिसी बनाई जा सके। देश में इस अहम काम को सबसे पहले बिहार करने जा रहा है। बिहार में गया स्थित बिपार्ड में यह विशेष सुविधा मिलने जा रही है। इसका नाम बिहार नेक्स्ट जेन रखा गया है। इस नई सुविधा का उद्घाटन मंगलवार को बिपार्ड परिसर में किया जाएगा। ये बातें नीति आयोग के सीईओ बीवीआर सुब्रमण्यम ने कही है। उन्होंने कहा कि यह काम आयोग की ओर से बिपार्ड करने जा रहा है। उन्होंने कहा कि देश में सभी प्रकार के मसलों से जुड़े डेटा तो बहुत मिल जाएंगे। लेकिन वे एक जगह कलेक्टिव वे में नहीं मिलेंगे।

'बिहार नेक्स्ट जेन ' के तहत सभी प्रकार के मसले से जुड़े डाटा एक जगह और अपडेट मिलेंगे। इसकी खासियत विज्युलाइजेशन है। बिहार नेक्स्ट जेन न केवल डेटा मौजूद होंगे, बल्कि सम्बन्धित मसले पर आधारित विज्युलाइजेशन भी मिलेंगे। ताकि भविष्य में कोई भी पॉलिसी तैयार करने में सरकार को आसानी हो सके। यदि कोई समस्या है तो उसका निदान डेटा और विज्युल्स के आधार अध्ययन शुरू कर ठोस नीति तैयार की जा सके। बिहार नेक्स्ट जेन लैब के अलावा दो और लैब होंगी। नीति शाला लैब में एक प्रकार का सीखने का वातावरण बनता है, जो एडवांस लेवल की टेक्नोलॉजी का प्रयोग करता है।

मणिपुर दंगा ग्रसित महिलाओं का गया में बिपार्ड में ट्रेनिंग, महिलाओं को आत्मनिर्भर बनने के लिए दिए गए कई टिप्स

निज संवाददाता। गया

बिहार लोक प्रशासन और ग्रामीण विकास संस्थान बिपार्ड में मणिपुर हिंसा पीड़ित महिलाओं को स्वरोजगार के गुर सिखाए गए। बीती 27 सितंबर से लेकर 7 अक्टूबर तक चले इस प्रशिक्षण प्रोग्राम में जीविका के फलसफा का गुर सिखाया गया। कार्यक्रम के समापन अवसर पर बतौर मुख्य अतिथि बिपार्ड के डीजी केके पाठक, सुप्रीम कोर्ट की मणिपुर कमेटी चेयरपर्सन जज गीता मित्तल सहित कई अधिकारी शामिल हुए। इस मौके पर मणिपुर की ट्रेनिंग प्राप्त महिलाओं को सर्टिफिकेट दिया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ आगत अतिथियों द्वारा दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। गौरतलब है कि मणिपुर से प्रशिक्षण प्राप्त करने को बिहार के गया बिपार्ड में आने वाली वही महिलाएं हैं, जो रिलीफ कैंप इन दिनों गुजर बसर कर रही हैं। समापन अवसर पर प्रशिक्षण के दौरान किए गए अनुभव को मणिपुर दंगा पीड़ित महिलाओं ने साझा किया। साथ ही अधिकारियों द्वारा महिलाओं को आत्मनिर्भर बनने के लिए कई टिप्स दिए भी दिए गए। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि शामिल बिपार्ड के महानिदेशक केके पाठक ने कहा कि जिस तरह से बिहार में जीवका दीदी मॉडल बन चुकी है, उसी के तर्ज पर मणिपुर की दंगा ग्रसित महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए वहां की सरकार द्वारा आग्रह किया गया था। इसके बाद बिहार सरकार द्वारा गया के बिपार्ड के प्रांगण में मणिपुर की महिलाओं को प्रशिक्षण दिया गया है। यह प्रशिक्षण पिछले सितंबर 23 सितंबर से 7 अक्टूबर तक आयोजित किया गया था। इसमें महिलाओं को आत्मनिर्भर बनने, जीवन में आगे बढ़ाने, समस्याओं का सामना करने के लिए कई तरह के प्रशिक्षण दिए गए। आज इन महिलाओं को सर्टिफिकेट भी दिया गया है। इसके बाद ये वापस जाकर मणिपुर के कैंप में न केवल खुद को आत्मनिर्भर बल्कि अन्य महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने का काम करेंगी। उन्होंने कहा कि मणिपुर में दंगा होने पर वहां की स्थिति काफी दयनीय हो गई थी। वहां की महिलाओं की स्थिति और भी ज्यादा खराब हो गई थी। उन्हें स्वालंबन और आत्मनिर्भर बनाने के लिए प्रशिक्षण दिया गया है। अगर वहां की सरकार और भी चीजों के लिए मदद मांगती है, या प्रशिक्षण देने के लिए आग्रह करती है तो उसे भी पूरा किया जाएगा।

NIA DSP 'चेरी करप्ट', प्लांड कर करते थे कार्रवाई, रॉकी यादव पर बनाया था दबाव

निज संवाददाता। गया

गया में NIA के DSP द्वारा रिश्वत लेने और गिरफ्तार किए जाने वाले मामले में CBI की जांच में कुछ नई बातें सामने आई है। CBI ने अपनी जांच के दौरान एक्टिव सोर्स के जरिए डीएसपी अजय प्रताप सिंह के मामले में ठोस जानकारी जुटाई है। सोर्स ने बताया कि NIA पटना के DSP अजय प्रताप सिंह 'चेरी करप्ट' अफसर रहे हैं। इस बात का उल्लेख सीबीआई के एक अफसर ने अपनी जांच रिपोर्ट में भी किया है। जांच रिपोर्ट वरीय अधिकारी को समिट कर दी गई है। सोर्स का कहना है कि उन्होंने कई अहम कार्रवाई प्लांड वे में रिश्वत की रकम के लिए किया है। पीड़ित पक्ष को नोटिस देकर बुलाना फिर उन्हें डराना धमका कर रिश्वत के लिए मानसिक रूप से अगले को तैयार करना शामिल रहा है।

कार्रवाई भी करप्शन से जुड़ीः सोर्स का कहना है कि मगध रेंज में NIA द्वारा बीते दिनों की गई कार्रवाई भी करप्शन से जुड़ा रहा है। छापेमारी की कार्रवाई या फिर पूछताछ के लिए बुलाए जाने तक तो बातें पटरी पर ठीक चलती थीं। लेकिन इसके बाद NIA DSP अजय प्रताप आदतन असल खेला करने लगते थे।

19 घंटे तक चली थी छापेमारीः गौरतलब है कि बीते दिनों 19 सितंबर को पूर्व MLC मनोरमा देवी के घर पर NIA ने छापेमारी की कार्रवाई की थी। छापेमारी 19 घंटे तक चली थी। NIA ने नक्सल कनेक्शन की तलाश में छापेमारी की थी,

ऑडियो-वीडियो डिवाइस से सब कुछ किया रिकॉर्ड

लेकिन NIA को कोई नक्सल कनेक्शन नहीं मिला। मनोरमा देवी के घर से 4 करोड़ से अधिक रकम और 10 असलहे जब्त कर लिए। छापेमारी में कुल 27 आइटम सीज किए गए थे। इसके बाद NIA के DSP ने 26 सितंबर को नोटिस देकर मनोरमा देवी के बड़े बेटे रॉकी यादव को पटना आफिस बुलाया था। DSP ने रॉकी यादव को जब्त रकम और हथियार रिलीज करने के लिए 3 करोड़ रुपए रिश्वत की डिमांड की थी।

रॉकी यादव और DSP के बीच 70 लाख की थी डीलः रिश्वत नहीं देने की स्थिति में DSP ने रॉकी यादव को धमकाया था कि उसके घर में एके-47 रखवा कर मनोरमा देवी और रॉकी यादव दोनों नक्सल कनेक्शन में फंसा कर अरेस्ट कर लेंगे। इस पर रॉकी यादव और DSP के बीच 70 लाख की रिश्वत लिए और दिए जाने की डील हुई थी। इस डील के बाद रॉकी यादव बेहद सतर्क हो गया था। पहली किस्त 25 लाख गया जिले के आमस के पास DSP के साले को डिलीवरी किया गया। इसका पूरा वीडियो रॉकी यादव ने रुपए की डिलीवरी देने गए शख्स से बनवा लिया। शेष रकम दो किस्त में देनी थी। इस बीच रॉकी यादव को डीएसपी ने दोबारा पटना ऑफिस बुलाया। इस बार रॉकी यादव ऑडियो वीडियो से जुड़े गुप्त डिवाइस के साथ पहुंचा। रिश्वत से जुड़ी सारी बातचीत रिकार्ड कर ली और सीबीआई को लिखित कम्प्लेन के साथ ऑडियो वीडियो रिकार्डिंग दे दी। इस पर सीबीआई सक्रिय हुई। ऐसा जाल बिछाया कि रॉकी यादव द्वारा 20 लाख की रिश्वत लेते हुए डीएसपी के एजेंट पकड़े गए और डीएसपी भी गिरफ्तार कर लिए गए।

रेलवे स्टेशन से पुलिस की बस गंतव्य तक छोड़ेगी

निज संवाददाता। गया

गया जिला पुलिस की ओर से सराहनीय सेवा शुरू की गई है। देर रात विभिन्न ट्रेनों से आने वाले यात्रियों के लिए गया रेलवे स्टेशन से निःशुल्क बस सेवा शुरू की गई है। यात्री पुलिस की बस में सवार हो कर अपने गंतव्य को जाएंगे। अभी यह बस सेवा शहर के दो रूटों पर दौड़ेगी। पहला रूट स्टेशन से मानपुर और दूसरा रेलवे स्टेशन से बोधगया है। एसएसपी आशीष भारती और सिटी एसपी प्रेरणा कुमार ने दोनों रूट की बसों को देर रात हरी झंडी दिखा कर गंतव्य के लिए रवाना किया। निःशुल्क बस सेवा एसएसपी आशीष भारती के प्रस्ताव पर आम नागरिकों को दी जा रही है।

जरूरत पड़ने पर पूरे ठंड में मिलेगी सेवाः एसएसएपी आशीष भारती ने बताया कि त्योहारों के मद्देनजर सोमवार की रात से 9 बजे के बाद गया स्टेशन उतरने वाले लोगों के लिए निःशुल्क बस सेवा शुरू की गई। ताकि लोगों को अपने गंतव्य तक पहुंचने में किसी प्रकार की कोई परेशानी न हो और वे खुद को सुरक्षित भी महसूस कर सकेंगे। उन्होंने बताया कि फिलहाल यह सेवा दुर्गा पूजा, दीवाली और छठ को देखते हुए शुरू की गई है। इस दौरान इस सेवा का परिणाम केस स्टडी के रूप में अध्ययन किया जाएगा। जरूरत पड़ी तो इसे पूरे विंटर सीजन तक प्रभावी रखा जाएगा।

पूर्व रेलवे

शुद्धिपत्र

ई-निविदा सूचना संख्या एसजीडब्ल्यू-272-252-टी1-54 दिनांक 11.09.2024। पूर्व में प्रकाशित मुख्य सिग्नल एवं दूरसंचार इंजीनियर (परियोजना) पूर्व रेलवे, तृतीय तल, फेयरली प्लेस, 17, नेताजी सुभाष रोड कोलकाता- 700001 द्वारा ई-निविदा सूचना संख्या एसजीडब्ल्यू-272-252-टी1-54 दिनांक 11.09.2024 के प्रकाशन के संबंध में शुद्धिपत्र संख्या 1 और 2, 'कवच कार्य के निष्पादन हेतु परियोजना प्रबंधन सेवाएं प्रदान करने के लिए प्राधिकरण इंजीनियर की नियुक्ति अर्थात पूर्व रेलवे के हावड़ा और आसनसोल डिवीजन के हावड़ा-प्रधानखंता (एक्सक्लूसिव) सेक्शन पर 2x24 फाइबर ओएफसी बैकबोन के साथ कवच का प्रावधानन्र के कार्य के लिए। उपर्युक्त प्रकाशित **ई-निविदा सूचना संख्या एसजीडब्ल्यू-272-252-टी1-54 दिनांक 11.09.2024** में, निम्नलिखित शुद्धिपत्र जारी किया जाता हैः - '(i) शुद्धिपत्र संख्या 1 - **27.09.2024** को आईआरईपीएस में प्रकाशित। (ii) शुद्धिपत्र संख्या 2 - **04.10.2024** को आईआरईपीएस में प्रकाशित'। निविदा के अन्य नियम और शर्तें अपरिवर्तित रहेंगी। शुद्धिपत्र संख्या 1 और 2 के साथ ई-निविदा सूचना का विवरण **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है।

(CON-63/2024-25)

निविदा सूचनाएं वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/ www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध हैं।

हमें अनुसरण करें : @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

पूर्व रेलवे

सं. ओएएच/2/1/जनरल, दिनांक 07.10.2024। मंडल रेल प्रबंधक, पूर्व रेलवे, हावड़ा, डीआरएम बिल्डिंग, रेलवे स्टेशन के पास, हावड़ा-711101, [सीनियर डीईएन/1/हावड़ा के अधिकार क्षेत्र के लिए] द्वारा समान प्रकृति के कार्य का अनुभव और आवश्यक वित्तीय क्षमता रखने वाले निविदाकारों से निम्नलिखित ई-निविदा ऑनलाइन आमंत्रित की जाती है, इसमें सिंचाई/सीपीडब्ल्यूडी/एसईबी/एमईएस या किसी सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम के साथ पंजीकृत निविदाकार भी शामिल हैं:- **एनआईटी संख्या 195_2024- 25; कार्य का विवरणः** बंडेल जं. (03 नग), मेमारी जं. (01 नग) और बैंची जं. (1 नग) में 50000 गैलन क्षमता वाले आरसीसी ओएच टैंक द्वारा स्टील ओएच टैंक का प्रतिस्थापन; **अनुमानित लागत (रु.) :** 7,80,95,081.81; **बयाना राशि (रु.):** 5,40,500; **निविदा फॉर्म की लागत (रु.):** शून्य; **कार्य पूर्णता की अवधिः** 12 (बारह महीने); **निविदा की अंतिम तिथि और समयः** 28.10.2024 को 14:00 बजे। यदि निविदा आमंत्रण सूचना में उल्लिखित अंतिम तिथि को किसी कारणवश अवकाश/बंद/हड़ताल घोषित कर दिया जाता है, तो ऑनलाइन निविदा की अंतिम तिथि में परिवर्तन नहीं किया जाएगा, क्योंकि आईआरईपीएस की वेबसाइट पर आवेदन निविदा की अंतिम तिथि और समय के बाद किसी भी प्रस्ताव को प्रस्तुत करने की अनुमति नहीं देता है। हालांकि, ऑनलाइन निविदा अगले कार्यदिवस पर खोले जाएंगे। निविदा का विवरण वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है। निविदाकर्ताओं से अनुरोध है कि वे उपरोक्त वेबसाइट पर अपना प्रस्ताव ऑनलाइन प्रस्तुत करें। ई-निविदा के संबंध में **बयाना राशि जमा [ईएमडी] और निविदा दस्तावेज़ लागत (टीडीसी)** का भुगतान केवल नेट बैंकिंग या भुगतान गेटवे के माध्यम से स्वीकार किया जाना चाहिए। कोई भी मैन्युअल प्रस्ताव स्वीकार नहीं किया जाएगा।

(HWH-338/2024-25)

निविदा सूचनाएं वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/ www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध हैं।

हमें अनुसरण करें : @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

पूर्व मध्य रेल

रेल यात्री बंधुओं के लिए आवश्यक सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि त्योहार के दौरान यात्रियों की अत्यधिक भीड़ के मद्देनजर निम्नलिखित दशहरा, दिवाली और छठ स्पेशल गाड़ियों का परिचालन किया जा रहा है, जिसका विवरण निम्नवत है।

गाड़ी संख्याः 04813/04814 भगत की कोठी–दानापुर–भगत की कोठी छठ स्पेशल

समय एवं ठहराव

04813 भगत की कोठी–दानापुर		04814 दानापुर–भगत की कोठी		
आगमन	प्रस्थान	स्टेशन	आगमन	प्रस्थान
--	17:20	भगत की कोठी	01:00	--
17:15	--	दानापुर	--	18:45

ठहरावः जोधपुर,गोटन, मेड़ता रोड, डेगाना, मकराना, कुचामन सिटी, नावा सिटी, फुलेरा, जयपुर, गाँधी नगर जयपुर, दौसा, बाँदीकुई, भरतपुर, अछनेरा, आगरा किला, टूण्डला, इटावा, कानपुर, फतेहपुर, प्रयाराज, मिर्जापुर, नई पश्चिम केबिन, पंडित दीन दयाल उपाध्याय, बक्सर, आरा

परिचालन के दिनः गाड़ी संख्या–04813 भगत की कोठी से बुधवार दिनांक– **09.10.24 से 13.11.24** तक = 06 फेरे, **गाड़ी संख्या–04814** दानापुर से गुरूवार दिनांक– **10.10.24 से 14.11.24** तक = 06 फेरे,

संयोजनः शयनयान–04, सामान्य–12

विस्तृत जानकारी के लिए– www.enquiry.indianrail.gov.in/NTES APP

पीआर/01280/एचक्यू/ओपीटीजी/एन/24–25/70 मुख्य यात्री परि. प्रबंधक, पूमरे, हाजीपुर

बिहार समेत देश-दुनिया की ताजा-तरीन खबरों को जानने के लिए लॉगऑन करें : www.sonvarshavani.com

न्यूज बाइट्स

नवरात्रि के दिन बजरंगदल ने रक्तदान कर मातृ शक्ति की बचाई जान

रजौली (नवादा) (नि.सं.)। बजरंगदल के स्थापना दिवस पर एक बजरंगी ने मातृ शक्ति को नवादा सदर अस्पताल में रक्तदान देकर उसकी जान बचाई। बजरंगदल के सह संयोजक सन्दीप वर्मा ने बताया कि पुरानी बस स्टैंड की एक लड़की बॉबी कुमारी का हीमोग्लोबिन लेवल काफी कम गया था, जिसके बाद परिजनों ने उसे इलाज के लिए सदर अस्पताल लेकर चले गए थे। जांच में जब हीमोग्लोबिन में काफी कमी की बात सामने आई, तब मंगलवार की सुबह 6 बजे मोबाइल पर कॉल के माध्यम से जानकारी मिली। जानकारी को सोशल मीडिया पर शेयर किया गया। सोशल मीडिया से मिले जानकारी के बाद हरदिया पंचायत के बजरंगदल के संयोजक अनुज कुमार ने सन्दीप वर्मा को कॉल करके कहा कि मैं रक्तदान के लिए तैयार हूं। सन्दीप वर्मा ने बताया कि हमलोग नवादा सदर हॉस्पिटल गए, जहां अनुज कुमार ने लगातार पांचवी बार रक्त दान किया। रक्तदान के कारण मरीज़ के परिजनों मे ख़ुशी की लहर दौर उठी। बजरंग दल के रजौली के प्रखंड सह सयोजक संदीप वर्मा ने बताया की जब तक मैं जीवित रहूंगा, तब तक ना तो मैं भगवा ध्वज झुकने दूंगा, ना ही किसी को रक्त के बिना मरने दूंगा। विश्व हिंदू परिषद के प्रखण्ड उपअध्यक्ष मनीष सिंह ने सभी बजरंग दल के कार्यकर्त्ता को बजरंग दल की स्थापना दिवस की हार्दिक-हार्दिक शुभकामनाएं दिया और रक्त वीर को फ़ोन कर बधाई दिए। जिला सह सयोजक अनीश सिंह ने बताया कि सभी को खून का जरूरत है, लेकिन कोई रक्तदान नहीं करता है। रक्तदान करने के लिए आगे आये विश्व हिंदू परिषद के अरबिंद विस्वकर्मा ने ऐसे रक्तवीर को बहुत बहुत साधुवाद और आभार प्रकट किया, जिन्होंने नवरात्रि के दिन मातृ शक्ति का अपने खून दे कर जान बचाई। बजरंग दल के प्रखंड सयोंजक पिंटू वर्मा ने बताया कि राजौली मे ब्लड बैंक नहीं रहने के कारण बहुत परशानी का सामान करना पड़ता है और राजौली हॉस्पिटल की बदतर स्थिति देख कर दुःख प्रकट किया।

विद्यालय में रसोइया व सहायक को दिया गया प्रशिक्षण

नारदीगंज (नवादा) (नि.सं.)। इंटर विद्यालय नारदीगंज में मंगलवार को रसोइया व सहायक को क्षमता संवर्द्धन एक दिवसीय प्रशिक्षण आयोजित हुई। इस दौरान प्रशिक्षक के रूप में एमडीएम प्रभारी सुभाष कुमार व बीआरपी राजकुमार सिंह ने उपस्थित रसोइया व सहायक को गुणवत्तापूर्ण भोजन बनाने का प्रशिक्षण दिया। प्रशिक्षक ने कह प्रत्येक कार्य दिवस को प्रत्येक उपस्थित बच्चों को मेनू के अनुसार भोजन अवश्य दें। विद्यालय में भोजन बनाने के समय स्वच्छता का ध्यान रखना है। हाथ पैर को साबुन से अच्छी तरह से धो लेना है। बालों को बांध कर रखना है। नाखून को नियमित काट लीजिए। गैस चूल्हे पर भोजन बनाना है। प्रतिदिन उसे साफ सुथरा करना है। भोजन बनाने के बाद रेगुलेटर बंद कर देना है। गैस लिंकेज रहने पर सावधानी बरतनी है। तत्काल उसे ठीक कर लीजिए। ताकि आग नहीं लग सके। सब्जियों को अच्छी तरह से धोकर बनाने का काम करना है। तेल मसालों को जांच परख ले। पौष्टिकता का खयाल रखना है। कूड़ेदान को नियमित साफ सफाई करना है।भोजन देर तक पकाने के बाद उसका पौष्टिकता खत्म हो जाती है। इस पर भी ध्यान रखना है, समेत अन्य जानकारी दी गई।

थानाध्यक्ष की कार्यशैली से परेशान पीड़ित ने एसपी से लगायी गुहार

नवादा (नि.सं.)। जिले के पकरीबरावां थानाध्यक्ष अजय कुमार की कार्यशैली से परेशान पीड़ित महादलित युवक ने एसपी से सुरक्षा की गुहार लगायी है। ऐसे में पुलिस सिस्टम पर प्रश्न चिन्ह लगाने लगा है। ऐसा तब हुआ जब सर से पानी उपर बहने लगा। फिर मरता क्या नहीं करता सो एसपी से सुरक्षा के साथ मामले की जांच कर कार्रवाई की मांग कर दी है। मनीष कुमार पिता गांधारी मांझी ग्राम एरुरी टोला कांलनी प्रखंड व थाना पकरीबरावां जिला नवादा का आरोप है कि दिनांक 02/10/24 को पत्नी शोभा देवी का प्रसव कराने प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पकरीबरावां गया था।

दशहरा शांति और सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाने को ले डीएम-एसपी ने निकाला संयुक्तादेश

निज संवाददाता | नवादा

अंचल स्तर पर अंचल अधिकारी एवं थानाध्यक्ष/ओपी अध्यक्ष के हस्ताक्षर से संबंधित अंचल स्थित थाना में थाना नियंत्रण कक्ष की स्थापना की गयी है, जिसमें पालीवार दंडाधिकारी, पुलिस पदाधिकारी एवं कर्मी की प्रतिनियुक्ति की गयी है। पूजा स्थलों पर प्रतिनियुक्त दंडाधिकारी एवं पुलिस पदाधिकारी को असमाजिक तत्वों पर कड़ी निगरानी, बिजली बाधित न हो, छेड़-छाड़ पर कड़ी निगरानी, पूजा स्थल पर पुलिस कर्मी की प्रतिनियुक्ति आदि के बारे में आवश्यक निर्देश दिये गए हैं। जुलूस संबंधी अनुदेश का भी पालन करने का निर्देश दिया गया है। मूर्ति विसर्जन की प्रक्रिया में बिहार नियमावली 2021 के अन्तर्गत पालन करने का निर्देश दिया गया। पूजा समिति के कार्य, अनिवार्य घोषणा एवं पूजा समिति के दायित्वों के बारे में आवश्यक निर्देश दिया गया है जिसका अनुपालन करना अनिवार्य होगा। विभिन्न धर्मों को आहत पहुंचाने वाला/धार्मिक उन्माद उत्पन्न करने वाला वक्तव्य/हरकत पूर्णतः प्रतिबंधित रहेगा।

03.10.2024 को कलश स्थापना से लेकर दिनांक 12.10.2024 तक विजयादशमी दुर्गा पूजा का त्योहार मनाया जा रहा है। दुर्गा पूजा त्योहार के अवसर पर विधि-व्यवस्था संधारण एवं शांतिपूर्ण वातावरण में त्योहार सम्पन्न कराने के लिए जिला पदाधिकारी आशुतोष कुमार वर्मा एवं पुलिस अधीक्षक अभिनव धीमान द्वारा संयुक्तादेश जारी किया गया है। दुर्गापूजा (दशहरा) त्योहार-2024 के अवसर पर विधि-व्यवस्था बनाये रखने के लिए 375 स्थानों पर दण्डाधिकारियों, पुलिस पदाधिकारियों एवं शस्त्र/लाठी बल की प्रतिनियुक्ति की गयी है। सभी अनुमंडल पदाधिकारी, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी अपने साथ सशस्त्र बल एवं अन्य आरक्षी बल के साथ अपने अनुमंडल में सभी संवेदनशील एवं अति संवेदनशील स्थानों पर आवश्यकतानुसार फ्लैग मार्च निकालना सुनिश्चित करेंगे। प्रतिनियुक्त कार्यपालक दंडाधिकारी एवं विशेष कार्यपालक दंडाधिकारी को भी आवश्यक निर्देश दिया गया है। अनुमंडल दंडाधिकारी एवं अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी को निर्देश दिया गया है कि संवेदनशील एवं अति संवेदनशील वाले स्थानों को चिन्हित करते हुए आवश्यक कार्रवाई करेंगे। साथ ही 06 आवंटित थानों में सुपर जोनल पदाधिकारी की भी प्रतिनियुक्ति की गयी है। दुर्गापूजा (दशहरा) त्योहार-2024 के अवसर पर विधि-व्यवस्था के संधारण हेतु जिला नियंत्रण कक्ष की स्थापना की गयी है, जिसका दूरभाष नम्बर-06324-212261 है। यह नियंत्रण कक्ष दिनांक 09.10.2024 के 06:00 बजे पूर्वा0 से शुरू होकर त्योहार सम्पन्न होने तक संचालित रहेगा। नियंत्रण कक्ष के वरीय प्रभार में संजय कुमार अपर समाहर्त्ता-सह-जिला लोक शिकायत निवारण पदाधिकारी, नवादा और अमरनाथ कुमार परीक्ष्यमान, वरीय उपसमाहर्त्ता, नवादा एवं पु0नि0 सचिन्द्र यादव, प्रभारी लोक शिकायत निवारण कोषांग नियंत्रण कक्ष के प्रभारी पदाधिकारी के रूप में रहेंगे। नियंत्रण कक्ष में पालीवार पदाधिकारी की प्रतिनियुक्ति की गयी है। इसके अतिरिक्त जिला नियंत्रण कक्ष में 17 सुरक्षित दंडाधिकारी की प्रतिनियुक्ति की गयी है। सद्भावना चौक, रजौली बस स्टैंड, प्रजातंत्र चौक, इंदिरा चौक एवं भगत सिंह चौक नवादा में अस्थायी नियंत्रण कक्ष की स्थापना की गयी है, जिसमें दंडाधिकारी, पुलिस पदाधिकारी एवं सशस्त्र/लाठी बल की प्रतिनियुक्ति की गयी है। अनुमंडल स्तर पर भी नियंत्रण कक्ष की स्थापना की गयी है जिसमें पालीवार दंडाधिकारी, पुलिस पदाधिकारी एवं कर्मी की प्रतिनियुक्ति के साथ-साथ अतिरिक्त सुरक्षित दंडाधिकारी, पुलिस पदाधिकारी की प्रतिनियुक्ति की गयी है। अंचल स्तर पर अंचल अधिकारी एवं थानाध्यक्ष/ओपी अध्यक्ष के हस्ताक्षर से संबंधित अंचल स्थित थाना में थाना नियंत्रण कक्ष की स्थापना की गयी है, जिसमें पालीवार दंडाधिकारी, पुलिस पदाधिकारी एवं कर्मी की प्रतिनियुक्ति की गयी है। पूजा स्थलों पर प्रतिनियुक्त दंडाधिकारी एवं पुलिस पदाधिकारी को असमाजिक तत्वों पर कड़ी निगरानी, बिजली बाधित न हो, छेड़-छाड़ पर कड़ी निगरानी, पूजा स्थल पर पुलिस कर्मी की प्रतिनियुक्ति आदि के बारे में आवश्यक निर्देश दिये गए हैं। जुलूस संबंधी अनुदेश का भी पालन करने का निर्देश दिया गया है। मूर्ति विसर्जन की प्रक्रिया में बिहार नियमावली 2021 के अन्तर्गत पालन करने का निर्देश दिया गया। पूजा समिति के कार्य, अनिवार्य घोषणा एवं पूजा समिति के दायित्वों के बारे में आवश्यक निर्देश दिया गया है जिसका अनुपालन करना अनिवार्य होगा। विभिन्न धर्मों को आहत पहुंचाने वाला/धार्मिक उन्माद उत्पन्न करने वाला वक्तव्य/हरकत पूर्णतः प्रतिबंधित रहेगा। असामाजिक तत्वों एवं उग्रवादियों पर जिनसे किसी भी तरह की अशांति की संभावना हो, निगरानी रखने का निर्देश दिया गया है। असामाजिक तत्वों एवं उग्रवादियों के विरूद्ध सुसंगत धारा के अन्तर्गत कार्रवाई करने का निर्देश दिया गया। यातायात व्यवस्था पर नियंत्रण रखने के लिए यातायात प्रभारी अनुमंडल पदाधिकारी नवादा सदर एवं अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी नवादा सदर से समन्वय स्थापित कर यातायात व्यवस्था को सुचारू रखने हेतु आवश्यक कार्रवाई करना सुनिश्चित करेंगे। बाईकर्स पर नियंत्रण संबंधी निर्देश् एवं अफवाह फैलाने वालों के विरूद्ध आवश्यक कार्रवाई करने का निर्देश दिया गया। अवैध शराब की बिक्री पर रोक लगाने के लिए मद्य निषेध संबंधी जिला नियंत्रण कक्ष की स्थापना की गई है, जिसका दूरभाष नम्बर-8544424181 है। साथ ही दलों के द्वारा छापेमारी की जायेगी। किसी प्रकार की अप्रिय घटना से निपटने के लिए विडियोग्राफी/वाहन सहित ध्वनि विस्तारक यंत्र की व्यवस्था की गई है। सभी पूजा स्थलों एवं भीड़-भाड़ वाले क्षेत्रों में पेय जल की व्यवस्था, ड्रोन/वाच टावर की व्यवस्था की गई है। आपात स्थिति से निपटने के लिए अग्निशाम दस्ता जिसका दूरभाष नं0-06324-212586 एवं मो0-9661549866/8809457732 है, बज्रवाहन/वाटर कैनन की प्रतिनियुक्ति, साफ-सफाई एवं पेयजल की व्यवस्था, विद्युत व्यवस्था, विडियोग्राफी, सीसीटीवी कैमरा, रोशनी की व्यवस्था आदि की गई है। नवादा सदर अस्पताल स्थित नियंत्रण कक्ष जिसका दूरभाष संख्या-06324-217472/217579 है एवं रजौली अनुमंडली अस्पताल जिसका नियंत्रण कक्ष-7903777730 है। अनुमंडल पदाधिकारी नवादा सदर/रजौली द्वारा अपने-अपने क्षेत्र में भीड़ प्रबंधन/पूजा स्थल/सड़क पर घातक हथियार, अस्त्र-शस्त्र, फयर आर्म्स अखाड़ा में लेकर नहीं चलने के संबंध में निषेधाज्ञा जारी किया गया है। अनुमंडल पदाधिकारी नवादा सदर/रजौली को संबंधित क्षेत्रों में असमाजिक तत्वों पर सुसंगत धारा के तहत कार्रवाई करने का निर्देश दिया गया है।

जिला सूचना एवं विज्ञान पदाधिकारी, नवादा, आईटी मैनेजर, एवं जिला सूचना एवं जन सम्पर्क पदाधिकारी नवादा द्वारा दुर्गा पूजा के अवसर पर साम्प्रदायिक सौहार्द एवं विधि-व्यवस्था बनाये रखने हेतु सोशल मीडिया पर कड़ी नजर रखी जायेगी। असमाजिक तत्वो द्वारा सोशल मीडिया यथा-फेसबुक, व्हाट्सएप, ट्वीटर एवं अन्य सोशल मीडिया प्लेटफार्म के माध्यम से एक दूसरे के धार्मिक भावनाओं को आहत करने वाले संवाद, अफवाहों एवं भ्रामक सूचनाओं पर कड़ी नजर रखेंगे। आयोजकों को सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित करने हेतु आयोजक/समिति को अलग से अनुमति प्राप्त करनी होगी। झांकी, थियेटर इत्यादि का आयोजन पूर्णतः वर्जित रहेगा। चन्द्रशेखर आजाद अपर समाहर्त्ता-सह-अपर जिला दण्डाधिकारी, नवादा एवं श्री इमरान परवेज, पुलिस उपाधीक्षक (मु0), नवादा जिले के विधि-व्यवस्था के सम्पूर्ण वरीय प्रभारमें रहेंगे।

मॉडर्न शैक्षणिक समूह में प्रसिद्ध लोक नृत्य छऊ की दी गयी प्रस्तुति

नवादा (नि.सं.)। मॉडर्न शैक्षिणक समूह नवादा के द्वारा संचालित मॉडर्न इंगलिश स्कूल नवादा के बहुउद्देशीय सभागार में मंगलवार को नवरात्रि के पावन अवसर पर पश्चिम बंगाल के पुरुलिया जिले का प्रसिद्ध लोक नृत्य छऊ की प्रस्तुति दी गई। आईआईटी दिल्ली के प्रोफेसर डॉ किरण सेठ के द्वारा संचालित स्पिक मैके संस्था के द्वारा इस कार्यक्रम की प्रस्तुति की गई। यह संस्था भारतीय सभ्यता संस्कृति की मूल नृत्य ,संगीत विद्या से आज की नई पीढ़ी को जगाने और दिखाने का कार्य कर रही है। कार्यक्रम की विधिवत शुरुआत सभी कलाकारों को पुष्प गुच्छ एवं शाल देकर मॉडर्न शैक्षिणक समूह के निदेशक डॉ अनुज सिंह एवं विद्यालय के प्राचार्य गोपाल चरण दास के द्वारा किया गया। पुनः पुरुलिया से आए हुए कलाकारों ने टीम का नेतृत्व कर रहे तमल कांति रजक के नेतृत्व में लगभग 15 कलाकारों के दल ने प्रसिद्ध लोक नृत्य छऊ के द्वारा मां दुर्गा एवं राक्षस राज महिषासुर के बीच हुई लड़ाई को संक्षिप्त रूप से कल के माध्यम से दिखाया गया। कलाकारों के द्वारा महिषासुरवध के साथ रक्तबीज वध को भी जीवंत प्रदर्शन किया गया। कलाकारों ने सबसे पहले मां दुर्गा के नौ रूप को दिखाकर वंदना के साथ कार्यक्रम आरंभ हुआ। फिर असत्य के प्रतीक रूप में महिषासुर राक्षस एवं माता रानी के बीच हुए संवाद को भी रोमांचित ढंग से बच्चों के बीच प्रस्तुति की गई। शेर की दहाड़ सुनकर बच्चों के बीच भय का माहौल कुछ देर के लिए हो गया। लगभग दो घंटे तक कलाकारों के दल ने अपनी प्रस्तुति दिया और अंत में मां दुर्गा ने महिषासुर राक्षस को मारकर धर्म की विजय कराई। इस अवसर पर मॉडर्न शैक्षिणक समूह के निदेशक डॉ अनुज ने कहा कि इस तरह के सांस्कृतिक कार्यक्रम के आयोजन से बच्चों को विलुप्त हो रहे संस्कृति से पुनः जोड़ने का अवसर प्राप्त होता है।

देवी महारानी के पूजन के लिए नवरात्रि में उमड़ती है श्रद्धालुओं की भीड़

निज संवाददाता | नरहट (नवादा)

खनवां गांव स्थित आदि शक्ति मां महारानी बड़ी जस वाली हैं। पूजा अर्चना करने वाले सभी भक्तों की मन की मुरादें पूरी करती है। माँ महारानी की महिला अपरम्पार है। जो भी भक्त सच्चे हृदय से मां के दरबार में मत्था टेकते हैं, उन्हें मनोवांछित फल की प्राप्ति होती है। शरदीय नवरात्रि में दुर्गापूजा के अवसर पर यहां श्रद्धालुओं की काफी भीड़ उमड़ती है। महिलाएं, पुत्र, धन, वैभव एवं यश की प्राप्ति के लिए माता की आराधना करती है। मनोकामना पूर्ण होने पर नारियल फोड़ने, चुंदरी चढ़ाने और मां का गोद भरने की परंपरा है। महारानी का मंदिर काफी प्रसिद्ध होने के कारण यहां दूसरे राज्यों के श्रद्धालु पूजा अर्चना के लिए आते हैं। दशहरा को लेकर मंदिर का विशेष साज सज्जा किया गया है। दुर्गापूजा को लेकर ग्रामीणों में काफी उत्साह है। क्या है इतिहास खनवां स्थित आदि शक्ति मां महारानी का इतिहास काफी पुराना है। जानकार बताते हैं कि वर्षो पूर्व खनवां गांव घना जंगल था। उस समय वनियात जाति के लोग मां महारानी की पूजा किया करते थे। यहां बलि देने की भी प्रथा है। भक्त मन्नते पूरी होने पर अष्टमी एवं नवमी के दिन कोइच्छा भरने एवं नारियल चुंदरी चढ़ा कर मां महारानी की पूजा करते हैं। प्राचीन काल के बने आदि शक्ति मां महारानी मंदिर का जीर्णोद्धार कर उस जगह पर विशाल आकर्षक भव्य नया मंदिर बनाया गया है। बताया जाता है कि इस नए मंदिर का निर्माण में करीब तीन करोड़ रुपये खर्च हुए हैं। प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर श्री लक्ष्मी नारायण महा यज्ञ का भी आयोजन किया गया था। मंदिर काफी सुंदर आकर्षक बनाया गया है। राजस्थान के कुशल कारीगरों द्वारा सुंदर नक्कासी की गई है।

हरियाणा और जम्मू-कश्मीर में भाजपा के विजय पर कार्यकर्ताओं में खुशी

निज संवाददाता | रजौली (नवादा)

हरियाणा और जम्मू-कश्मीर दो राज्यों में हुए विधानसभा चुनाव के परिणाम में भाजपा की प्रचंड, शानदार और जीत की हैट्रिक और जम्मू-कश्मीर में शानदार प्रदर्शन ने भाजपा कार्यकर्ताओं में खुशी एवं जोश की लहर पैदा कर दी है। हरियाणा में कांग्रेस को हराकर पुनः भाजपा की लगातार तीसरी बार सरकार बनवाने के लिए वहां के जनता को, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी एवं भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा जी को हृदय तल से बधाई, आभार एवं धन्यवाद। रजौली भाजपा के पूर्व मंडल अध्यक्ष रंजीत कुमार सिंह एवं भाजपा नेता रंजय कुमार सिंह ने कहा कि यह जीत बीजेपी पर जनता का प्यार और भरोसा का जीत है। साथ ही कहा कि यह जनता-जनार्दन की जीत है, यह जीत भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के हरियाणा की जनता के लिए विजन, विकास, विश्वसनीयता, जन सेवा का संकल्प, हरियाणा का कायाकल्प, अंतोदय, गरीब कल्याण के प्रति सदैव समर्पित, जन कल्याण योजना एवं सेवा और सुशासन की सोच वाली सरकार के लिए जनता का आशीर्वाद भाजपा को मिला है। इस शानदार जीत से स्पष्ट है कि नरेंद्र मोदी जी और भाजपा सरकार के ऊपर हरियाणा के युवा, महिला, गरीब और किसान का असीम श्रद्धा और अकाट्य विश्वास है। इस जीत ने यह साबित कर दिया है कि हरियाणा में केवल एक गारंटी पर जनता को भरोसा है और वह है 'मोदी की गारंटी।

सोखोदेवरा जेपी आश्रम में लोकनायक की 46वीं पुण्यतिथि मनाई गई

निज संवाददाता | कौआकोल (नवादा)

प्रखण्ड के जेपी आश्रम सोखोदेवरा में मंगलवार को ग्राम निर्माण मण्डल के संस्थापक व संरक्षक भारत रत्न लोकनायक जयप्रकाश नारायण की 46 वीं पुण्यतिथि मनाई गई। पुण्यतिथि कार्यक्रम में ग्राम निर्माण मण्डल एवं कृषि विज्ञान केंद्र सोखोदेवरा,नवादा के कर्मियों ने लोकनायक की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दिया। कार्यक्रम की शुरुआत सर्व धर्म प्रार्थना सभा आयोजित कर की गई। वहीं पुण्यतिथि को लेकर आश्रम परिसर एवं जेपी निवास की सामूहिक साफ सफाई भी किया गया। इस अवसर पर लोगों को सम्बोधित करते हुए ग्राम निर्माण मण्डल के प्रधानमंत्री अरविंद कुमार ने कहा कि लोकनायक जयप्रकाश नारायण समतामूलक समाज के निर्माता थे। उनके पदचिन्हों पर चलना ही उनके प्रति सच्ची श्रद्धांजलि होगी। कृषि विज्ञान केंद्र के वरीय वैज्ञानिक डॉ० जयवंत कुमार सिंह ने कहा कि लोकनायक जयप्रकाश नारायण समर्पित जननायक और मानवतावादी चिंतक के साथ ही अत्यंत शालीन और मर्यादित जीवन जीने वाले व्यक्ति थे। मौके पर कृषि विज्ञान केंद्र के रविकांत चौबे, रौशन कुमार, पिंटु पासवान, ग्राम निर्माण मण्डल के डॉ० भारत भूषण शर्मा, धीरेंद्र कुमार मन्नू दर्जनों लोग मौजूद थे।

देवी स्कंदमाता की पूजा कर मनोकामना पूर्ति की प्रार्थना

नवादा (नि.सं.)। शारदीय नवरात्रि के पांचवें दिन शिव व शक्ति के मिलन की प्रतिरूप देवी स्कंदमाता की पूजा-अर्चना की गई। माता भक्तों ने परमपरावादी पूजाविधि, पूजा का मंत्र, भोग, आरती आदि का अनुष्ठान पूर्ण कर स्कंदमाता की आराधना की। स्कंदमाता को समर्पित रूप, प्रेम और स्नेह का प्रतीक दिवस नवरात्रि की पंचमी तिथि पर माता भक्तों ने आपसी प्रेम सद्भाव के साथ ही रूप और यश की मनोकामना पूर्ति की प्रार्थना की। ऐसी मान्यता है कि प्रेम और ममता की मूर्ति स्कंदमाता की पूजा करने से संतान प्राप्ति की मनोकामना पूर्ण होती है और मां अपने भक्तों के बच्चों को दीर्घायु प्रदान करती हैं। इस मान्यता के कारण माता भक्तों ने अपनी संतान की दीर्घायु समेत सुख समृद्धि की उत्कट कामना की। जहां घरों में माता भक्त पूजन में तल्लीन हैं, वहीं विभिन्न पूजा पंडालों में भी दैनिक अनुष्ठान जारी हैं।

लोकनीति के तहत राजनीति करने को संकल्पित हैं निशिकांत

मिथिलेश कुमार | पटना

लोकनीति के तहत राजनीति करने का संकल्प ही निशिकांत सिन्हा का संकल्प है। निशिकांत सिन्हा बिहार में परिचय के मोहताज नहीं हैं। शोशल मिडिया के साथ साथ राष्ट्रीय अख़बारों एवं इलेक्ट्रोनिक मिडिया में समाज सेवा को लेकर चर्चित रहते हैं। हाल के दिनों में पटना एवं खगड़िया में भी जनसभा से नई पारी की शुरुआत करने की घोषणा भी कर चुके हैं। उन्होंने कहा की समाज का आर्थिक और शैक्षणिक विकास में राजनीति का बड़ा योगदान है। समाज के अंतिम पायदान पर खडे लोगों को न्याय के साथ विकास एवं संवैधानिक रूप से उनके अधिकारों को दिलाने एवं मुख्य धारा से जोड़ने में राजनीति का सबसे बड़ा महत्व है। मेरा मानना है की जब तक आप राजनीति में शीर्ष पर नहीं है तब तक आप समाज का सर्वांगीण विकास और उसके हित के लिये कोई ठोस नीति नहीं बना सकते है। जब आप राजनैतिक रूप से मजबूत होंगे तब ही आप समाज का चहुमूँखी विकास आप कर सकते हैं।बीते पांच बर्षों में निशिकांत सिन्हा के द्वारा किया गया सामाजिक कार्य विशेष लोकनीति की श्रेणी में है जिसकी ख़ास आवश्यकता समाज को है। अब समाज का कर्तव्य ही नहीं बल्कि फर्ज है की ऐसे लोगों को राजनीति में प्रवेश दिलाने के लिये पूरी प्रतिवद्द्ता के साथ कदम से कदम मिलाकर चलने का संकल्प भी ले। और यह समय की मांग भी है। लोकनीति और राजनीति, दोनों ही समाज को संचालित करने और जनहित के मुद्दों को सुलझाने की महत्वपूर्ण प्रक्रियाएँ हैं। हालांकि, इन दोनों में स्पष्ट अंतर है। जहां राजनीति सत्ता और शासन से जुड़ी होती है, वहीं लोकनीति का उद्देश्य समाज के लिए बेहतर नीति-निर्धारण और समग्र विकास होता है। दोनों के बीच अंतर को समझना, लोकतांत्रिक व्यवस्था को बेहतर ढंग से चलाने और आम जनता की भलाई सुनिश्चित करने के लिए महत्वपूर्ण है। राजनीतिः राजनीति शब्द को आमतौर पर सत्ता से जोड़कर देखा जाता है। इसका मुख्य उद्देश्य शासन व्यवस्था में प्रवेश करना, पद प्राप्त करना और उसे बनाए रखना होता है। राजनीति का आधार सत्ता प्राप्ति और उसका संरक्षण होता है, चाहे वह लोकतंत्र हो, तानाशाही हो या किसी अन्य प्रकार की शासन प्रणाली। राजनीतिक दल, चुनावी प्रक्रिया के माध्यम से सत्ता में आते हैं और अपने एजेंडा के आधार पर शासन करते हैं। वर्तमान समय में, राजनीति अक्सर सत्ता संघर्ष और व्यक्तिगत या दलगत स्वार्थों के इर्द-गिर्द घूमती दिखाई देती है। कई बार, इसका मूल उद्देश्य जनसेवा और समाज की भलाई से हटकर सत्ता के लिए संघर्ष और लाभ अर्जित करना बन जाता है। चुनावी राजनीति में धनबल, बाहुबल और वोट बैंक की राजनीति हावी हो जाती है। सत्ता में बने रहने के लिए राजनीतिक दलों द्वारा विभाजनकारी नीतियों और जनहित को नज़रअंदाज़ करने की घटनाएँ भी देखी जा सकती हैं। लोकनीतिः लोकनीति का शाब्दिक अर्थ है "जननीति" यानी जनता के हित में नीति निर्माण। लोकनीति राजनीति से अलग इसलिए है क्योंकि इसका केंद्रबिंदु सत्ता नहीं, बल्कि समाज की सेवा और भलाई है। इसमें नीतियों का निर्माण इस उद्देश्य से होता है कि समाज के सभी वर्गों को समान अवसर मिले, समाज का विकास हो और जनकल्याण की दिशा में ठोस कदम उठाए जाएं। लोकनीति का आधार नैतिकता, पारदर्शिता, और समावेशी दृष्टिकोण पर टिका होता है। इसमें नीतियां जनता की भलाई और सामाजिक न्याय पर आधारित होती हैं, न कि किसी दल या व्यक्ति के स्वार्थ पर। लोकनीति समाज के कमजोर वर्गों के उत्थान पर विशेष ध्यान देती है, और यह सुनिश्चित करती है कि सरकारी नीतियां केवल कुछ चुनिंदा लोगों के फायदे के लिए नहीं बनाई जाएं, बल्कि पूरे समाज के कल्याण के लिए हों।महात्मा गांधी, जिन्होंने स्वराज और ग्राम स्वराज की अवधारणा प्रस्तुत की थी, लोकनीति के सच्चे प्रतिनिधि थे। उनका विचार था कि सत्ता का विकेंद्रीकरण होना चाहिए और नीतियों का निर्माण स्थानीय स्तर पर जनता की जरूरतों और आकांक्षाओं को ध्यान में रखकर किया जाना चाहिए। अब है की वर्तमान परिवेश में राजनीति और लोकनीति के बीच कैसे संतुलन बनाया जाय ताकि दोनों एक साथ सामान्य गति से सामाजिक अवधारणाओं को पूरा कर सके। लोकनीति और राजनीति के बीच संतुलन की आवश्यकता है, क्योंकि किसी भी लोकतांत्रिक समाज में राजनीति के बिना शासन संभव नहीं है। लेकिन अगर राजनीति केवल सत्ता संघर्ष तक सीमित हो जाए और लोकनीति की उपेक्षा हो, तो इसका समाज पर नकारात्मक प्रभाव पड़ता है। जनता का विश्वास शासन और सरकार से उठने लगता है और व्यवस्था में भ्रष्टाचार, असमानता और अन्याय बढ़ने लगते हैं।

दो महिला और दो पुरुष शराब धंधेबाज को पुलिस ने किया गिरफ्तार, भेजे गए जेल

निज संवाददाता | रजौली (नवादा)

थाना क्षेत्र के फरका बुजुर्ग पंचायत के मोहकामा गांव से एसआई दशरथ चौधरी व पीएसआई रौशन कुमार ने दो बाइकों पर लदे 200 लीटर शराब के साथ दो मोटरसाइकिल को जब्त किया था। वहीं नगर पंचायत के कलाली गली से एसआई पिंकी कुमारी ने कुल 15 लीटर शराब के साथ दो महिला शराब धंधेबाजों को गिरफ्तार की। थानाध्यक्ष सह इंस्पेक्टर राजेश कुमार ने बताया कि बीते दिन चोरी नौ मोटरसाइकिल को जब्त कर लौटने के क्रम में दो मोटरसाइकिल पर 100-100 लीटर शराब लदे दो लोगों परमेश्वर बिगहा गांव निवासी वासुदेव राजवंशी के पुत्र नीतीश कुमार एवं राजेन्द्र राजवंशी के पुत्र सुधीर को गिरफ्तार किया गया था। वहीं गुप्त सूचना के आलोक में एसआई पिंकी कुमारी ने शराब बेचने वाली दो महिलाओं को 15 लीटर शराब के साथ गिरफ्तार की। गिरफ्तार महिलाओं की पहचान कलाली गली निवासी स्व दिलीप चौधरी की पत्नी रीता देवी एवं राजकुमार चौधरी की पत्नी शोभा देवी के रूप में हुई है। थानाध्यक्ष ने बताया कि गिरफ्तार शराब धंधेबाजों को मंगलवार को न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया है।

सिंचाई प्रमंडल, दाउदनगर (औरंगाबाद)
E-mail ID- irrigationdivision.daudnagar@gmail.com
बिहार सरकार

निविदा रद्द संबंधी सूचना

इस कार्यालय के पत्रांक 1467 दिनांक 10.09.2024 द्वारा निर्गत निविदा आमंत्रण सूचना संख्या–01/2024–25 जिसका PRNO-008149 (WRD) 2024-25 एवं पत्रांक 1565 दिनांक 28.09.2024 द्वारा अवधि विस्तार हेतु निर्गत शुद्धि–पत्र को जिला पदाधिकारी औरंगाबाद के पत्रांक SSA/civil/2794 दिनांक 01.10.2024 के क्रम में उक्त निविदा (निविदा आमंत्रण सूचना संख्या–01/2024–25) को रद्द किया जाता है।

(ई० सुरेश कुमार)
कार्यपालक अभियंता
सिंचाई प्रमण्डल, दाउदनगर।

PR- 010037 (W R D) 2024-25
नशे की मार, बर्बाद करे सुखी परिवार।

पूर्व मध्य रेल
खुली ई-निविदा सूचना

खुली ई–निविदा सूचना सं.– टीआरडी–ओ.टी.–07–एटी–कवच–24–25
नीचे दिये कार्य के लिए प्रमाणित अनुभवी वैद्युतिक लाईसेंस रखने वाले और वैध दस्तावेज द्वारा समर्थित सुदृढ़ वित्तीय क्षमता रखने वाले ख्यातिलब्ध ठेकेदारों से ई–निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं : क्र.सं. : 1, कार्य का नाम और स्थान : डीडीयू डिविजन में डीडीयू से एमपीओ के बीच कवच कार्य के सम्बन्ध में कवच टॉवर उपकरण के संचालन के लिए 10 केवीए एटी आपूर्ति का प्रावधान।, क्र.सं. : 2, अनुमानित रकम : ₹ 99,48,263.34, क्र.सं. : 3, बयाना राशि : ₹ 199000.00, क्र.सं. : 4, निविदा जमा करने की अंतिम तिथि व समय : दिनांक 28.10.2024 को 15:00 बजे तक।, क्र.सं. : 5, वेबसाईट का विवरण जहाँ ई–निविदा की पूर्ण जानकारी उपलब्ध है : www.ireps.gov.in
वरीय मंडल बिजली इंजीनियर/क.वि., पूर्व मध्य रेल, डीडीयू
पीआर/01270/डीडीयू/ईजीईएन/टी/24–25/28

संक्षिप्त समाचार

वेतन कटौती के खिलाफ बंदोबस्त कार्यालय पर अमीनों व कानूनगो ने किया विरोध प्रदर्शन

आरा। जिले में भूमि सर्वे कार्य में लगे अमीनों और कानूनगो ने वेतन भुगतान में कटौती होने पर सोमवार को रमना मैदान के समीप बंदोबस्त कार्यालय पहुंच कर प्रदर्शन किया। इस दौरान अफरा-तफरी मची रही। सौरभ कुमार, राहुल कुमार, ज्योति कुमारी, दीपक कुमार मांझी, प्रिया कुमारी कविरंजन और अन्य अमीन व कानूनगो ने बताया कि बिहार के सभी जिलों में वेतन भुगतान हो गया है। लेकिन भोजपुर जिला में अभी तक वेतन नहीं मिला है। इसके अलावा वेतन में कटौती कर पूरे माह का वेतन नहीं दिया जा रहा है। विभाग में कहा जा रहा की जितने दिन की हाजिरी बनाया गया इतने दिन का ही वेतन मिलेगा। इसमें भी अमीनों का दोष नहीं है। अमीनों को ऑनलाइन हाजिरी बनाना पड़ता है। लेकिन बाढ़ और अन्य कारणों से इस समय कई दूरसंचार कंपनियों का नेटवर्क और विभाग का सर्वर स्लो चल रहा है। इस कारण कुछ दिन अटेंडेंस अनमार्क हो गया है। इससे अंचल कार्यालयों के सर्वे शिविर प्रभारी (एएसओ) द्वारा ऑफलाइन हाजिरी ली गयी है। लेकिन अनमार्क ऑनलाइन हाजिरी के आधार पर वेतन की कटौती कर भुगतान करने की बात सामने आ रही है। तीन माह से जिले में सर्वे कार्य में सभी लगे हुए हैं। लेकिन वेतन भुगतान में कटौती कर दी गई है। जिला बंदोबस्त पदाधिकारी कुमार विनोद ने बताया कि किसी तरह का कोई विवाद नहीं है। सभी अमीन की आईडी बन रही है। इसके बाद भुगतान कर दिया जाएगा। सभी अंचल के सर्वे शिविर प्रभारी को निर्देश दिया गया है कि सर्वर स्लो रहने के कारण ऑफलाइन हाजिरी का कागज भेजें। वेतन भुगतान दो दिनों में किया जा सकेगा।

अच्छाई की बुराई पर जीत का प्रतीक है दशहरा : डॉ. डीके सिंह

आरा। वर्मा फाउंडेशन ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस, पटना के चेयरमैन डॉ. डीके सिंह ने समस्त शिक्षण स्टाफ, प्राचार्यों और संस्थानों के निदेशकों को दशहरा की हार्दिक शुभकामनाएं दी हैं। उन्होंने अपने संदेश में कहा कि यह पर्व अच्छाई की बुराई पर जीत का प्रतीक है दशहरा और यह हमें सिखाता है कि हम अपने जीवन में भी नैतिकता और सत्य के मार्ग पर चलें। डॉ. डीके सिंह ने विशेष रूप से मोना स्कूल ऑफ़ नर्सिंग, पटना और वर्मा कॉलेज ऑफ़ नर्सिंग एंड पैरामेडिकल साइंसेज, आरा के समस्त कर्मचारियों और शिक्षकों को उनके समर्पण के लिए धन्यवाद दिया और उन्हें भविष्य में भी इसी प्रकार से छात्रों की बेहतरी के लिए कार्य करने की प्रेरणा दी। उन्होंने कहा कि संस्थान अपने छात्रों को सर्वश्रेष्ठ शिक्षा और व्यावसायिक प्रशिक्षण देने के लिए प्रतिबद्ध है, जिससे वे समाज में अपनी विशेष पहचान बना सकें। वर्मा फाउंडेशन ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस के अंतर्गत नर्सिंग, फार्मेसी और पैरामेडिकल के क्षेत्र में बेहतरीन कोर्सेज उपलब्ध हैं। छात्रों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और व्यावहारिक प्रशिक्षण प्रदान किया जा रहा है, ताकि वे अपने करियर में नई ऊंचाइयों तक पहुंच सकें।

डीएम ने मिला राजद का शिष्टमंडल

आरा। राजद के प्रदेश महासचिव मनोज सिंह के नेतृत्व में सोमवार को राजद का शिष्टमंडल जिला पदाधिकारी से मिला। मुलाकात के दौरान पूरे बड़हरा विधानसभा में बाढ़ प्रभावित सूची में कटे नाम जोड़ने और प्रभावित सूची में नया नाम जोड़ने की मांग की गयी। मनोज सिंह ने बताया की पूरे इलाका में बहुत जगह बाढ़ के चलते रास्ता प्रभावित है और खराब हो गया है। शिष्टमंडल में अतिपिछड़ा प्रकोष्ठ के अध्यक्ष विनोद चन्द्रवंशी, सीपी चक्रवर्ती, प्रिन्स ठाकुर, अनिल यादव, आकाश पासवान व लक्ष्मण सिंह शामिल रहे।

सांप के डसने से बच्चे की मौत, कबाड़ का सामान चुनने गया था, अस्पताल पहुंचने के बाद तोड़ा दम

आरा। भोजपुर जिले के कोईलवर थाना क्षेत्र के सकड्डी गांव स्थित बगीचे में सोमवार को विषैले सांप के डसने से कबाड़ी चुनने गए बालक की मौत हो गई। इलाज के लिए आरा सदर अस्पताल ले जाया जा रहा था। इसी दौरान उसने रास्ते में ही दम तोड़ दिया। घटना को लेकर लोगों के बीच काफी देर तक अफरा-तफरी मची रही। मृत बालक कोईलवर थाना क्षेत्र के सकड्डी गांव वार्ड नंबर-3 निवासी शिव मोहन का 8 वर्षीय पुत्र सन्नी कुमार है। मृत बालक के पिता शिव मोहन मुसहर ने बताया कि वह सोमवार की शाम सकड्डी गांव स्थित बगीचे में कबाड़ी चुनने के लिए गया था। जहां उसे विषैले सांप ने डस लिया। इलाज के लिए आरा सदर अस्पताल लाया गया। जहां चिकित्सक ने देख उसे मृत घोषित कर दिया। परिजन अपनी स्वेच्छा से शव का बिना पोस्टमॉर्टम कराए ही वापस गांव ले गए । बताया जाता है कि मृत बालक अपने दो भाई व तीन बहन में चौथे स्थान पर था। उसके परिवार में मां लालमति देवी औऱ तीन बहन सरिता, मिन्ता, सुशील और एक भाई किशन है। घटना के बाद मां लालमति देवी और परिवार के सभी सदस्यों का रो-रोकर बुरा हाल है।

जिले के 192 स्थलों पर पुलिस बल रहेंगे तैनात

बक्सर। दशहरा पर्व के अवसर पर जिले में शांति और सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए प्रशासन द्वारा व्यापक तैयारियां की गई हैं। सोमवार को जिला निबंधन सह परामर्श केंद्र में डीएम अंशुल अग्रवाल और पुलिस अधीक्षक शुभम आर्य ने जिले के सभी दंडाधिकारी और पुलिस अधिकारियों के साथ बैठक कर तैयारियों की समीक्षा की। जिले में 192 स्थलों पर स्टैटिक दंडाधिकारियों और पुलिस अधिकारियों की तैनाती की गई है, जबकि 33 स्थलों पर गश्ती दल लगाए गए हैं। बक्सर और डुमरांव अनुमंडल में 1-1 जोनल दंडाधिकारी तैनात किए गए हैं। इसके अलावा, क्विक रिस्पांस टीम (QRT) का गठन भी किया गया है, जिसमें बक्सर में 5 और डुमरांव में 3 टीमें बनाई गई हैं। प्रशासन ने 17 स्थलों पर अस्थायी बैरियर और पार्किंग की व्यवस्था की है ताकि दर्शनार्थियों को किसी प्रकार की असुविधा न हो। इसके साथ ही, जिला और अनुमंडल स्तर पर नियंत्रण कक्ष स्थापित किया गया है, जो समाहरणालय परिसर के जिला आपदा शाखा में कार्यरत रहेगा। बनाए गए 17 ड्राप गेट, बड़े वाहनों का प्रवेश निषिद्ध डीएम ने सभी दंडाधिकारियों को निर्देशित किया कि वे पूजा समितियों के साथ समन्वय बनाकर भीड़ नियंत्रण और पार्किंग व्यवस्था सुनिश्चित करें। साथ ही, पूजा समितियों से उनके वॉलंटियर्स की जानकारी भी एकत्रित करने का निर्देश दिया गया है। बड़े वाहनों को पर्व के दौरान शहर में प्रवेश की अनुमति नहीं होगी। इसके लिए 17 स्थलों पर ड्रॉप गेट बनाए गए हैं। पुलिस अधीक्षक ने सभी थानाध्यक्षों को जुलूसों के दौरान डीजे पर पूर्ण प्रतिबंध लगाने के निर्देश दिए हैं और विसर्जन जुलूस के लिए पुलिस स्कॉट की व्यवस्था सुनिश्चित करने को कहा है।

बक्सर में दो बाइक की टक्कर में एक युवक घायल

हेलमेट नहीं पहनने की वजह से सिर में गंभीर चोट, मुख्य पार्षद प्रतिनिधि ने पहुंचाया अस्पताल

निज संवाददाता। बक्सर

बक्सर में कोचस स्टेट हाइवे के चौसा हीरो एजेंसी के पास दो बाइक के आमने सामने टक्कर में एक बाइक सवार युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल युवक सड़क पर छटपटा रहा था। जिसे नगर पंचायत मुख्य पार्षद प्रतिनिधि डॉ मनोज यादव ने उठाकर अस्पताल पहुंचाया। युवक की हालत गंभीर बताया जा रहा है। हालांकि स्थानीय लोगों ने एम्बुलेंस के लिए इसकी सूचना 102 पर दी थी लेकिन एम्बुलेंस कर्मियों के हड़ताल की वजह से समय पर नहीं पहुंच सकी। युवक के कान और नाक से ज्यादा ब्लीडिंग होने की वजह से ब्रेन हेमरेज की आशंका पर उसे रेफर कर दिया गया।

हेलमेट नहीं होने की वजह से आई गंभीर चोटः सूचना मिलने पर मुफस्सिल थाना पुलिस और डायल 112 की पुलिस भी चौसा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंची। पुलिस द्वारा काफी प्रयास के बाद युवक की पहचान यूपी गाजीपुर जिला स्थित देवैथा गांव के निवासी गफ़ार अंसारी का 30 वर्षीय बेटा औरंगजेब के रूप में हुई। मामले को लेकर बताया गया कि वो निजी काम से बिहार के बक्सर आया हुआ था। शाम को अपने गांव वापस लौट रहा था। इसी दौरान इसकी बाइक सामने से आ रही एक तेज रफ्तार बाइक से जा टकरा गई। हालांकि सामने वाला बाइक सवार हेलमेट पहने हुआ था। इसलिए उसकी हालत ठीक है लेकिन औरंगजेब बाइक चलाते समय हेलमेट नहीं पहना था। जिसकी वजह से इसके सिर में गंभीर चोट है। इस संबंध में जानकारी देते हुए मुफस्सिल थाना अध्यक्ष अरविंद कुमार ने बताया की एक्सीडेंट की जानकारी मिलने पर गस्ती टीम को भेजा गया है। युवक की पहचान होने पर उसके परिजनों को घटना के बारे में जानकारी दिया गया है।

अवैध हथियार के साथ अपराधी गिरफ्तार

निज संवाददाता। आरा

भोजपुर जिले के उदवंतनगर थाना क्षेत्र के दर्शन छपरा गांव में पुलिस ने छापेमारी कर तीन अवैध हथियार के साथ एक बदमाश को गिरफ्तार कर लिया। साथ ही चोरी का एक ट्रैक्टर भी जब्त कर लिया गया। इसकी जानकारी एसपी राज ने दी है। उन्होंने बताया कि पकड़ा गया सरोज यादव दर्शन छपरा गांव का निवासी है। दो देसी पिस्तौल, एक पिस्टल, एक मैग्जीन व सात कारतूस और एक पिस्टल का कवर जब्त किया गया है। चोरी का एक ट्रैक्टर भी बरामद किया गया है। 28 लीटर शराब भी मिला है। आर्म्स एक्ट एवं उत्पाद अधिनियम के तहत प्राथमिकी की गई है। पकड़े गए बदमाश का पूर्व से लंबा आपराधिक इतिहास भी रहा है। अवैध शराब के धंधे से भी जुड़ा रहा है।

चार बार जेल जा चुका है अपराधीः उन्होंने बताया कि पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि दर्शन छपरा गांव का सरोज यादव अपने घर में अवैध हथियार, शराब व ट्रैक्टर छिपाकर रखा है। इसके बाद सदर एएसपी परिचय कुमार, थानाध्यक्ष राम कल्याण यादव और प्रशिक्षु दारोगा अमर सिंह के नेतृत्व में टीम गठित कर छापेमारी की गई। छापेमारी के दौरान टीम ने सरोज यादव के घर में सर्च ऑपरेशन चलाया। तलाशी के दौरान बक्सा में छिपाकर रखा गया दो देसी पिस्तौल, एक पिस्टल, एक मैग्जीन और 7 कारतूस बरामद किया गया। 28 लीटर देसी शराब भी मिली। चोरी का ट्रैक्टर भी जब्त कर लिया गया। एसपी ने बताया कि पकड़ा गया सरोज यादव पूर्व में वाहन चोरी व शराब के केस में करीब चार बार जेल जा चुका है। उसके विरुद्ध उदवंतनगर थाना में पूर्व से चार केस है। जिसमें तीन केस अवैध शराब व एक चोरी से संबंधित है।

ट्रक ने बच्ची को रौंदा, मौत, दादी के साथ जलावन चुनने जा रही थी

सदर अस्पताल में इलाज के दौरान तोड़ा दम

निज संवाददाता। आरा

भोजपुर में सकड्डी-नासरीगंज मुख्य मार्ग पर चांदी थाना क्षेत्र के चांदी गांव के पास ट्रक ने एक बच्ची को रौंद दिया। बच्ची अपने दादी के साथ जलावन चुनने जा रही थी। हादसे के बाद उसे सदर अस्पताल ले जाया गया। जहां इलाज के दौरान उसने दम तोड़ दिया। मृतका मुफस्सिल थाना क्षेत्र के लक्षणपुर गांव निवासी लाल बाबू मुसहर की 8 वर्षीय पुत्री अंजोरिया कुमारी है।

पुलिस ने पहुंचाया अस्पतालः मृतका की बड़ी मां हिराझरी देवी ने बताया कि अपनी दादी के साथ जलावन चुनने के लिए गांव से चांदी गांव जा रही थी। इसी दौरान चांदी गांव के समीप विपरीत दिशा से आ रहे ट्रक ने उसे रौंद दिया। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गई। डायल-112 की पुलिस ने उसे इलाज के लिए आरा सदर अस्पताल पहुंचाया। सूचना पाकर परिजन भी आरा सदर अस्पताल पहुंचे। जहां इलाज के दौरान उसने दम तोड़ दिया। इसके बाद परिजनों ने इसकी सूचना चांदी थाना की पुलिस को दी। चांदी थाना पुलिस सदर अस्पताल पहुंची और शव का पोस्टमॉर्टम करवाया। बताया जाता है कि मृतका अपने छह भाई व दो बहन में 5वें स्थान पर थी।

ससुराल वालों पर विवाहिता की हत्या का आरोप, पिता ने सास-ससुर, ननद और अन्य को बनाया आरोपी

निज संवाददाता। आरा

भोजपुर जिले के नवादा थाना क्षेत्र के जगदेवनगर मोहल्ला में सोनी देवी नामक एक महिला की मौत हुई थी। मामले में प्राथमिकी दर्ज हुई है। मृतका के पिता उदवंतनगर के जैतपुर गांव निवासी तारकनाथ सिंह के बयान पर प्राथमिकी में मृतका के ससुर अशोक सिंह, सास माधुरी देवी, ननद ज्योती देवी और गोतनी रिचा देवी को नामजद किया गया है। सभी मूल रूप से बक्सर जिले के बगेन गोला थाना के भदवर गांव निवासी है। वर्तमान में जगदेवनगर गली नंबर पांच में रहते है। प्राथमिकी में पिता ने कहा कि सोनी की शादी साल 2012 में जगदेवनगर निवासी अशोक सिंह के बेटे चंदन से की थी। आरोप है कि शादी के बाद से ही बेट को सभी प्रताड़ित करने लगे थे। छह अक्टूबर को बेटी ने फोन कर बताया था कि मारपीट कर उसे जहर खिला दिया है। हम लोग जगदेवनगर पहुंचे और बेहोशी की हालत में पड़ी बेटी को इलाज के लिए अस्पताल लाए। हालांकि उसकी मौत हो गई। पुलिस प्राथमिकी के आधार पर मामले की जांच कर रही है। अभी तक किसी की गिरफ्तारी नहीं हो सकी है।

बेटी ने कहा अक्सर मारपीट का जाती थीः मृतका की बेटी ईशिता कुमारी ने बताया था कि उसके दादा, दादी, चाचा और बुआ मां सोनी देवी के साथ अक्सर गाली-गलौज करते थे। मारपीट भी की जाती थी। शनिवार को मां डॉक्टर को दिखाने गई थी।जिसको लेकर कल भी झगड़ा हुआ था। रविवार की दोपहर दादा, दादी, चाचा और बुआ ने उसके साथ फिर गाली-गलौज और मारपीट की।

एफआईआर कराई दर्ज

पटना रेफर किया गया थाः इसके बाद उन लोगों ने मुंह पर जहर फेंक दिया। जिससे उसकी हालत काफी गंभीर हो गई। परिजन उसे इलाज के लिए पहले आरा सदर अस्पताल ले गए। जहां से प्राथमिक उपचार के बाद उसकी हालत को चिंताजनक देखते हुए पटना रेफर कर दिया गया था, लेकिन परिजन उसे पटना ना ले जाकर उसे धरहरा स्थित निजी अस्पताल ले गए।जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई।

प्राइवेट पार्ट में हाई प्रेशर पाइप लगाया, मौत, हैदराबाद में बक्सर के युवक की हत्या

निज संवाददाता। बक्सर

बक्सर के युवक की हैदराबाद में मौत हो गई। युवक वहां फैक्ट्री में काम करता है। परिजनों का आरोप है कि उसकी हत्या की गई है। 25 सितंबर को फैक्ट्री में काम के दौरान आरोपियों ने उसके प्राइवेट पार्ट में हाई प्रेशर एयर पाइप लगा दिया। जिससे उसका पेट फट गया। फैक्ट्री के अधिकारियों ने उसे अस्पताल में भर्ती कराया। 6 अक्टूबर को इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। 7 अक्टूबर को उसका शव बक्सर लाया गया। मृतक की पहचान बड़का राजपुर निवासी संतोष रावत के बेटे मिट्ठु के रूप में हुई है।

केस दर्ज कर पुलिस जांच में जुटीः परिजनों के आवेदन पर तिलक राय हाता ओपी की पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर ली है। केस दर्ज होने बाद मामले में पुलिस जांच-पड़ताल कर रही है। पुलिस ने युवक की लाश का पोस्टमॉर्टम कराया। जिसके बाद परिजनों को सौंप दिया। पुलिस के अनुसार पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट आने के बाद ही कुछ कहा जा सकता है।

♦ इलाज के 11 दिन बाद अस्पताल में तोड़ा दम

गांव के दो युवकों कहने पर बेटा हैदराबाद गया थाः मृतक के पिता संतोष ने कहा कि मेरे बेटे की हत्या हुई है। हत्या का आरोप गांव के दो युवकों लक्ष्मण यादव और अंकित यादव पर लगाया है। कहा कि कुछ दिन पहले मेरे बेटे को लक्ष्मण और अंकित हैदराबाद ले गए। वहां निजी कंपनी में काम करने की बात कही थी। वहां दोनों के बीच किसी बात को लेकर विवाद हुआ था। 25 सितंबर को बेटे के प्राइवेट पार्ट में हाई प्रेशर पाइप लगा दिया। जिस कारण उसका पेट फट गया। आरोपियों के परिवार वाले शिकायत दर्ज करने पर गंभीर परिणाम भुगतने की धमकी दे रहे हैं। ओपी प्रभारी लाल बाबू सिंह ने कहा कि पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट आने के बाद ही आगे की कार्रवाई की जाएगी। फिलहाल, पुलिस आरोपियों की तलाश में जुटी है।

पर्यटन स्थलों का फोटो करें साझा, मिलेगा इनाम

निज संवाददाता। बक्सर

यदि आपके गांव में कोई ऐसा स्थान है जो ऐतिहासिक है व जिसकी पहचान अभी तक उजागर नहीं हो पायी है उसका फोटो-वीडियो साझा कर ईनाम पा सकते हैं। इसको लेकर बिहार सरकार के पर्यटन विभाग की ओर से "मेरा प्रखंड मेरा गौरव" प्रतियोगिता आयोजित की जा रही है। फिलहाल ऑनलाइन आवेदन किया जा रहा है। राज्य सरकार के पर्यटन विभाग का उद्देश्य है कि सुदूरवर्ती इलाकों के ऐसे ऐतिहासिक व दर्शनीय स्थल जिसकी पहचान नहीं हो सकी है उसे राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पहचान दिलाई जाए। इस योजना के तहत बिहार के प्रत्येक प्रखंड स्तर पर पर्यटकीय स्थलों को लेखन, तस्वीरों व वीडियो के माध्यम से प्रमोट किया जायेगा। प्रतियोगिता के जरिये पर्यटन स्थलों को न केवल राज्य, बल्कि राष्ट्रीय स्तर पर भी प्रचारित किया जायेगा। इससे स्थानीय पर्यटन को एक नयी दिशा मिलेगी।

अपने क्षेत्र के छिपे पर्यटकीय स्थलों के बारे में देंगे जानकारीः मेरा प्रखंड मेरा गौरव प्रतियोगिता आयोजित करने के लिए सरकार के सचिव लोकेश कुमार सिंह ने आवश्यक निर्देश जारी किया है। निर्देश में कहा गया है कि मेरा प्रखंड मेरा गौरव प्रतियोगिता का आयोजन पर्यटन विभाग की ओर से प्रखंड स्तर पर होगा। इस अभियान के तहत ग्रामीण इलाकों के स्थानीय लोग हिस्सा लेकर अपने-अपने क्षेत्र के छिपे पर्यटकीय स्थलों के बारे में जानकारी दे सकते हैं। प्रतियोगिता का आयोजन ऑनलाइन माध्यम से किया जायेगा। प्रतिभागियों को वीडियो, फोटोग्राफ व संक्षिप्त अभिलेख अपलोड करने के लिए विभाग की ओर से एक अलग से वेब पेज का निर्माण किया जा रहा है।

गोलीबारी मामले में प्राथमिकी दर्ज, दंपती नामजद

निज संवाददाता। आरा

नवादा थाना क्षेत्र के न्यू शीतल टोला मोहल्ले में रविवार शाम एक युवक को गोली मारी गई थी। मामले में प्राथमिकी दर्ज हो गई है। घायल युवक के मामा मिथलेश ठाकुर के बयान पर हुई प्राथमिकी में न्यू शीतल टोला निवासी मिठू कहार और उसकी पत्नी रूची देवी को नामजद आरोपित किया गया है, जो फरार है। घायल 18 वर्षीय करण कुमार मूल रूप से कृष्णागढ़ थाना क्षेत्र के पीपरा गांव निवासी हृदयानंद ठाकुर का पुत्र है। वर्तमान में अपने ननिहाल न्यू शीतल टोला मोहल्ला में रहता है। घायल युवक के मामा ने प्राथमिकी में कहा है कि रविवार को उनके के मकान में प्लास्टर का काम चल रहा था। इसी दौरान गली में मसाला बनाने को लेकर मिठू कहार के परिवार के लोग मिस्त्री व मजदूरों के साथ गाली-गलौज कर रहे थे। मसाला बनाने से रोक रहे थे।

काफी देर तक नोकझोंक हुईः इसको लेकर उनके बीच कुछ देर तक नोकझोंक हुई। इसके आरोपित की पत्नी रूची देवी अपने घर से हथियार लेकर आई और अपने पति को दे दी। इसके बाद आरोपित मिठू कहार ने उनके भांजे को गोली मार दी। जिससे वह गंभीर रूप से जख्मी हो गया। तीन-चार राउंड फायरिंग करने का आरोप लगाया है। घटना के बाद आरोपी परिवार समेत फरार बताया जाता है।

बक्सर में बायो गैस प्लांट बनाने वाली कंपनी पर केस, 90 दिन में पूरा करना था काम

निज संवाददाता। बक्सर

बक्सर जिले के जगदीशपुर पंचायत के कुल्हडिया गांव में बायो गैस प्लांट का निर्माण समय से पूरा नहीं करने पर एजेंसी पर एफआईआर दर्ज कराई गई है। मुफस्सिल थाना की पुलिस कार्रवाई में जुट गई है। भुगतान किए गए कुल राशि 27,37,665.00 रुपए की वसूली के लिए बिहार और उड़ीसा लोक मांग वसूली अधिनियम 1914 के अंतर्गत नीलम पत्र वाद दायर किया जा रहा है। आरोप लगाया गया की एजेंसी ने जानबूझकर सरकार की अति महत्वाकांक्षी योजना को प्रभावित किया जा रहा है। जानकारी जन संपर्क पदाधिकारी ने दी है। कहा कि लोहिया स्वच्छ बिहार अभियान के तहत ग्रामीण विकास विभाग की ओर से सभी जिला में गोवर्धन योजना के तहत बायो गैस प्लांट का निर्माण कराया जा रहा था ।यह बिहार सरकार की महत्वपूर्ण योजना है। जिसके तहत बक्सर जिले के ग्राम पंचायत जगदीशपुर के कुलहड़िया गांव में इसके लिए मॉडल और जगह चयनित किया गया।

लखनऊ की एजैंसी को चिह्नित किया गया थाः निर्माण के लिए एजेंसी के रूप में आनंद इंजीनियर्स लखनऊ को चयनित किया गया था।

स्थल का चयन करते हुए परफॉर्मेंस बैंक गारंटी जमा किया गया। जिसके बाद MOU हस्ताक्षर कर निर्माण कार्य प्रारंभ करने का निर्देश दिया गया था, लेकिन एजेंसी ने अपना कार्य समय से पूरा नहीं किया। जिसपर एफआईआर दर्ज कराई गई है।

गोवर्धन बायोगैस प्लांट निर्माण के लिए एजेंसी मेसर्स आनंद इंजीनियर्स लखनऊ के साथ एकरारनामा किया गया। 90 दिनों के अंदर प्लांट का निर्माण कार्य पूरा कर गैस आपूर्ति करने का निर्देश दिया गया था। पर कार्य को पूर्ण नहीं किया गया। जिसपर बक्सर डीएम के दिशा निर्देश पर कार्रवाई की गई।

संक्षिप्त समाचार

टीएमबीयू : एनएसएस के 42 लाख रुपए कॉलेजों ने कर दिए गायब

भागलपुर। टीएमबीयू के कॉलेजों ने एनएसएस मद में छात्रों से वसूली गई राशि गायब कर दी है। 2016 से 2022 के बीच विवि के 12 अंगीभूत और 13 एफिलिएटेड कॉलेजों ने इस मद में 42 लाख वसूले। इनमें से चार अंगीभूत और एक एफिलिएटेड कॉलेज ने ही टीएमबीयू को राशि का हिसाब दिया है और विवि का जो आधा हिस्सा बनता है, वह उसके एनएसएस खाते में जमा कराया है। शेष 12 एफिलिएटेड कॉलेजों ने पांच करोड़ चार लाख और आठ अंगीभूत कॉलेजों ने करीब 28 लाख का न तो हिसाब दिया है न विवि के खाते में उसका 50% हिस्सा जमा कराया। यह खुलासा ऑडिट में हुआ है। 2018 में मुंगेर विवि टीएमबीयू से अलग हुआ तो 17 अंगीभूत और लगभग 15 एफिलिएटेड कॉलेज मुंगेर में चले गए। 2016 और 2017 में टीएमबीयू में रहते हुए इन कॉलेजों ने जो राशि एनएसएस मद में ली उसका उल्लेख भी ऑडिट रिपोर्ट में नहीं है। टीएमबीयू ने विभिन्न मदों में लिए गए शुल्क का 2016 से 2022 तक का ऑडिट कराया था। इसकी रिपोर्ट में एनएसएस मद में लिए गए शुल्क के बारे कहा गया है कि अंगीभूत कॉलेजों में 41.54 लाख की अनियमितता मिली है। टीएमबीयू के एनएसएस को-ऑर्डिनेटर डॉ. राहुल कुमार ने अंगीभूत कॉलेजों को पत्र लिखा तो विवि मुख्यालय के दो और मुख्यालय के बाहर के भी दो कॉलेजों ने अपने पास जमा राशि का हिसाब देते हुए विवि के हिस्से के रूप में लगभग 13 लाख रुपए एनएसएस के खाते में जमा कराया। शेष अंगीभूत कॉलेजों ने अब तक हिसाब नहीं दिया है। दूसरी ओर एफिलिएटेड कॉलेजों में एसएसपीएस कॉलेज शंभुगंज ने 30 सितंबर को इस मद में विवि का 50% हिस्सा के रूप में 325420 रुपए एनएसएस खाते को उपलब्ध कराया। एनएसएस को-ऑर्डिनेटर ने इसके लिए कॉलेजों को अंतिम बार 25 सितंबर को पत्र दिया था। शेष 12 एफिलिएटेड कॉलेजों ने न तो हिसाब दिया न विवि का हिस्सा एनएसएस के खाते में जमा कराया।

दुर्गापूजा पर बनीं 15 टीमें, फिर भी छह दिनों में 5 छिनतई, 20 बाइक की चोरी

भागलपुर। दुर्गापूजा को लेकर बाजार में भीड़ बढ़ी है। लोग पूजन सामग्रियों की खरीदारी से लेकर इस त्योहार में नए कपड़ों के लिए बाजार पहुंच रहे हैं। इस भीड़ में चोर-उचक्कों की भी सक्रियता बढ़ गई है। हैरान करने वाली बात यह है कि ऐसे अपराधियों पर नजर रखने के लिए पुलिस की 15 टीमें शहर के अलग-अलग हिस्सों में गश्ती कर रही हैं। बावजूद अपराधी वारदातों को अंजाम देने में सफल साबित हो रहे। पिछले एक सप्ताह के अंदर 20 से अधिक बाइक की चोरी चोरों ने कर ली है। दरअसल, त्योहारी सीजन शुरू होते ही पिछले सप्ताहभर से चोरी-छिनतई के मामले बढ़े हैं। तिलकामांझी में महिला जिप सदस्य, विश्वविद्यालय इलाके में एक शिक्षिका प्रियंका कुमारी से सोने की चेन की झपटमारी से लेकर अलग-अलग जगहों पर छिनतई की घटनाओं को लगातार अंजाम दिया जा रहा है। 6 दिन में पांच छिनतई की घटनाओं को अंजाम दिया गया है। इधर क्यूआरटी की पांच और सीआईटी की 10 टीमें बनाई गई हैं।

इस साल शेयर बाजार ने 40 प्रतिशत तक रिटर्न दिया, आकार 25% बढ़ा

भागलपुर। भारत ने इस साल दुनियाभर के शेयर बाजारों का नेतृत्व किया है। ग्लोबल ब्रोकरेज फर्म जेपी मॉर्गन के मुताबिक, एमएससीआई इमर्जिंग मार्केट इंडेक्स में भारत का हिस्सा बढ़कर 20.5% के ऑल टाइम हाई पर पहुंच गया है। इस बढ़त ने चीनी दबदबे को खत्म किया। इतना ही नहीं, इस साल बीएसई में लिस्टेड कंपनियों का मार्केट कैप 450 लाख करोड़ रु. से ऊपर निकल गया है। सिर्फ चार साल में इसमें 168 लाख करोड़ का इजाफा हुआ है। बाजार में हालिया गिरावट के बावजूद मोमेंटम बिगड़ने की आशंका कम है। ग्लोबल ब्रोकरेज फर्म जेपी मॉर्गन के मुताबिक इसकी वजह यह है कि भारत की समृद्धि की कहानी लंबी अवधि की मजबूत संभावनाओं पर टिकी है। इसमें गिरावट के कोई संकेत नहीं है। निवेशक इसको लेकर सकारात्मक हैं। इस साल अब तक बेंचमार्क इंडेक्स निफ्टी ने 65 बार ऑल टाइम हाई का रिकॉर्ड बनाया।

भागलपुर में अग्निशमन विभाग ने 10 हॉट स्पॉट किए चिह्नित

निज संवाददाता। भागलपुर

भागलपुर में दशहरा पूजा को लेकर अग्निशमन विभाग भी अलर्ट मोड में है। अधिकारी और जवान विभिन्न पूजा पंडालों में सावधानी बरत रहे हैं। पूजा कमेटियों को आवश्यक दिशा-निर्देश भी दे रहे हैं। फायर ऑफिसर नागेंद्र उपाध्याय ने कहा कि दुर्गा पूजा पर पंडाल में अग्नि से सुरक्षा का उपाय करना आवश्यक है। आग लगने की स्थिति में जान-माल की सुरक्षा आवश्यक है। फायर ऑफिसर ने बताया कि जिले के 10 हॉट स्पॉट जगह को चिह्नित किया गया है। जहां 24 घंटे अग्निशमन कर्मी की तैनाती रहेगी। जिले में कुल 16 प्रखंड है। यानी विभाग पूरी तरह से तैयार है और हर प्रखंड के लिए किसी भी आपात स्थिति से निपटने के लिए व्यवस्था कर चुका है। वहीं, चिह्नित जगह पर 4 रिजर्व फायर ब्रिगेड की गाड़ियां हमेशा मौजूद रहेंगी। ताकि किसी भी परिस्थिति को तुरंत नियंत्रण किया जा सके।

अग्निशमन विभाग की आम जनता से अपीलः अग्निशमन अधिकारी ने बताया कि दुर्गा पूजा के समय जिला मुख्यालय में श्रद्धालुओं की भीड़ होती है। जिसको देखते हुए अग्निशमन विभाग की ओर से पूरी तैयारी कर ली गई है। दुर्गा पूजा के समय श्रद्धालु अपने घर में भी पूजा पाठ करते हैं, हवन करते हैं, जिसको लेकर अग्निशमन विभाग के अधिकारी ने बताया कि पूजा पाठ और हवन के समय श्रद्धालुओं को सावधानी बरतनी चाहिए। शहर के दस जगहों को हॉट स्पॉट बनाकर 24 घंटे अग्निशमन कर्मी की तैनाती की गई है। वाटर टेंडर, फोम टेंडर और रेस्क्यू टेंडर सहित मिक्सड टेक्नोलॉजी की चार बड़ी गाड़ियों को रिजर्व कर रखा गया। 24 घंटे कंट्रोल रूम में कर्मी एक्टिव रहेंगे। फायर ऑफिसर नागेंद्र उपाध्याय ने लोगों से सावधानीपूर्वक त्योहार मनाने की अपील की है। किसी तरह की अग्निकांड होने पर टोल फ्री नंबरः- 102 / 112 या 7485805896/7485805897 पर तुरंत सूचना दें।

जहां हवन हो वहां बाल्टी में पानी रखेंः पूजा के समय लोगों को सूती कपड़े पहनना चाहिए। साथ-साथ जहां भी हवन पूजन करें वहां बाल्टी में पानी भरकर जरूर रख लें. हमेशा ध्यान देते रहें कि आस-पास कोई प्लास्टिक तो नहीं है. वहीं उन्होंने बताया कि कई घरों में श्रद्धालु अखंड दीप जलाते हैं। कई बार उस दीप को बिल्ली या चूहे गिरा देते हैं। जिससे भी आग लगने की संभावना रहती है। ऐसे में सभी को खास सावधानी बरतनी चाहिए।

फसल क्षतिपूर्ति के लिए पोर्टल खुला, 31 तक करें आवेदन

निज संवाददाता। मुंगेर

- सितंबर के पहले सप्ताह में गंगा नदी में अत्यधिक पानी आने से कई जिले के किसानों की बड़े पैमाने पर फसल नष्ट हो गई है।

बिहार राज्य फसल सहायता योजना के तहत फसल क्षति के मुआवजे की अंतिम तिथि 31 अक्टूबर निर्धारित कर दी गई है। सितंबर के पहले सप्ताह में गंगा नदी में अत्यधिक पानी आने से कई जिले के किसानों की बड़े पैमाने पर फसल नष्ट हो गई है। इसके लिए सरकार ने फसल क्षति लागत अनुदान देने का निर्णय किया गया है। कृषि विभाग ने इसके लिए किसानों से ऑनलाइन आवेदन मांगा है। सोमवार को आवेदन पोर्टल का विंडो भी खोल दिया गया है। योजना का लाभ लेने के लिए रैयत किसानों को स्वघोषणा-पत्र और भू-स्वामी का प्रमाण-पत्र देना होगा। जबकि गैर-रैयत किसानों को वार्ड सदस्य या किसान सलाहकारों से हस्ताक्षर करवाकर डीबीटी पोर्टल पर अपलोड करना होगा। अभी तक के आकलन के अनुसार जिले में करीब 11,000 हेक्टेयर में फसल का नुकसान हुआ है। हालांकि यह आंकड़ा अधिकृत नहीं है, क्योंकि जिले में अभी तक पंचायत वार डाटा नहीं पहुंचा है। जिला कृषि पदाधिकारी ब्रजकिशोर ने बताया कि जिले के 41 पंचायतों में बाढ़ का असर है, जिसमें 11 पंचायतें बाढ़ से बुरी तरह प्रभावित हैं, वहीं 30 पंचायतें बाढ़ से आंशिक प्रभावित हैं। उन्होंने बताया कि मुंगेर सदर में 12, जमालपुर में 9, बरियारपुर में 11, धरहरा में 4, हवेली खड़गपुर में 3 और असरगंज में 2 पंचायतें बाढ़ से प्रभावित हुई हैं। उन्होंने कहा कि फसल सर्वे के काम में संबंधित किसान सलाहकार व कृषि समन्यवकों को फसल क्षति के आकलन का निर्देश दिया गया है। उन्होंने कहा कि फसल क्षति आकलन का कार्य पूर्ण होने के बाद किसान सलाहकार व कृषि समन्वयक की टीम अंचलाधिकारी को रिपोर्ट करेंगे। बाद में अंचलाधिकारी रिपोर्ट को जिला कृषि पदाधिकारी को रिपोर्ट सौपेंगे। बाद में रिपोर्ट फाइनल कर जिलाधिकारी फसल क्षति रिपोर्ट को कृषि विभाग पटना को भेजा जाएगा। गौरतलब है कि बाढ़ आपदा से फसल मुआवजा सिंचित फसल के के डूबने पर 17,000 रुपए प्रति एकड़ और असिंचित फसल के डूबने पर 8,500 रुपए रेट निर्धारित किया गया है।

अंतरजिला वॉलीबॉल प्रतियोगिता का फाइनल मैच आज

निज संवाददाता। भागलपुर

भागलपुर में अंतरजिला विद्यालय वॉलीबॉल अंडर 14 बालक खेल प्रतियोगिता का चौथा दिन सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। आज मंगलवार को फाइनल मैच सुबह 7 बजे से खेला जाएगा। इधर, सोमवार को क्वार्टर फाइनल मैच हुआ था। जिसमें बेगूसराय ने जहानाबाद को 2- 0 से, गोपालगंज ने एकलव्य को 2- 0 से, औरंगाबाद ने रोहतास को 3- 2 से और सारण ने भागलपुर को 3- 2 से हराकर सेमीफाइनल में पहुंचा। सेमीफाइनल में बेगूसराय ने औरंगाबाद को 3- 1 से हराकर और गोपालगंज ने सारण को 3- 0 से हराकर फाइनल में प्रवेश किया।

अच्छे प्रदर्शन के लिए शुभकामनाएं दीः बिहार राज्य खेल प्राधिकरण कीक ओर से नियुक्त इस प्रतियोगिता के संयोजक संजीव कुमार सिंह, बिहार राज्य वॉलीबॉल संघ के कोचिंग सचिव नीलकमल राय ने सभी खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त किया। खिलाड़ियों को अच्छे प्रदर्शन के लिए शुभकामनाएं दी। इस, मौके पर जिला खेल पदाधिकारी जयनारायण कुमार, सचिव जिला वॉलीबॉल संघ अजय कुमार राय, एथलेटिक संघ के सचिव नसर आलम, पूर्व राष्ट्रीय खिलाड़ी शंभू कुमार सहित बिहार राज्य खेल प्राधिकरण के तकनीकी पदाधिकारी जितेंद्र कुमार, करुणेश कुमार, संदीप कुमार, प्रदीप कुमार, मुरारी सिंह ,अमन कुमार, शारीरिक शिक्षक नीरज राय, संजीव राय, चंद्रभूषण राय, किरण कुमारी, सतीश चंद्र, मृणाल किशोर, कुमार हीरा, अमीर खान, राकेश कुमार, रविकांत रंजन सहित अनेक खेल प्रेमी और शारीरिक शिक्षक मौजूद थे।

फिर मिला डेंगू का एक मरीज, लक्षण वाले चार मरीज अस्पताल में हुए भर्ती

मुंगेर। जिले में डेंगू की रफ्तार धीरे-धीरे काफी कम हो चुकी है। अगस्त माह से अब तक जिले में डेंगू के 38 मरीज मिले हैं। सोमवार को सदर अस्पताल में 4 मरीजों के एलाइजा जांच की गयी जिसमें डेंगू का एक कंफर्म पॉजिटिव मरीज पाया गया। जबकि इस दौरान सदर अस्पताल में एक कंफर्म व 4 नये संभावित मरीजों को इलाज के लिये डेंगू वार्ड में भर्ती किया गया। वहीं पूर्व से भर्ती 3 मरीजों को इलाज के बाद ठीक होने पर डिस्चार्ज कर दिया गया। दरअसल सोमवार को 4 मरीजों के एलाइजा जांच में एक पॉजिटिव मरीज पाया गया, जो फौजदारी बाजार निवासी 28 वर्षीय पूजा देवी है। डेंगू मरीज का इलाज सदर अस्पताल के डेंगू वार्ड में चल रहा है। इसके अतिरिक्त सोमवार को डेंगू वार्ड में 4 नये संभावित मरीजों को इलाज के लिये भर्ती किया गया। जिसमें छोटी लगमा निवासी 30 वर्षीय रौशन कुमार, वासुदेवपुर निवासी 28 वर्षीय निक्की कुमार, दलहट्टा निवासी 28 वर्षीय किशन कुमार, बेनीगीर निवासी 37 वर्षीय मो. शमशाद को एनएस-1 पॉजिटिव पाये जाने के बाद भर्ती किया गया है।

शादीपुर के मेले में 50 जवानों की होगी तैनाती, मजिस्ट्रेट भी करेंगे निगरानी

निज संवाददाता। मुंगेर

बड़ी दुर्गा पूजा मेला की तैयारी को लेकर सोमवार को पुलिस अधीक्षक सैयद इमरान मसूद के साथ वॉलंटियर की बैठक हुई। बैठक के बाद बड़ी दुर्गा पूजा समिति अध्यक्ष रतन कुमार शर्मा और केंद्रीय प्रतिमा विसर्जन समिति के अध्यक्ष राजेश कुमार दास के साथ चर्चा के दौरान एसपी ने कहा कि कानून-व्यवस्था को देखते हुए और मेला में आए श्रद्धालुओं की संभावित भीड़ को देखते हुए 50 कमांडो की तैनाती की जाएगी। इसके अलावा प्रत्येक रास्ते पर प्रशासन की टीम की तैनाती की जाएगी, जिसमें दंडाधिकारी व पुलिस जवानों की नियुक्ति होगी। वहीं केंद्रीय प्रतिमा विसर्जन समिति के अध्यक्ष राजेश कुमार दास ने बताया कि इस साल मंदिर परिसर में महिला पुलिस व पुरुष जवानों की तैनाती होगी। इसके अलावा श्रद्धालुओं के आने-जाने वाले सभी रास्तों पर सादे ड्रेस में भी पुलिस जवानों की तैनाती की जाएगी। पुलिस अधीक्षक सैयद इमरान मसूद ने कहा कि पूजा के दौरान पुलिस प्रशासन लगातार भ्रमणशील रहेगी। इसके अलावा विसर्जन की वीडियो रिकॉर्डिंग के साथ-साथ ड्रोन कैमरों से भी निगरानी रखी जाएगी। दुर्गा पूजा के दौरान माहौल अत्यंत ही संवेदनशील होती है, इसलिए सभी जिला व पुलिस प्रशासन की टीम को अभी से ही अलर्ट मोड में रहने को कहा गया है। उन्होंने कहा कि इसके लिए जिला और पुलिस प्रशासन को सभी आमजन के सहयोग की जरूरत है।

आउटसोर्सिंग कर्मियों को मिला केवल एक माह का मानदेय

मुंगेर। मुंगेर विश्वविद्यालय के करीब 70 आउटसोर्सिंग कर्मियों को सोमवार को एक महीने का मानदेय दिया गया। एलाइट फाल्कन प्राइवेट लिमिटेड कंपनी ने यह भुगतान इन कर्मियों को किया है। हालांकि इन कर्मियों को अभी भी पता नहीं है कि उन्हें कंपनी किस दर से भुगतान करने वाली है। बता दें कि मुंगेर विवि में कार्यरत करीब 70 कर्मियों को 24 महीने में केवल 80 हजार रुपए का भुगतान हुआ है। साथ शुरूआती 6 से 7 महीने का आंशिक भुगतान किया गया था। नियमित भुगतान नहीं किए जाने को लेकर इन कर्मियों को लेबर कोर्ट जाना पड़ा।

जिला कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग, झारखंड, रांची
कार्यालय – जिला कृषि पदाधिकारी, गढ़वा

गढ़वा जिला के किसान भाइयों को सूचित किया जाता है कि वित्तीय वर्ष 2024–25 में विभागीय स्वीकृत्यादेश सं0– 16 दिनांक– 30.05.2024, 06 दिनांक 16.05.2024, 62 दिनांक 04.09.2024 एवं 63 दिनांक 04.09.2024 के आलोक में Food And Nutrition Security (पूर्ववर्ती राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा मिशन) दलहन, धान, कोर्स सिरिलय, न्यूट्री सिरियल, तिलहन, TRFA दलहन एवं TRFA तिलहन योजना अंतर्गत कृषि यंत्र एवं कृषि उपादान का वितरण अनुदानित दर एवं थ्रेसिगफ्लोर निर्माण हेतु कृषकों के बीच किया जाना है, जिसकी विवरणी निम्नवत है :–

क्र0	स्वीकृत कृषि यंत्र / अन्य उपादान	स्वीकृत अनुदान दर	भौतिक लक्ष्य (सम्भावित)	अभ्युक्ति
1	रोटावेटर	42000 / इकाई या 50% SC/ST of cost whichever is less	46	
2	मेज सेलर	10000 / इकाई या 50% SC/ST of cost whichever is less	4	
3	मेज सेलर	8000 / इकाई या 40% Other of cost whichever is less	3	
4	थ्रेसिगफ्लोर	57000 रू0 / ई0 या 50% Of cost whichever less 30X30 feet	14	
5	जिप्सम, सल्फर	750 / हे0 या 50% Of cost whichever less	1489 हे0	
6	बायोफर्टिलाईजर	300 / हे0या 50% Of cost whichever less	1326 हे0	
7	पी0पी0 केमिकल्स	500 / हे0 या 50% Of cost whichever less	1270 हे0	
8	खरपतवारनाशी	500 / हे0 या 50% Of cost whichever less	614 हे0	
9	माईक्रोन्यूट्रेन्ट	500 / हे0 या 50% Of cost whichever less	2088 हे0	
10	लाइम	1000 / हे0 या 50% Of cost whichever less	1424 हे0	

आवेदन पत्र के साथ निम्न कागजात संलग्न करना अनिवार्य होगा।
- आवेदक का आधार कार्ड की छाया प्रति अभिप्रमाणित।
- जमीन का अद्यतन रसीद, अभिप्रमाणित।
- आवेदक का पासपोर्ट साईज फोटो।
- पास बुक का फोटो कॉपी अभिप्रमाणित।
- मुखिया द्वारा वंशावली।

नोट :–
1. **लाभुकों का चयन पहले आओ पहले पाओ के आधार पर (प्रखण्डवार) किया जाएगा।**
2. आवेदन पत्र दिनांक 14.10.2024 से 18.10.2024 तक कार्यालय अवधि में निशुल्क प्राप्त किया जा सकता है। तथा भरा हुआ पूर्ण आवेदन दिनांक 14–10–2024 से 19–10–2024 तक कार्य दिवस मे आत्मा कार्यालय गढ़वा में जमा किया जा सकता है।
3. किसी भी यंत्र / अन्य उपादान का कय लाभुको द्वारा संबंधित एजेंसी राज्य सरकार के अधिकृत विक्रेता को शत प्रतिशत राशि भुगतान कर के ही किया जाएगा तथा प्राप्ति रसीद एवं फोटो जमा करने एवं स्थल निरीक्षण के उपरान्त अनुदान की राशि लाभुक के खाते में सीधे (DBT) के माध्यम से हस्तांरित की जाएगी।
4. वैसे कृषकों को लाभन्वितं किया जाएगा जो विगत तीन वर्षों से राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा मिशन एवं कृषि विभाग के अन्य योजनाओं के अंतर्गत किसी भी यांत्रीकरण का लाभ नहीं लिया हो शपथ पत्र देना अनिवार्य होगा।
5. वैसे यंत्र जो ट्रैक्टर चालित है उसमें आवेदन के साथ ट्रैक्टर कय से संबंधित कागजात की छाया प्रति आवेदन के साथ संलग्न करना अनिर्वाय होगा।
6- JSLPS / स्वयं सहायता समूह / कृषक उत्पादक संगठन (FPO) के कृषकों विशेषकर महिला कृषकों को लाभुक चयन में प्राथमिकता दी जाएगी।
7. सभी कृषि यंत्र पर अनुदान की राशि राज्य सरकार द्वारा आवंटन प्राप्त होने पर 80 प्रतिशत दिया जा सकता है।
8. थ्रेसिगफ्लोर निर्माण हेतु अंचल द्वारा निर्गत भू–स्वामित्व प्रमाण पत्र (दिनांक 01.04.2024 के बाद का होना चाहिए)।
9. निर्माण स्थल का फोटोग्राफ।

जिला कृषि पदाधिकारी,
–सह–परियोजना निदेशक,
आत्मा, गढ़वा

PR 338438 Agriculture(24-25)#D

कार्यालय, उपायुक्त–सह–जिला दण्डाधिकारी, पलामू
(समाज कल्याण शाखा)
Email ID - dswopalamau@gmail.com

गर्म पोशाक (पैजामा) क्रय हेतु अति अल्पकालीन निविदा सूचना

उपायुक्त–सह–अध्यक्ष, DMFT, पलामू के आदेशानुसार पलामू जिला अन्तर्गत आंगनबाड़ी केन्द्रों में पंजीकृत 03–06 वर्ष तक के बच्चों के लिए गर्म पोशाक (पैजामा) का क्रय / आपूर्ति हेतु खुली निविदा आमंत्रित की जाती है।

निविदादाता द्वारा Double Envelop System पद्धति के अनुरूप मुहरबन्द लिफाफे में तकनीकी बीड एवं वित्तीय बीड जिला समाज कल्याण पदाधिकारी, पलामू के कार्यालय में दिनांक 16.10.2024 को अपराह्न 01:00 बजे तक प्राप्त की जायेगी। प्राप्त निविदा को दिनांक 16.10.2024 को ही अपराह्न 03:00 बजे गठित जिला क्रय समिति / निविदा निस्तारण समिति द्वारा समाहरणालय सभागार (ब्लॉक–ए) में निविदादाता अथवा उनके द्वारा प्राधिकृत प्रतिनिधियों के समक्ष खोला जाएगा, जिसमें निविदादाता या उनके द्वारा प्राधिकृत प्रतिनिधि गर्म पोशाक (पैजामा) के नमूने के साथ भाग लेंगे।

निविदा की शेष शर्ते जिले के अधिकारिक वेबसाईट–www.palamu.nic.in एवं जिला समाज कल्याण कार्यालय, पलामू के सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।

उप विकास आयुक्त,
पलामू।

PR.NO.338400 District(24-25):D

Jharkhand Bijli Vitran Nigam Limited
Electric Supply Area, Medininagar, (CIN:U40108JH2013SGC001702)
Regd. Office :By Pass Road, Sudna, Medininagar,822102, email:-gm_mdnjseb@yahoo.in /Telephone:-06562-295539

Tender e-Procurement E-NIT Notice for Line Materials Under O&M Head for F.Y.2024-25.

Online tenders are invited from reputed and experienced manufacturers having adequate manufacturing capacity & best testing facilities or authorized dealers/financially sound & reputed supplier firms authorized such principal manufactures for supply of the materials conforming to standard specification for the supply of under mentioned line Materials at Central store Daltonganj & Garhwa under O&M Head.F.Y 2024-25.

Online tenders should be submitted online on www.jharkhandtenders.gov.in

SL No	E-NIT No	Gr.	Name of Materials	unit	Approx Qnty.	Cost of Tender Document With GST (Non-Refundable) (in RS)	Earnest Money (in Rs) L.S 2% of estimated cost
1.	190/ PR/J BVNL /24-25	i	2.5 mm2 copper 2 core control cable (Armoured)	Mtr	1100	Rs 11800/-	Rs 129730/-
		ii	2.5 mm2 copper 4 core control cable (Armoured)	Mtr	1100		
		iii	2.5 mm2 copper 6 core control cable (Armoured)	Mtr	900		
		iv	2.5 mm2 copper 10 core control cable (Armoured)	Mtr	1100		
		v	2.5 mm2 copper 12 core control cable (Armoured)	Mtr	1100		
		vi	Rubber Mat along with length of pannel	No	25		
		vii	Al. Pipe 40 mm dia	Mtr	150		
		viii	Connector pipe to Panther	No	44		
		ix	Connector panther to Panther	No	44		
		x	Connector Panther to AB Switch	No	44		
		xi	Connector pipe to AB Switch	No	70		
		xii	Connector dog to AB Switch	No	78		
		xiii	Male female connector 33 KV 3 AB Switch(600-630AMP)	Set	37		
		xiv	Male female connector 11 KV 3 AB Switch (600AMP)	Set	31		
		xv	Male female connector 11 KV 3 AB Switch (400AMP)	Set	31		
		xvi	PG Clamp for 80/100mm2 conductor	No	300		
		xvii	PG Clamp for 232/150mm2 conductor	No	200		
		xviii	LT Phase seprator	No	700		
		xix	T/C Fuse wire 12/14/16/18/22/28/32 SWG	Kg	500		
		xx	Earthing complete connventional type having intermitted layer of charcol	Set	43		
		xxi	Al. winding wire	Kg	79		
		xxii	Earthing (chemical) with G.I Earthing pipe 40 mm 3.1 mtr long	Set	420		
		xxiii	G.I Stay set comp for D/S/S (1900x40mm2)	Set	390		
		xxiv	Anticlamping device (Barbed wire) 2x12 SWG	Kg	1300		
		xxv	G.I Wire No-6/8/10	Kg	1700		
		xxvi	11 KV G.I Stay Set(1800x16mm) with stay wire 7/10	Set	322		
		xxvii	Earthing(Chemical) with G.I Earthing pipe 20 mm 2.5vmtr long	Set	67		
		xxviii	G.I Stay set comp for D/S/S (1900x16mm)	Set	140		
		xxix	G.I Service pipe 40 mm diameter 3 mtr length	Set	250		
		xxx	LT Stay set comp (1700x16mm) with stay set wire 7/12	Set	300		
		xxxi	G.I Stay wire 7/16	Kg	1000		
2.	192/ PR/J BVNL /24-25	i	33 KV isolator 400 Amp 3 phase with earth switch	Set	13	Rs 11800/-	Rs. 70810/-
		ii	33 KV isolator 630 Amp 3 phase with earth switch	Set	11		
		iii	33 KV Fuse set	Set	18		
		iv	11 KV Fuse set	Set	28		
		v	33 KV (B &s type) Disc insolater with fitting (90 KN) Polymer tope	Set	500		
		vi	11 KV (B&s type) Disc insolater with fitting (70 KN) Polymer tope	Set	1500		
		vii	11 KV (B&s type) Disc insolater with fitting (45 KN) Polymer tope	Set	1000		
		viii	33 KV Polymer type pin insulator (10 KN) with G.I Pin Nuts & Washer)	Set	500		
		ix	11 KV Polymer type pin insulator (5 KN) with G.I Pin Nuts & Washer)	Set	4000		
		x	33 KV Post insulator (10 KM) Polymer)	Set	38		
		xi	LT Pin insulator with pin (Porcelene type)	Set	600		
		xii	LT Shackle insulator with strap (Porcelene type)	No	600		
3.	193/ PR/J BVNL /24-25	i	G.I Base plate 33 KV	No	50	Rs 11800/-	Rs 39590/-
		ii	D.P Channel support clamp(1.1 Kg)	Set	340		
		iii	Earth Clamp for earth wire (1.8 Kg)	Pair	284		
		iv	M/s Nuts & Bolts(Different Size)	Set	3100		
		v	Angle/side stay clamp	Pair	518		
		vi	33KV V Cross arm	No	50		
		vii	33KV Pole top bracket	No	50		
		viii	33 Back Clamp for V cross,top	Pair	100		
		ix	33KV V Cross arm	No	150		
		x	11KV Pole top bracket	No	150		
		xi	11 Back Clamp for V cross,top	Pair	300		
		xii	11KV Line DP Chennel (41.3Kg)75x40x6mm	No	60		
		xiii	Back Clamp for V,top,DP (3Kg)	Pair	500		
		xiv	Channel for Transformer Base 100x50x6 (52.63Kg)	No	50		
		xv	Channel for Transformer HG Fuse set 75x40x6 mm(	No	50		
		xvi	Transformer Belting50x50x6mm with support 40x40x6mm (52.3Kg)	Set	50		
		xvii	Clamp for DSS 59x6mm (3.2Kg)	No	150		
		xviii	LT angle bracket50x50x6mm	No	300		
		xix	LT Back clamp for LT angle 50x6mm	Pair	300		

1. Availability of tender document on website	:-	Date 09.10.2024 time 10:00 Hrs
2. Start Date and time for submitting e-tender	:-	Date 09.10.2024 time 10.00 Hrs
3. Last Date and time of submission of E Tender Towards Cost of BOQ & EMD/Documents etc.	:-	Date 30.10.2024 time 15.00 Hrs
4. Date and time of opening of tender(Techno-Commercials Cover) i.e Cover-I)	:-	Dated 01.11.2024 at 15:30 Hrs

1. Guideline for online submission of bids can be downloaded from the website http://jharkhandtenders.gov.in.
2. Interested bidders can download the bid from the website http:// jharkhandtenders.gov.in
3. Bidder have to produce the original Demand Draft towards tender fee & EMD as mentioned in E-NIT to the Manager(F&A), Electric Supply Area, Medininagar and collect the money receipt before the cut off date & time as mentioned in E-NIT failing which bid will not be accepted. The details of cost of documents. EMD specified in the tender documents should be the same as submitted online(scanned copies) otherwise tender will similarly be rejected.
   i. Tender Notice is also available on our website: www.juvnl.in.
   ii. For any clarification please contact : - 9835574043.

स्वहित एवं राष्ट्रहित में ऊर्जा बचावें। कृपया अपनी शिकयतों को टॉल फ्री नं० 1800 345 6570 पर दर्ज करायें।

Sd/-
General Manager
Electric Supply Area, Medininagar

PR 338256 Jharkhand Bijlee Vitran Nigam Ltd(24-25)#D

पटना एयरपोर्ट के नजदीक से हटाएं मांस-मछली की दुकानें, फरमान जारी, पेड़ों की भी छटाई

पटना,एजेंसी। पटना एयरपोर्ट के आसपास स्थित मांस-मछली की दुकानों पर अब ऐक्शन लिया जाएगा। प्रमंडलीय आयुक्त मयंक वरवड़े ने नगर निगम के अधिकारियों से कहा है कि बार-बार निर्देश के बावजूद पटना एयरपोर्ट के आसपास से मांस-मछली की दुकानें क्यों नहीं हटाई जा रही। ऐसी दुकानों के कारण एयरपोर्ट के आसपास पक्षियों का जमावड़ा हो रहा है। इससे एयरपोर्ट की सुरक्षा व्यवस्था में चूक हो सकती है, इसीलिए निगम अभियान चलाकर ऐसी दुकानों को तत्काल हटाएं। आयुक्त ने कहा कि जयप्रकाश नारायण अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा पर सर्वोतम नागरिक सुविधाओं की उपलब्धता तथा उच्चतम सुरक्षात्मक मानकों का अनुपालन प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। पर्यावरण समिति से जुड़े जितने भी विभाग हैं उनके अधिकारियों को समन्वय बनाकर सुरक्षा मानक के अनुसार काम करना चाहिए। आयुक्त ने दानापुर, फुलवारीशरीफ और नूतन राजधानी अंचल के कार्यपालक पदाधिकारी को निर्देश दिया कि एयरपोर्ट के आसपास मांस-मछली की दुकानों के लिए को नोटिस जारी कर उन्हें निर्धारित समय के तहत हटाएं। इस संबंध में नगर निगम के अधिकारियों ने आयुक्त को बताया कि अतिक्रमण हटाओ अभियान के दौरान दर्जनों दुकानों को हटाया जा चुका है, चिह्नित दुकान जल्द हटाई जाएंगी। आयुक्त ने नगर कार्यपालक पदाधिकारियों को नियमित तौर पर नोटिस चिपकाने तथा वाल पेंटिंग कराने को कहा है। आयुक्त ने कहा कि मांस-मछली की दुकानों के कारण पक्षियों का आकर्षण का केंद्र यह इलाका बना हुआ है। यदि यहां से हटा दिया जाए तो यह समस्या समाप्त हो जाएगी।

नीतीश कुमार की जबतक सांसें होगी वो सीएम रहेंगे : अनिरुद्धाचार्य

बोले- बस बिहार में गौ हत्या बंद करनी होगी, महाराष्ट्र जैसे राज माता का दर्जा मिले

समस्तीपुर ,एजेंसी। नीतीश कुमार की जब तक सांसें रहेंगी वो मुख्यमंत्री बने रहेंगे, अगर वो बिहार में गौ हत्या बंद करवा देते हैं तो..। नीतीश बाबू को राज्य के सारे बूचड़खानों के लाइसेंस रद्द करने होंगे। नीतीश कुमार के आजीवन सीएम रहने की गारंटी कथा वाचक अनिरुद्ध आचार्य महाराज ने दी है। उनका कहना है कि इसके लिए मुख्यमंत्री को बिहार में गौ हत्या बंद करवानी होगी। गाय को राज माता का दर्जा देना होगा और प्रदेश के सारे बूचड़खानों का लाइसेंस रद्द करना होगा।

अनिरुद्धाचार्य महाराज ने ये बातें समस्तीपुर के सरायरंजन के उदयपुर में चल रहे भागवत कथा के तीसरी दिन कहीं। इस दौरान प्रदेश के जल संसाधन मंत्री विजय चौधरी भी वहां मौजूद थे। मंत्री विजय चौधरी से उन्होंने कहा कि महाराष्ट्र में जिस तरह से गाय को सम्मान मिला है, उसी तरह आपको भी गाय को कटने से बचाना चाहिए।

अनिरुद्धाचार्य महाराज की बातों का जवाब देते हुए विजय चौधरी ने कहा कि उनके मुख्यमंत्री और उनकी सरकार गाय को माता मानती है। और उनकी बातों को वो मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के पास जरूर रखेंगे। अनिरुद्धाचार्य महाराज ने सीएम को कथा में आने का न्यौता भी दिया।

बाढ़ की समस्या का समाधान भी बताया

कथा के दौरान अनिरुद्धाचार्य महाराज ने बिहार में बाढ़ की समस्या का समाधान भी सुझाया। बाढ़ से होने वाली तबाही का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि बाढ़ की विभीषिका को खत्म करने के लिए अगर सरकार बड़ी नदी को छोटी नदी से जोड़ती है तो हर साल होने वाली तबाही पर अंकुश लग सकता है। नदियों को जोड़ने के सवाल पर विजय चौधरी ने कहा कि उनकी सरकार पिछले दस सालों से इस दिशा में काम कर रही है।

11 अक्टूबर तक चलेगी कथा

बता दें कि यह कथा पांच अक्टूबर से शुरू हुई है और 11 अक्टूबर तक चलेगी। इस कथा में लोगों की भीड़ जुट रही है। खासकर महिलाओं की संख्या अत्यधिक देखी जा रही है। सरायरंजन के अलावा विद्यापति नगर, पटोरी उजियारपुर, मोरवा , दलसिंहसराय समेत बड़ी संख्या में आसपास के प्रखंडों के लोग कथा का आनंद लेने के लिए पहुंच रहे हैं। भीड़ को देखते हुए कथा स्थल पर सुरक्षा व्यवस्था को और चुस्त दुरुस्त किया गया है।

महाराष्ट्र ने शुरुआत कर दी है

उन्होंने मंच से कहा कि महाराष्ट्र में पिछले दिनों हुए कथा की चर्चा की। उन्होंने कहा कि महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री भी कथा सुनने के लिए वहां पहुंचे थे। जहां उन्होंने महाराष्ट्र में गाय को राजमाता का दर्जा दिया और सभी बूचरखाने की लाइसेंस को रद्द कर दिया। अब वहां गाय माता का वध नहीं होगा। उन्होंने कहा कि महाराष्ट्र ने इसकी शुरुआत की है अब बिहार को भी ऐसा करना चाहिए। धीरे-धीरे दूसरे राज्य में भी होगा और ऐसा करके गाय को राष्ट्र माता का दर्जा मिल जाएगा। ताकि गाय हमारी राष्ट्र माता बन सके। इस मौके पर उन्होंने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को कथा के लिए आमंत्रित भी किया।

संक्षिप्त समाचार

कन्हैया के मुख में यशोदा को दिखा ब्रह्मांड : श्रेयांशी

भागलपुर,एजेंसी। कहलगांव के नाथलोक कॉलोनी में चल रहे श्रीमद् भागवत कथा के पांचवें दिन भागलपुर से आयी कथा वाचिका श्रेयांशी पांडेय ने कृष्ण लीला की कथा कहते हुए कहा कि एकबार नन्हें कान्हा ने खेलने के दौरान मिट्टी खा लिया। जिसको बड़े भाई बलराम ने देख लिया। जिसकी शिकायत बलराम ने मैया यशोदा से कही। इसके बाद माता ने आकर कन्हा के मुख को खोलकर उसका मुख देखा तो वह आर्श्चयचकित रह गई। उन्हें कान्हा के मुख में पूरा ब्रह्मांड दिखा। प्रवचन को सुनने के लिए आसपास के इलाकों से लोगों की भीड़ लगने लगी है।

सबौर की पुरानी मसाढ़ु में 50 फीट लंबा 15 फीट चौड़ा खेत कट कर गंगा में समाया

भागलपुर,एजेंसी। प्रखंड क्षेत्र के ममलखा पंचायत स्थित पुरानी मसाढ़ू वार्ड नंबर एक और दो में गंगा कटाव रुक-रुक कर जारी है। सोमवार को गांव के पूर्व तरफ 50 फीट लंबा 15 फीट चौड़ा खेत कटकर गंगा में समा गया। देर शाम तक गंगा कटाव रुक-रुक कर जारी रहा। अब लोगों को लग रहा है कि गंगा का पानी धीरे-धीरे कम हो रहा है। इधर, गांव के पूर्व तरफ अब ग्रामीण सड़क से कटाव की दूरी महज 60 फीट शेष बची है। भागलपुर प्रमंडलीय बाढ़ नियंत्रण विभाग के कनिय अभियंता आलोक कुमार ने कहा कि खेत कट रही हैं गंगा कटाव बचाव रोधी कार्य जारी है।

महिलाओं व बच्चों ने गरबा व डांडिया के गीतों पर धूम मचाया

छपरा,एजेंसी। शहर के जन्नत पैलेस में दुर्गा पूजा नवरात्रि के मौके पर आयोजित गरबा व डांडिया कार्यक्रम में डांडिया के धुनों पर महिलाएं व बच्चों ने खूब आंनद लिया। वही उपस्थित सदस्य व अतिथि जीवंत-जातीय पोशाकों में सजे-धजे थे । रोटरी सारण व इनर व्हील क्लब सारण के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित इस कार्यक्रम में महिलाएं व बच्चों ने अपने परिवार के सदस्यों के साथ डांडिया के गीतों पर झूम-झूम कर डांडिया खेला और उसका आनंद लिया । इनरविल क्लब ऑफ सारण की अध्यक्षा शिल्पी कुमारी,पूर्व अध्यक्षा अनु जायसवाल, अनिता राज, सुषमा गुप्ता,रचना गुप्ता, रचना कुमारी व अन्य सदस्यों ने भी भाग लिया। कार्यक्रम के संयोजक पूर्व अध्यक्ष रो. राकेश कुमार, सह संयोजक पूर्व अध्यक्ष व संस्थापक सचिव रो. राजेश फैशन के नेतृत्व में यह आयोजन किया गया था। मंच संचालन पूर्व अध्यक्ष रो.पंकज कुमार ने किया गया । मौके पर अध्यक्ष रो दिनेश कुमार गुप्ता, मनोज कुमार गुप्ता, अजय प्रसाद, पूर्व अध्यक्ष अजय कुमार, अजय कुमार व्याहुत ,चंद्रकांत द्विवेदी, राजेश जायसवाल ,सुरेंद्र गुप्ता ,डॉ मदन प्रसाद, अजय गुप्ता,राजेश कुमार,मनीष जयसवाल,राजा आनन्द,विकाश कुमार,सतीश अग्रवाल,मनोज भोला,सुदामा ,महेश ,दीपक ,डॉ आशुतोष,गोविंद अग्रवाल,रामा कांत समेत अन्य सदस्य मौजूद थे। पूर्व में कार्यक्रम की शुरुआत देवी दुर्गा की पूजा और आरती से हुई।

नवजात को भर्ती-डिस्चार्ज के लिए निःशुल्क एंबुलेंस की मिलेगी सुविधा

जननी शिशु सुरक्षा कार्यक्रम के तहत मिलेगा लाभ, शिशु मृत्युदर को कम करने की है कवायद

पटना,एजेंसी। राज्य सरकार और राज्य स्वास्थ्य समिति विशेष नवजात शिशु देखभाल इकाई (एसएनसीयू) को नई सुविधाओं से लैस कर रही है, ताकि कमजोर और बीमार नवजातों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं मिल सकें। इसी क्रम में अब एसएनसीयू में भर्ती और डिस्चार्ज के बाद नवजात शिशुओं को घर पहुंचाने के लिए निःशुल्क एंबुलेंस की सुविधा दी जाएगी। शिशु स्वास्थ्य के राज्य कार्यक्रम पदाधिकारी डॉ. विजय प्रकाश राय ने सभी सिविल सर्जन को इसका निर्देश दिया है। बीमार नवजात को एसएनसीयू में सरकारी एंबुलेंस से रेफर करने और डिस्चार्ज के बाद उन्हें सरकारी एंबुलेंस से घर पहुंचाने का निर्देश दिया है। डॉ. राय के मुताबिक अप्रैल से अगस्त तक एसएनसीयू में रेफर के लिए 8,378 बच्चों को एंबुलेंस की सुविधा दी गई। इनमें निजी एंबुलेंस की सेवा लेने वालों की संख्या 5,025 है। उन्होंने बीमार नवजातों को एसएनसीयू रेफर करने के लिए जननी शिशु सुरक्षा कार्यक्रम के तहत निःशुल्क एंबुलेंस सुविधा देने का निर्देश दिया है।

गंभीर रूप से बीमार नवजात का होता है इलाज

गंभीर रूप से बीमार नवजात को एसएनसीयू में रखकर इलाज करने की जरूरत होती है। कम वजन वाले, समय पूर्व पैदा होने वाले, सांस लेने में दिक्कत, हाइपोथर्मिया से पीड़ित बच्चों को एसएनसीयू में रखा जाता है। इन्हीं सब वजह से नवजात की मौत होती है, जिसे कम करने के लिए एसएनसीयू की व्यवस्था राज्य के अधिकांश चिकित्सकीय संस्थान में की गई। इससे गंभीर रूप से बीमार नवजात की जान बचाने में सफलता मिलती है। एसएनसीयू विशेषकर बीमार नवजात बच्चों के लिए होता है। एंबुलेंस की सुविधा निःशुल्क मिलने से बीमार नवजात को अस्पताल ले जाने और फिर घर तक पहुंचाने की व्यवस्था हो जाएगी। इसके लिए परिजन को खर्च नहीं करना पड़ेगा। यह राज्य में शिशु मृत्युदर को कम करने की कवायद है। इससे बीमार नवजात की जान भी बच रही है।

पटना में सड़क हादसे में महिला की मौत, युवक घायल

पटना,एजेंसी। पटना में सड़क हादसे में एक महिला की मौत हो गई। वहीं एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना बाढ़ अनुमंडल के बाढ़ थाना अंतर्गत दाहौर गांव के पास एनएच-31 की है। मृतका रुबीना खातून एक दिन पहले ही अपने ससुराल बाढ़ थाना अंतर्गत रैली इंग्लिश गांव से मायके बख्तियारपुर के मोगलपुरा बीघा गांव गई थी। शाम के वक्त देवर उसे लाने मायके गया था। महिला की 3 महीने पहले ही शादी हुई थी और उसका पति विदेश में रहता है।

सिर के पिछले हिस्से में चोट लगने से गई : घायल युवक मो. इम्तियाज आलम ने बताया कि दाहौर गांव के पास एनएच-31 पर एक गाड़ी खड़ी थी जिसे पार करते समय बगल से एंबुलेंस ने टक्कर मार दी, जिसके बाद वह बेहोश हो गया और उसकी भाभी भी वहीं बेसुध पड़ी थी। राहगीरों के द्वारा उसे आनन-फानन में निजी अस्पताल लाया गया, जहां उसकी प्राथमिक उपचार की गई और महिला को अनुमंडलीय अस्पताल बाढ़ भेज दिया गया, जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। स्ढ़ राजेन्द्र राम ने बताया कि घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। तब तक घायल इलाज के लिए बाढ़ आ चुके थे। घटनास्थल की जांच करने का प्रयास किया गया, लेकिन बाइक बरामद नहीं हो सकी है। घायल युवक के द्वारा घटनास्थल की जानकारी देने के बाद मामले की जांच की जाएगी।

हत्या की आशंका जता रहे हैं परिजन

वहीं मृत महिला के भाई मो. एकलाख आलम ने हत्या की आशंका जाहिर की है। उन्होंने बताया कि एक दिन पहले ही बहन मायके आई थी और मना करने के बावजूद भी शाम के समय देवर ससुराल ले जाने की जिद कर रहा था और रास्ते में यह घटना हुई है।

नवादा आगजनी कांड में 5 आरोपी गिरफ्तार, कार जब्त

अब तक 30 लोगों की हो चुकी गिरफ्तारी, 10 वाहन के साथ कई हथियार भी बरामद

नवादा,एजेंसी। नवादा के मुफस्सिल थाना क्षेत्र के देदौर गांव स्थित कृष्णा नगर में हुए आगजनी के मामले में पुलिस ने पांच आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस अधीक्षक अभिनव धीमान के देखरेख में गठित एसआईटी ने तकनीकी सर्विलांस और मानवीय साक्ष्यों की मदद से आरोपितों को पकड़ा। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान जयपाल कुमार, विनय चौहान, रोहित चौहान, छोटेलाल कुमार और अमित राज के रूप में हुई हैं, जो नालंदा के ही निवासी हैं। आरोपियों की निशानदेही पर घटना में प्रयुक्त एक स्कॉर्पियो को नालंदा जिले की सीमा से जब्त किया गया।

आगे भी कार्रवाई रहेगी जारी

पुलिस के अनुसार, यह स्कॉर्पियो मुख्य आरोपित रोहित चौहान की है और इसे आगजनी की घटना में इस्तेमाल किया गया था। इस मामले में अब तक 30 आरोपितों को जेल भेजा जा चुका है, जिनमें से 29 को पुलिस ने छापेमारी कर गिरफ्तार किया, जबकि एक आरोपित ने कोर्ट में आत्मसमर्पण किया। पुलिस ने अब तक इस मामले में 10 वाहन और कई हथियार जब्त किए हैं। छापेमारी टीम में मुफस्सिल थानाध्यक्ष मृत्युंजय कुमार समेत अन्य पुलिस अधिकारी शामिल थे। पुलिस का कहना है कि आगे भी इस मामले में कार्रवाई जारी रहेगी, और अपराधियों के खिलाफ सख्त कदम उठाए जाएंगे।

इंडो-नेपाल बार्डर से 75 ग्राम स्मैक के साथ तस्कर गिरफ्तार

नेपाल से अररिया में तस्करी के लिए ला रहा था, नेपाली-भारतीय करेंसी के साथ बाइक जब्त

अररिया,एजेंसी। अररिया के सिकटी थाना पुलिस और एसएसबी की 52वीं वाहिनी की संयुक्त कार्रवाई में एक अपराधी को 75 ग्राम स्मैक के साथ गिरफ्तार किया गया। यह कार्रवाई भारत-नेपाल सीमा के पिलर स0156 से करीब 400 मीटर अंदर भारतीय क्षेत्र में की गई। अपराधी की पहचान दीपक कुमार बसाक गोपाल(22) के रूप में हुई है, जो सिकटी थाना क्षेत्र के कचना वार्ड संख्या एक का निवासी है। उसके पास से 75 ग्राम स्मैक, एक मोबाइल फोन, 67,000 नेपाली रुपए और 80 भारतीय नोट बरामद किए गए, जिनमें 54 नोट 1,000 रुपए के और 26 नोट 500 रुपए के थे।

मादक पदार्थ और करेंसी के साथ बाइक बरामद

गुप्त सूचना पर आधारित इस कार्रवाई में तस्करी में प्रयुक्त बाइक (रजिस्ट्रेशन नंबर बक्क 37ः क्क 6691) भी जब्त की गई है। सूत्रों के अनुसार, यह ऑपरेशन कई दिनों से योजनाबद्ध था। जब्त मादक पदार्थ की अंतरराष्ट्रीय बाजार में अनुमानित कीमत करीब दो लाख रुपये बताई जा रही है। एसएसबी आमबारी कंपनी के असिस्टेंट कमांडेंट संदीप आर्य के नेतृत्व में यह कार्रवाई हुई, जिसमें टीम ने बजरंगबली मंदिर के पास सघन वाहन जांच शुरू की थी। इस दौरान बाइक पर सवार दीपक नेपाल की ओर भागने का प्रयास कर रहा था, लेकिन एसएसबी जवानों ने उसे तुरंत पकड़ लिया। तलाशी के दौरान उसकी पैंट के बेल्ट में काली पोटली में छिपा 75 ग्राम स्मैक बरामद हुआ। आरोपी ने पुलिस के सामने यह कबूल किया कि बरामद नशीला पदार्थ स्मैक है।

गिरफ्तार अपराधी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत कांड संख्या 150/24 दर्ज की गई है और पुलिस उससे पूछताछ कर रही है। पुलिस यह भी जांच कर रही है कि यह तस्करी किन-किन लोगों से जुड़ी हुई है। इस विशेष ऑपरेशन में असिस्टेंट कमांडेंट संदीप आर्य के साथ एसएसबी के अन्य जवान राजेश सिंह, रवि गौतम, नितिन खजुरिया, रवींद्र कुमार और सुधाकर प्रसाद शामिल थे। कार्रवाई भारतीय क्षेत्र में भारत-नेपाल सीमा के पास की गई।

लोन लेकर शुरू की बिजनेस, 24 लाख का सालाना इनकम

जमुई की मंजू देवी लोगों के लिए बनी प्रेरणा, 26 सालों का संघर्ष ; युवाओं को दे रही रोजगार

जमुई,एजेंसी। जमुई जिले के बरहट प्रखंड के अक्षरा इलाके की मंजू 26 साल पहले अचानक पति के घर छोड़कर जाने के बाद पूरी तरह से टूट गई थी। उसके ऊपर तीन बच्चों की परवरिश की जिम्मेदारी आ गई थी। किसी ने कोई मदद नहीं की। लेकिन उन्होंने अपनी जिम्मेदारी पूरा करने का संकल्प लिया और आज वो हर किसी के लिए प्रेरणा बन गई हैं। मंजू आज पीवीसी दरवाजा, खिड़की बनाने की फैक्ट्री चलाती हैं और सालान 24 लाख रुपए कमा रही हैं।

बच्चों को पालने के लिए पढ़ाना शुरू किया

इस संबंध में मंजू बताती हैं कि पति के छोड़कर जाने के बाद उनके ऊपर 5 साल, 3 साल की बेटी और 5 महीने के बेटे की परवरिश की जिम्मेदारी आ गई। इसे पूरा करने के लिए उन्होंने एक प्राइवेट स्कूल में शिक्षिका के रूप में काम करना शुरू कर दिया। स्कूल और बच्चों को ट्यूशन पढ़ाकर मिल रहे पैसों से तीनों बच्चों का लालन पालन किया। इस दौरान दोनों बेटियों की शादी भी की। हालांकि उन्हें शादी में कोई दहेज़ नहीं देना पड़ा। लेकिन शुरुआत में घर की दहलीज लांघकर काम करने जाने पर समाज की महिलाओं से ताना भी सुनने को मिला। हालांकि मंजू ने बिना किसी की परवाह किए अपना काम करती रहीं।

5 हजार से शुरू किए बिजनेस से लाखों की कमाई

बच्चों को पढ़ाने के दौरान उनकी मुलाकात एक जीविका दीदी से हुई। उनकी मदद से उन्हें 5 हजार रुपए का लोन मिला। लोन के रुपए से उन्होंने फर्नीचर, टेबल और कुर्सी बनाने का काम शुरू किया। इसमें अच्छा फायदा होने लगा। बिजनेस में मुनाफा होता देख अपने कारोबार को बढ़ाना शुरू किया और पीवीसी दरवाजा, खिड़की बनाने की फैक्ट्री खोल दी। इस फैक्ट्री से आज के समय में वो 24 लाख रुपए का सालाना इनकम कर रही हैं।

बेरोजगार युवकों दिया रोजगार

इस बिजनेस में अपनी कमाई के साथ-साथ मंजू ने पांच बेरोजगार युवकों को रोजगार भी दिया है। उन्हें वो 10 हजार रुपए महीने सैलरी दे रही हैं। इस काम में उनका बेटा यशराज उनका सहयोग कर रहा है। अब वो प्लांट में दरवाजे खिड़की के साथ कूलर बनाने की तैयारी कर रही हैं। मां के बिजनेस में मदद कर रहे यशराज ने बताया कि मां के साथ फैक्ट्री में काम करने के बाद पढ़ाई करता हूं। जनरल कॉम्पिटिशन की तैयारी कर रहा हूं। पिता को तो नहीं देखा लेकिन मां ने जो किया उससे पिता की कभी याद नहीं आई।

संक्षिप्त समाचार

सिकनी गांव में भक्ति जागरण का आयोजन

रामगढ़, एजेंसी। दुलमी प्रखंड के सिकनी गांव में आयोजित भक्ति जागरण कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि दुलमी प्रखंड बीस सूत्री अध्यक्ष सुधीर शामिल हुए। मुख्य अतिथि सुधीर मंगलेश ने कार्यक्रम में उपस्थित सभी श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए सामाजिक एकता और सद्भावना को बनाए रखने का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि हमें समाज के विकास के लिए मिलकर कार्य करना चाहिए और ऐसे आयोजनों के माध्यम से लोगों को जोड़ना चाहिए। मौके पर उप मुखिया उमाशंकर महतो, बिक्की महतो, पूजा समिति के अध्यक्ष मुकेश जयसवाल, सचिव छोटेलाल महतो, कोषाध्यक्ष बालमुकुंद महतो, उपाध्यक्ष आनंद महतो, बालदेव ठाकुर, राजेश मुंडा, पुजारी जनार्दन महतो, कुलदीप साव, कृष्ण कुमार, रंजीत महतो, सुनीता देवी, रीना देवी, आशा देवी, आशा कुमारी, प्रतिमा कुमारी, देवकीनंदन महतो, अमित जयसवाल, रामरंजन करमाली आदि मौजूद थे।

रांची और धनबाद में ईडी की ताबड़तोड़ छापामारी, कई अधिकारियों पर कसा शिकंजा

राज्य ब्यूरो, रांची। ईडी को मैनेज करने के मामले में पंडरा थाना में दर्ज प्राथमिकी मामले में मंगलवार को रांची में आधा दर्जन ठिकानों पर ईडी का छापा। यह छापेमारी मैनेज करने वाले कथित अधिवक्ता के साथ साथ तीन अंचलाधिकारियों व उनके सहयोगियों के ठिकानों पर जारी है। आरोपितों में जय कुमार राम, दिवाकर द्विवेदी, प्रभात भूषण, संजीव पांडे, रवि नामक व्यक्तियों के ठिकानों पर छापा मारा है।रांची की परवर्तन निदेशालय (ईडी) ने धनबाद के जिला परिवहन पदाधिकारी दिवाकर सी द्विवेदी के झारुडीह स्थित फ्लैट में छापामारी की है। झारुडीह के देव विहार अपार्टमेंट के नौवें तल पर द्विवेदी का फ्लैट है। छापामारी के लिए ईडी की छह सदस्यीय टीम यहां पहुंची है। इसमें एक महिला अधिकारी भी हैं। टीम ने सुबह नौ बजे छापामारी शुरू की है।जानकारी के अनुसार ईडी पंडरा थाना में दर्ज एक मामले को लेकर परवर्तन निदेशालय को मैनेज करने का आरोप है। मैनेज करने को लेकर पांच करोड़ रुपये लेनदेन करने का मामला सामने आ रहा है। यह मामला जमीन घोटाला से जुड़ा हुआ है।बताया जाता है कि जमीन कारोबारी संजीव कुमार पांडेय ने पंडरा ओपी में वकील सुजीत कुमार के खिलाफ प्राथमिकी करायी थी। जिसमे बताया गया था कि ईडी की चार्जशीट से पांडेय का नाम हटाने के लिए अधिवक्ता सुजीत कुमार ने करोड़ों रुपये लिए थे, फिर भी नाम नहीं हटा पाया। जब पैसे वापस मांगा गया तो अधिवक्ता ने 54 चेक और अपनी कार दी। साथ ही अपहरण का भी प्रयास किया। चेक कैश नहीं होने पर प्राथमिकी कराई।

सारंडा के सभी लोग पर्यावरण व वन्यप्राणियों को बचाने हेतु एम्बेसडर हैं - नीतीश कुमार

चाईबासा, एजेंसी। सारंडा वन प्रमंडल अन्तर्गत ससंगदा वन प्रक्षेत्र के तत्वावधान में 7 अक्टूबर को मेघाहातुबुरु सामुदायिक भवन प्रांगण में 70वां वन्यप्राणी संरक्षण सप्ताह के समापन समारोह का आयोजन किया गया। समारोह का उद्घाटन बतौर मुख्य अतिथि सारंडा के संलग्न पदाधिकारी आईएफएस नीतीश कुमार, विशिष्ट अतिथि किरीबुरु के उप महाप्रबंधक प्रवीण कुमार, मेघाहातुबुरु के सहायक महाप्रबंधक संदीप भारद्वाज, केन्द्रीय विद्यालय के शिक्षक पी सी पान, शिक्षक रोहित ने दीप प्रज्वलित कर किया। संलग्न पदाधिकारी आईएफएस नीतीश कुमार ने कहा कि आपको वन विभाग ने टोपी प्रदान कर वन्यप्राणियों को बचाने का एम्बेसडर बनाया है। अब आपको पर्यावरण व वन्यप्राणियों को बचाना है। वन जब नहीं रहेगा तो पानी की विकट समस्या उत्पन्न होगी। वन्यप्राणियों के लिये सुरक्षित व स्वच्छ वातावरण बनायें, क्योंकि वह उस वातावरण में सुरक्षित रह सकें। सारंडा का मौसम, खूबसूरती व वातावरण को देखने के लिये पर्यटक पैसा देकर यहां आते हैं। लेकिन आप खुशनसीब हैं कि यहां रहते हैं। हम सभी को मिलकर जंगल को आग से बचाना है।उप महाप्रबंधक प्रवीण कुमार ने कहा कि डायनासोर को आज हम किताबों में देखते हैं, क्या आप चाहेंगे की अन्य जानवर भी किताबों में हम देखें। वन व वन्यप्राणी एक-दूसरे के पूरक हैं। हमें दोनों को बचाना होगा। सहायक महाप्रबंधक संदीप भारद्वाज ने कहा कि सेल प्रबंधन खनन के अलावे वन विभाग के साथ मिलकर आगामी 10 वर्षों के लिये वन्यप्राणियों व जंगल को बचाने हेतु एक विशेष कार्य योजना बनाकर काम कर रहे हैं।

मॉब लिंचिंग और उत्पाद सिपाही बहाली में मृतकों के परिजनों को मिली सहायता

रांची, एजेंसी। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने मॉब लिंचिंग के 28 पीड़ितों तथा झारखंड उत्पाद सिपाही बहाली के दौरान दुर्भाग्यपूर्ण मृत्यु के शिकार हुए 15 युवाओं के आश्रित/परिजनों को चार-चार लाख रुपये की सहायता राशि प्रदान की। प्रोजेक्ट भवन सभागार में आयोजित कार्यक्रम में मॉब लिंचिंग की घटना में घायल एक व्यक्ति के आश्रित को एक लाख की आर्थिक सहायता राशि भी प्रदान की गई। मुख्यमंत्री ने वर्ष 2023 में रांची जिले के ओरमांझी थाना अंतर्गत मॉब लिंचिंग की घटना में मृत स्व मिथुन सिंह खेरवार की पुत्री सोनाक्षी कुमारी को पांच लाख रुपये का चेक सौंपा। इस क्रम में सीएम ने पीड़ित परिवारों के बीच कुल एक करोड़ 82 लाख रुपये का वितरण किया। मौके पर मंत्री हफीजुल हसन, मुख्यमंत्री के अपर मुख्य सचिव अविनाश कुमार, गृह विभाग की प्रधान सचिव वंदना दादेल, महिला, बाल विकास एवं सामाजिक सुरक्षा विभाग के सचिव मनोज कुमार, डीजी पुलिस मुख्यालय आरके मल्लिक सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

नौजवानों की मौत की जांच के लिए केंद्र सरकार से आग्रह : हेमंत सोरेन ने कहा कि उत्पाद सिपाही बहाली प्रक्रिया के दौरान हमारे 15 नौजवानों की मृत्यु की घटना को राज्य सरकार ने काफी गंभीरता से लिया है। हमारी

सरकार ने केंद्र सरकार को पत्र लिख कर डॉक्टरों की एक बड़ी टीम से इन घटनाओं की विस्तृत जांच का आग्रह किया है। सीएम ने कहा कि आने वाले दिनों में भी पुलिस बहाली एवं विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन होना है। उस समय भी राज्य सरकार के लिए ऐसी घटनाएं गंभीर चुनौती बनी रहेंगी।

पीड़ित परिवारों की हर संभव मदद करेगी राज्य सरकार : मुख्यमंत्री सोरेन ने सभागार में उपस्थित पीड़ित परिजनों के प्रति गहरी संवेदनाएं व्यक्त की। कहा कि राज्य के भीतर विगत कुछ वर्षों में कई ऐसी घटनाएं हुई हैं, जिसमें कई परिवारों ने अपने परिजनों को खोया है। इन घटनाओं में जो हमें छोड़ गए, उन्हें तो वापस लाया नहीं जा सकता, लेकिन आगे के जीवन में हमसभी लोग आश्रित परिवारों को कैसे मदद कर सकें। किस प्रकार उनके जीवन को सकारात्मक दिशा की ओर अग्रसर करें, यह बहुत महत्वपूर्ण है।

सरकार संवेदनशील, जिम्मेदारियों का कर रही निर्वहन : सीएम सोरेन ने कहा कि आज हमसभी लोग यहां उक्त घटनाओं में असमय काल के गाल समाए लोगों की आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना करते हैं। हमारी सरकार एक संवेदनशील सरकार होने के नाते अपनी जिम्मेदारियों का बखूबी निर्वहन कर रही है। उन्होंने कहा कि झारखंड उत्पाद सिपाही शारीरिक दक्षता परीक्षा व मॉब लिंचिंग में मृत व्यक्तियों के आश्रितों एवं ऐसे पीड़ित परिवारों के सुख-दुःख में हमेशा साथ हूं और आगे भी रहूंगा।

नौजवानों की मृत्यु मर्माहत और हैरान करने वाली : सीएम ने कहा कि राज्य सरकार द्वारा झारखंड उत्पाद सिपाही की नियुक्ति निकाली गई थी। राज्य के लाखों नौजवानों ने इस नियुक्ति प्रक्रिया का हिस्सा बनने के लिए आवेदन दिया था। इस नौकरी की चाहत रखनेवाले 15 नौजवान अभ्यर्थियों की दक्षता परीक्षा के क्रम में दुर्भाग्यवाश असामयिक मृत्यु हुई। यह घटना व्यक्तिगत रूप से मेरे लिए काफी मर्माहत और हैरान करने वाली रही। इस प्रकार की घटना देश में पहली बार देखने और सुनने को मिली है।

मॉब लिंचिंग की घटनाएं दुःखदायी और दर्दनाक : सीएम ने कहा कि विगत कुछ वर्षों में राज्य के भीतर मॉब लिंचिंग की घटनाओं में 28 लोगों की असमय मृत्यु हुई है। यह घटना भी काफी दुःखदाई और दर्दनाक है। हमारी सरकार सदैव पीड़ित परिवारों के आश्रितों के साथ खड़ी है। आज आर्थिक सहायता के रूप में राशि प्रदान करना, आपके प्रति राज्य सरकार की एक संवेदना मात्र है। उन्होंने कहा कि आने वाले दिनों में पीड़ित परिवारों को कई माध्यमों से आर्थिक रूप से मजबूत करने का प्रयास करेंगे।

रिनपास कार्य उपसमिति की बैठक संपन्न

रांची, एजेंसी। डीसी मंजूनाथ भजंत्री की अध्यक्षता में सोमवार को रांची तंत्रिका मनोचिकित्सा एवं संबद्ध विज्ञान संस्थान (रिनपास) कार्य उपसमिति की बैठक आयोजित की गई। समाहरणालय स्थित उपायुक्त सभागार में आयोजित बैठक में समिति के सदस्य सचिव, सदस्य एवं आमंत्रित सदस्य मौजूद थे। बैठक में स्वास्थ्य मंत्री द्वारा रिनपास के सभी भवनों के जीर्णोद्धार एवं मरम्मत के निदेश के अनुपालन के प्रस्ताव पर समिति द्वारा विचार-विमर्श किया गया। समिति द्वारा बैठक में कई निर्णय लिए गये।

- योजनाओं के प्रस्तावों के लिए एजेंसी द्वारा अनुमानित राशि की उपलब्ध कराई गई सूची एवं प्राक्कलन अनुमोदित किया गया।
- पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल के कार्य योजना के प्रस्तावों को भी समिति द्वारा अनुमोदित किया गया। इसमें रिनपास के महिला ओटी सेक्शन में टॉयलेट बनाना एवं कूलर के साथ आरओ प्यूरिफायर लगाया जाना है।
- समिति ने विद्युत कार्य की कार्य योजना को भी अनुमोदित किया। जिसमें रिनपास के पुरुष एवं महिला ओटी में इलेक्ट्रिकल इंस्टॉलेशन एवं इंस्टॉलेशन ऑफ लाइटेनिंग कंडक्टर्स इन रिनपास बिल्डिंग का कार्य शामिल है।
- इसके अतिरिक्त विद्युत आपूर्ति प्रमण्डल के कार्य योजना, जिसमें रिनपास में 500 केवीए के दो ट्रांसफॉर्मर और 1।5 किमी लंबी हाईटेंशन केबल एक्सेसरीज का कार्य शामिल है, इसके लिए विद्युत कार्यपालक अभियंता को प्राक्कलन देने का निर्देश दिया गया।

मेरे खिलाफ झूठी खबर फैला रहा सरयू राय गैंग, यौन शोषण की फर्जी एफआईआर वायरल होने पर भड़के बन्ना गुप्ता का बड़ा आरोप

रांची, एजेंसी। झारखंड के स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता ने सोमवार को कहा कि उनके विरुद्ध यौन शोषण के आरोप में प्राथमिकी दर्ज होने की झूठी खबर चलाने तथा फर्जी एफआइआर वायरल करने में पूर्व मंत्री सरयू राय और उनके गैंग का हाथ है।

बन्ना गुप्ता ने कहा कि सरयू राय लगातार उनके विरुद्ध साजिश रच रहे हैं। इसमें वह गैंग ही सम्मिलित है, जिसने 23 अप्रैल 2023 को उनके विरुद्ध फर्जी वीडियो बनाकर प्रसारित किया था। फर्जी वीडियो बनाने के आरोप में जमशेदपुर में कुछ लोगों के विरुद्ध प्राथमिकी भी दर्ज की गई है, जिसका अनुसंधान चल रहा है। बन्ना ने रांची स्थित अपने आवासीय कार्यालय में संवाददाता सम्मेलन बुलाकर कहा कि चुनाव आ गया है तो इस तरह की साजिश सरयू राय द्वारा उन्हें बदनाम करने के लिए रची जा रही है। फर्जी एफआइआर पर भले ही सरयू ने अभी तक कुछ नहीं बोला हो, लेकिन इसमें उनके एक प्रिय पत्रकार, चिकित्सक और एक नेता सम्मिलित हैं। उनके प्रिय पत्रकार आनंद आहार पत्रिका घोटाले में भी आरोपी हैं। उन्होंने नेता और चिकित्सक का नाम नहीं बताया।

बन्ना ने कहा कि राजनीति कि कुंठित मानसिकता से ग्रसित सरयू कायर की तरह पीठ पर वार करते हैं और इस तरह की साजिश रचते हैं। वे चश्मा पहनकर देखें। उन्होंने कहा कि फर्जी एफआइआर मामले में रांची और जमशेदपुर में प्राथमिकी दर्ज हुई है।

रांची के सिटी एसपी ने भी कहा है कि इस तरह की कोई एफआइआर दर्ज नहीं हुई। उसमें एफआइआर दर्ज करानेवाले का न तो नाम है और न ही उसका आधार। थाना का भी नाम नहीं है।बन्ना ने कहा कि सरयू को जमशेदपुर पूर्वी से टिकट नहीं मिल रहा है तो वे जमशेदपुर पश्चिमी के लिए तिकड़म लगा रहे हैं।

सीएम हेमंत सोरेन ने सभी डीसी को दिया निर्देश, चुनाव आयोग के नियमों को तोड़ने की आजादी नहीं

रांची, एजेंसी। सीएम हेमंत सोरेन के एक आदेश के बाद राज्य सरकार और भाजपा में ठन गई है। सीएम ने सोमवार को सोशल मीडिया में पोस्ट कर लिखा है कि सभी जिलों के डीसी संज्ञान लें और सुनिश्चित करें कि भारत निर्वाचन आयोग के सभी नियमों का सख्ती से पालन हो। झारखंड में किसी को चुनाव आयोग के नियमों को तोड़ने की आजादी नहीं है। सभी डीसी दोषियों पर कड़ी कार्रवाई करें। साथ ही सुसंगत धाराओं में मुकदामा कायम करते हुए सूचना दें।

सीएम के इस निर्देश के बाद असम के मुख्यमंत्री सह झारखंड भाजपा चुनाव सह प्रभारी हिमंता विस्वा सरमा ने कहा कि चुनाव आयोग की आदर्श आचार संहिता चुनाव अधिसूचना जारी होने की तिथि से प्रभाव में आती है। अधिसूचना जारी होने तक, प्रत्येक राजनीतिक दल को अपने कार्यक्रम संचालित करने का अधिकार है। जब तक हम किसी नियम या संवैधानिक प्रावधान का उल्लंघन नहीं कर रहे हैं, हमारी गतिविधियों में राज्य सरकार द्वारा किसी भी प्रकार का हस्तक्षेप अवैध माना जाएगा।

हेमंत ने एक्स पर क्या लिखा : सभी उपायुक्त संज्ञान लें एवं सुनिश्चित करें कि भारत निर्वाचन आयोग के सभी नियमों का सख्ती से पालन हो। झारखंड में किसी को केंद्रीय चुनाव

आयोग के नियमों को तोड़ने की आज़ादी नहीं है। सभी उपायुक्त दोषियों पर कड़ी कार्रवाई करें एवं सुसंगत धाराओं में मुकदमा कायम करते हुए सूचना दें।

झामुमो ने की भाजपा की शिकायत : झामुमो ने भी भाजपा की शिकायत की है। झामुमो की ओर से ट्वीट कर कहा गया है कि भाजपा लगातार निर्वाचन आयोग के नियमों की धज्जियां उड़ा रहा है - और चुनाव आयोग सो रहा है। सवाल करते हुए लिखा है कि आख़िर भाजपा को नियम तोड़ने की विशेष छूट है क्या ? आख़िर इतनी छूट के बाद भी 240 ही क्यों ? चुनाव आयोग कहता है कि किसी भी तरह का फॉर्म नहीं भरवाया जा सकता है। पर भाजपा के नेता, दल बदलू लगातार इसकी धज्जियां उड़ा रहे हैं और केंद्रीय चुनाव आयोग शांत है। सीएम इस पर संज्ञान लें, नहीं तो इंडिया गठबंधन भी अब ऐसे हथकंडे अपनाएगा।

ऐसे भ्रामक विज्ञापनों से रहें सावधान : उधर, इस संबंध में मीडिया में कुछ विज्ञापन आने के बाद सभी जिला प्रशासन सतर्क हो गए हैं। ई सिलसिले में गिरिडीह जिला प्रशासन ने एक प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा है कि जिले के विभिन्न क्षेत्रों यह सूचना प्राप्त हो रही है कि कुछ लोगों के द्वारा गोगो दीदी योजना के नाम से 2100 रुपए प्रति महिलाओं को लाभ देने के लिए आवेदन प्रपत्र भरवाया जा रहा है। इस संबंध में सर्वसाधारण सूचित किया जाता है कि वर्तमान में सामाजिक सुरक्षा के तहत गिरिडीह जिले में गोगो दीदी योजना के नाम से कोई भी योजना संचालित नहीं है। न ही प्रशासन द्वारा कोई आवेदन प्रपत्र जारी किया गया है। आम लोगों से अनुरोध भी किया गया है कि कि ऐसे भ्रामकों विज्ञापन से सावधान रहें। सामाजिक सुरक्षा के सहायक निदेशक के हस्ताक्षर से यह विज्ञप्ति जारी की गई है।

रांची में आरएसएस ने मनाया विजयादशमी उत्सव, प्रांत प्रचारक बोले- संघ के कारण ही आज पूर्वोत्तर और कश्मीर भारत का अंग

रांची, एजेंसी। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के झारखंड के प्रांत प्रचारक गोपाल शर्मा ने कहा कि आरएसएस के कारण ही आज कश्मीर और पूर्वोत्तर भारत का अंग बना हुआ है। इसके लिए कई स्वयंसेवको और संघ के प्रचारकों ने बलिदान दिए। उन सभी में राष्ट्र के प्रति समर्पण का यह भाव संघ की शाखाओं से मिला।

कश्मीर से धारा 370 हटाने में संघ की महत्वपूर्ण भूमिका रही। इसके लिए संघ के स्वयंसेवक वर्षों से प्रयासरत थे। 1960 में ही कश्मीर शोध संस्थान की स्थापना की गई।

पूर्वोत्तर भारत की स्थिति वर्षों पहले कैसी थी, सभी जानते हैं, परंतु संघ के प्रयास से वहां परिस्थितियां बदल गई है। देश में कई ऐसे उदाहरण हैं जो संघ की शाखाओं से निकले स्वयंसेवकों के कारण देखने को मिल रहे हैं।

शर्मा रविवार को आरएसएस के रांची महानगर की ओर से आयोजित

विजयादशमी उत्सव के अवसर पर स्वयंसेवकों व शहर के लोगों को संबोधित कर रहे थे।

कार्यक्रम का आयोजन चुटिया स्थित शास्त्री मैदान में शाम 6।30 बजे से किया गया था। इस मौके पर स्वयंसेवकों ने चुटिया में पथ संचलन निकाला।

अपने संबोधन में प्रांत प्रचारक ने कहा कि अगले वर्ष संघ की स्थापना के 100 वर्ष पूरे हो रहे हैं। इस यात्रा में कई परेशानियां आई। कई बार प्रतिबंध लगा।

1975 में तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी संघ को समाप्त करना चाहती थी। आपातकाल लगाया गया। द्वितीय सरसंघचालक श्रीगुरुजी को जेल में डाल दिया गया, परंतु संघ उस परिस्थिति से भी बाहर निकला।

गोपाल शर्मा ने कहा कि हिंदू समाज के बंटने के कारण आक्रांताओं ने हमारे मंदिरों को ध्वस्त कर दिया। विक्रमशिला, तक्षशिला, नालंदा जैसे विश्वविद्यालयों को समाप्त कर दिया। देश भी बंटता चला गया। अफगानिस्तान, वर्मा, श्रीलंका, भूटान आदि भारत से अलग हो गए।

विजयादशमी के दिन संघ की स्थापना की। हिंदू समाज को संगठित करने का काम किया। हम बंटेंगे तो परिस्थितियां वैसी ही हो जाएगी। इसलिए हमें संगठित रहना है। संघ अपने शताब्दी वर्ष पर सभी मुहल्लों व खंडों में शाखा प्रारंभ करने के लिए प्रयासरत है। इसके लिए सभी को सहयोग करने की जरूरत है। इसके साथ ही पंच प्रण के तहत संघ सामाजिक समरसता, कुटुंब प्रबोधन, पर्यावरण संरक्षण, नागरिक कर्तव्य और स्वदेशी के भाव को बढ़ावा देने पर जोर देगा।

कार्यक्रम प्रारंभ होने के बाद बारिश शुरू हो गई। इस दौरान मैदान में सभी स्वयंसेवक बैठे रहे। बारिश में ही प्रांत प्रचारक ने अपना संबोधन शुरू किया। वैसे 15 मिनट के बाद वर्षा बंद हो गई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि इक्फाई विश्वविद्यालय के कुलपति रमण कुमार झा थे। सभी लोगों ने प्रारंभ में शस्त्र पूजन किया।मंच पर क्षेत्र संघचालक देवव्रत पाहन और महानगर संघचालक पवन मंत्री थे। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में शहर के प्रमुख लोग शामिल हुए। महिलाएं भी बड़ी संख्या में थी। 1000 से अधिक स्वयंसेवक पथ संचलन में शामिल हुए।

40 हजार रुपये महीना वेतन, यात्रियों को लूटना टास्क; पुलिस ने खौफनाक गिरोह से जुड़े तीन को दबोचा

धनबाद, एजेंसी। आरपीएफ ने सोमवार को धनबाद रेलवे स्टेशन से एक महिला समेत नशाखुरानी गिरोह के तीन सदस्यों को गिरफ्तार किया है, जबकि एक भागने में सफल रहा। गिरोह में कुल छह सदस्य हैं, जिनमें से पांच बिहार के औरंगाबाद, जबकि छठा गया का रहने वाला है। सरगना औरंगाबाद के देव का अनिल सिंह है, जो पांचों आरोपितों को यात्रियों को लूटने के एवज में बतौर वेतन प्रति माह 40-40 हजार रुपये का भुगतान करता था।

गिरफ्तार आरोपितों में अनिल की पत्नी सुनैना देवी, औरंगाबाद के ही सुलैया का 45 वर्षीय वीरेंद्र सिंह व गया के खिजरसराय का 20 वर्षीय सूरज कुमार है। सुनैना का देवर सुनील पुलिस को चकमा देकर फरार हो गया। डेहरी आन सोन निवासी राजीव कुमार सिंह 12 सितंबर को धनबाद के प्लेटफार्म संख्या दो पर गंगा-सतलज एक्सप्रेस के आने का इंतजार कर रहे थे। वहां पीली साड़ी में एक महिला बैठी थी, जबकि एक व्यक्ति उसके पास टहल रहा था। कुछ देर बाद उसने राजीव से बातचीत शुरू कर दी।

थोड़ी देर में जब ट्रेन पहुंची तीनों एक ही बोगी में सवार हुए। इस बीच उसने राजीव को कोल्ड ड्रिंक और चिप्स लेने की जिद की तो न चाहते हुए भी उन्होंने एक-दो चिप्स के साथ कोल्ड ड्रिंक पी ली। इससे उन्हें नींद आने लगी। अर्द्ध बेहोशी की हालत में उसने महसूस किया कि उसकी सोने की अंगूठी, पास में पड़े 25 हजार रुपये, मोबाइल व अन्य सामान कोई निकाल रहा है। इसी बीच वह बेहोश हो गया।

. पेयजल घोटाला के विरोध में नोवामुंडी में धरना-प्रदर्शन

रेलवे की ओर से नोवामुंडी से पदापहाड़-जामकुंडिया बाईपास लाइन बनाने का भी विरोध

चाईबासा, एजेंसी। सोमवार को पेयजल घोटाला और रेलवे विभाग द्वारा नोवामुंडी से पदापहाड़-जामकुंडिया डाउन लाइन की ओर बाईपास लाइन बनाने के विरोध में नोवामुंडी प्रखंड कार्यालय के समक्ष धरना-प्रदर्शन किया गया। धरना-प्रदर्शन से पूर्व आदिवासी एसोसिएशन नोवामुंडी से रैली निकाली गई। रैली में टीना बजाओ मधु-गीता कोड़ा हटाओ, पदापहाड़ रेलवे परियोजना बंद करो, पेयजल घोटाला की जांच हो, नारा लगाते हुए रैली नोवामुंडी बाजार भ्रमण करने के बाद नोवामुंडी प्रखंड कार्यालय पहुंची। यहां पूर्व विधायक मंगल सिंह बोबोंगा ने कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री मधु कोड़ा, पूर्व सांसद गीता कोड़ा और विधायक सोनाराम सिंकु के कार्यकाल में जगन्नाथपुर विधानसभा क्षेत्र में सांसद और विधायक निधि से पेयजल आपूर्ति के नाम पर जो बोरिंग की गई है, उसमें घोटाला हुआ है। उस बोरिंग की उच्च स्तरीय जांच होनी चाहिए। साथ ही डीएमएफटी से पेयजल के लिए बनाई गई जलमीनार की भी जांच होनी चाहिए। बोबोंगा ने कहा कि 24-25 वर्षों से जगन्नाथपुर विधानसभा क्षेत्र में पूर्व मुख्यमंत्री मधु कोड़ा और पूर्व सांसद गीता कोड़ा का एकछत्र राज है।

अभी जो कांग्रेस विधायक सोनाराम सिंकु हैं वे मधु कोड़ा, गीता कोड़ा के ही डमी विधायक हैं। पूर्व मुख्यमंत्री मधु कोड़ा अपना डमी विधायक सोनाराम सिंकु के सहारे गीता कोड़ा की नैया पार कराने का मंशा पाल रखे हैं। जगन्नाथपुर की जनता 2019 में यह खेल समझ चुकी है। जगन्नाथपुर विधानसभा क्षेत्र में विकास का जो मॉडल है उसमें मूलभूत सुविधा का घोर अभाव है। मधु कोड़ा, गीता कोड़ा के गांव में डीएमएफटी से जो जलमीनार का निर्माण हुआ है उससे अब तक एक बूंद पानी की आपूर्ति गांव वालों को नसीब नहीं है। उनके गांव में अब तक आंगनबाड़ी केंद्र भवन भी नहीं बना है। रेल विभाग द्वारा प्रकाशित विज्ञापन में रेल को लाइन बिछाने के लिए पदापहाड़ के रैयतों से 119 प्लॉट कुल रकवा 21।42 एकड़ जमीन अधिग्रहित की जानी है। इस संबंध में रेल विभाग द्वारा किसी भी तरह की

ग्रामसभा को कोई जानकारी नहीं दी गई है। रैयतों द्वारा ग्रामसभा कर रेलवे को जमीन नहीं देने का निर्णय लिया गया है। रेल विभाग ग्रामसभा के नाम पर ग्रामीणों को राउरकेला बुला रही है, जो चिंता का विषय है। गरीब असहाय ग्रामीणों ने न तो राउरकेला देखा है और न ही जाने की स्थिति में है।

रेलवे इससे पहले भी जमीन ले चुकी है, कुछ लोगों को अभी तक न नौकरी मिली है और न ही मुआवजा। ऐसी स्थिति में रैयत जमीन क्यों देंगे। नोवामुंडी में रेल विभाग द्वारा तटरा हाटिंग में विगत 80 वर्षों से रह रहे लोगों को बिना पुनर्वास हटाना गलत है। कांग्रेस के पूर्व जिला अध्यक्ष सन्नी सिंकु ने कहा कि जगन्नाथपुर विधानसभा क्षेत्र को विकास के नाम पर लूट से बचाने के लिए जगन्नाथपुर विधानसभा क्षेत्र बचाव अभियान समिति का गठन किया गया है।

इस सामाजिक संगठन में विभिन्न राजनीतिक दल के कई पूर्व प्रत्याशी एकत्रित हुए हैं। जगन्नाथपुर विधानसभा क्षेत्र से डीएमएफटी में सबसे अधिक रुपया जमा होता है लेकिन जगन्नाथपुर विधानसभा क्षेत्र में डीएमएफटी राशि की बंदरबांट हो रही है। इस बंदरबांट को रोकने की जिम्मेदारी इस विधानसभा क्षेत्र के नेताओं के साथ-साथ प्रबुद्ध नागरिक और ग्रामीणों का भी है। नवाज हुसैन उर्फ बिरसा ने कहा कि जगन्नाथपुर विधानसभा क्षेत्र में मधु कोड़ा, गीता कोड़ा द्वारा एक ही व्यक्ति से विधायक और सांसद निधि से बोरिंग कराया गया है। जिस बोरिंग में कम से कम बोरिंग करके राशि का गबन किया गया है।इसे भी पढ़ें :

इसलिए जगन्नाथपुर विधानसभा क्षेत्र में सांसद, विधायक निधि से किया गया बोरिंग का उच्च स्तरीय जांच करना सुनिश्चित हो। धरना प्रदर्शन की अध्यक्षता जगन्नाथपुर विधानसभा क्षेत्र बचाव अभियान समिति के संयोजक राकेश राउत ने किया। धरना प्रदर्शन को जायारानी पाड़ेया, राजू लागुरी, सुरेश टूटी, लक्ष्मी नारायण लागुरी, राजू पान, अशोक पान, अमृत मांझी, मंजीत कोड़ा ने संबोधित किया। मौके पर गौतम लोहार, रवि लोहार, बिनीत लागुरी, विकास केराई, शैलेन्द्र सिंकु, अभिषेक सिरका, फिरोज अहमद, एरियस कुजूर, चाँदमनी बालमुचू, गौतम मिंज, साहू बालमुचू, बसंती बालमुचू, पदमानी बालमुचू, मुकेश चम्पीया, गोमा सुरेन, बुधराम बालमुचू, अभिषेक केराई, किशोर बालमुचू, गणेश जेराई, बापी करुवा, बीरु करुवा, राजेंद्र बालमुचू, कांडे बालमुचू, सुरेश बालमुचू सहित काफी संख्या में महिला पुरुष मौजूद थे।

बिहार समेत देश-दुनिया की ताजा-तरीन खबरों को जानने के लिए लॉगऑन करें : www.sonvarshavani.com

विचार-मंथन

संपादकीय

अलगाववादियों को मारा वोट का तमाचा

जम्मू-कश्मीर में हुए विधानसभा चुनाव के आखिरी चरण में भी जिस तरह लोगों ने उत्साह के साथ मतदान किया, उससे यह साफ जाहिर है कि राज्य में लोकतंत्र की नई हवा बहने की उम्मीद मजबूत हुई है। गौरतलब है कि जम्मू-कश्मीर में अंतिम चरण के चुनाव में 69.65 फीसद मतदान हुआ। तीन चरणों में हुए चुनाव में भारी संख्या में लोगों ने अपने विवेक से मताधिकार का प्रयोग कर देश के लोकतंत्र में भरोसा तो जताया ही, साथ ही उन्होंने अलगाववादी ताकतों और उन्हें पनाह देने वाले देशों को भी आईना दिखा दिया।यह भी संयोग है कि इस बार राज्य में कहीं पुनर्मतदान की नौबत नहीं आई। न कहीं कानून व्यवस्था की स्थिति बिगड़ी और न ही आतंकी हिंसा की कोई बड़ी खबर आई। वहीं तमाम अंतर्विरोधों के बीच सभी राजनीतिक दलों ने भी संयम का परिचय देते हुए देते हुए रैलियां और सभाएं कीं। इस तरह जम्मू-कश्मीर के नागरिकों ने पूरी दुनिया को बड़ा संदेश दिया कि यहां लोकतंत्र की जड़ें कितनी गहरी हैं। मुख्य निर्वाचन आयुक्त ने भी यह कहा कि इस चुनाव ने लोकतंत्र की गहराई को चिह्नित किया है और यह आने वाले वर्षों में क्षेत्र की लोकतांत्रिक भावना को प्रेरित करता रहेगा। सच यह है कि जम्मू कश्मीर के लोगों ने चुनावी बहिष्कार के किसी भी झांसे में आने के बजाय लोकतंत्र में आस्था जताई। यह कम बड़ी बात नहीं कि उन निर्वाचन क्षेत्रों में भी जम कर मतदान हुआ, जहां अलगाववादी समूह लोकतांत्रिक प्रक्रिया को ठेस पहुंचाने के लिए चुनावी बहिष्कार का एलान कर दिया करते थे। इसके उलट चुनाव में ऐसे समूहों की भागीदारी और सक्रियता देखी गई, जो एक समय वहां के लोगों से चुनाव से दूर रहने का आह्वान करते थे या उन्हें धमकाते थे। इसे एक बड़ी उपलब्धि कही जा सकती है कि चुनाव में भागीदारी करके अलगाववाद की राजनीति करने वाले समूहों ने मुख्यधारा की राजनीति और देश के संविधान में विश्वास जाहिर किया। एक खास बात यह भी दिखी कि जहां महिला मतदाताओं की संख्या में सत्ताईस फीसद से अधिक की बढ़ोतरी हुई, वहीं 2014 के बाद महिला उम्मीदवार भी अधिक संख्या में चुनाव मैदान में उतरीं। बहरहाल, नतीजों की तस्वीर चाहे जो बने, जम्मू-कश्मीर के मतदाताओं ने लोकतंत्र के पक्ष में फैसला सुना दिया है।

यूपीआईटीएस जैसे आयोजनों से यूपी की बन रही नई पहचान

(उमेश चतुर्वेदी)

यूपीआईटीएस के आयोजन में एक पूरा और एक्स्क्लूसिव हॉल इलेक्ट्रॉनिक्स का रहा, जिनमें देश के 100 से अधिक स्टार्टअप्स और इलेक्ट्रॉनिक्स कंपनियों ने अपने उत्पाद प्रदर्शित किए और लोगों को अपनी तरक्की से प्रभावित किया। पिछली सदी के अस्सी के दशक में जिस उत्तर प्रदेश को बीमारू कहकर उपहास उड़ाया जाता था, उसी यूपी में यूपीआईटीएस का भव्य आयोजन होना मामूली बात नहीं है। राज्य के तेजी से विकसित हो रहे ग्रेटर नोएडा शहर में 25 से 29 सितंबर तक चले उत्तर प्रदेश इंटरनेशनल ट्रेड शो में देशभर की बड़ी कंपनियों का जुटान यह बताने के लिए काफी है कि राज्य में निवेश और कारोबार को लेकर भरोसा बढ़ रहा है। चार दिनों तक चले यूपीआईटीएस का आयोजन 15 हॉल में किया गया था। वैसे तो अपने आप में सभी हॉल यूपी में आ रहे बदलाव और उसमें कारोबार और निवेश की दुनिया के दिग्गजों की दिलचस्पी की कहानी कह रहे थे। लेकिन विशेष आकर्षण का केंद्र रहा है, यूपी इन्वेस्ट का हॉल, जिसमें देश के तकरीबन सभी अहम क्षेत्रों की कंपनियों ने अपनी मौजूदगी दर्ज कराई। जिनमें देश की अग्रणी अडानी, अंबानी, रिलायंस, लुलु हाइपर मार्केट, वाइब्स जैसी कंपनियां शामिल रहीं। इस आयोजन में एक पूरा और एक्स्क्लूसिव हॉल इलेक्ट्रॉनिक्स का रहा, जिनमें देश के 100 से अधिक स्टार्टअप्स और इलेक्ट्रॉनिक्स कंपनियों ने अपने उत्पाद प्रदर्शित किए और लोगों को अपनी तरक्की से प्रभावित किया। साल 2018 में राज्य के मुख्यमंत्री योगी आदित्य नाथ ने स्थानीय उत्पादों को बाजार और पहचान मुहैया कराने के लिए एक जिला, एक उत्पाद नाम से योजना शुरू की थी। जिसे संक्षेप में ओडीओपी के नाम से जाना जाता है। यूपीआईटीएस के इस आयोजन में ओडीओपी के लिए भी अलग से हॉल तैयार था, जिसमें राज्य के सभी 75 जिलों के 325 उत्पादक अपने स्थानीय विशेष उत्पादों के साथ मौजूद रहे। गौर करने की बात यह है कि इनमें काफी संख्या महिलाओं की रही। इस योजना के जरिए अपने उत्पादों को बाजार तक पहुंचा रहे कुछ दिव्यांग कारोबारी भी इसमें शामिल थे। इस आयोजन में पशुधन विकास, दुग्ध उद्योग, मत्स्य पालन, कृषि उत्पाद और खाद्य संरक्षण की भी कंपनियां शामिल रहीं और अपने उत्पादों को दुनिया के सामने प्रस्तुत किया। इस आयोजन में सबसे ज्यादा आकर्षण का केंद्र फूड प्रोसेसिंग वाला हॉल रहा, जहां उत्तर प्रदेश के स्थानीय खाद्य उत्पादों और व्यंजनों को बतौर नमूने प्रस्तुत किया गया। लोगों ने उनके स्वाद का भरपूर लुत्फ उठाया और उनकी खरीददारी भी की। इस आयोजन का 14 और 15 नंबर का हॉल निर्यातकों के लिए विशेष तौर पर आरक्षित था। जिसमें उत्तर प्रदेश के करीब सभी निर्यात होने वाले उत्पाद प्रदर्शित किए गए। ये हॉल विदेशी ग्राहकों को सबसे ज्यादा लुभाते दिखे। यहां जमकर खरीददारी भी हुई और ऑर्डर भी मिले। यहां यह भी बताना जरूरी है कि इसे देखने के लिए दुनियाभर से करीब 400 लोगों को आमंत्रित किया गया था। हालांकि कुछ विदेशी ग्राहक ऐसे भी थे, जो खुद यहां पहुंचे। विदेशी ग्राहकों और कंपनियों को यहां राज्य के उत्पादकों और निर्यातको को कारोबारी बैठक के लिए सुविधा भी उपलब्ध कराई गई। जिसका राज्य को फायदा भी हुआ और करोड़ों रुपए के ऑर्डर भी मिले। ऊर्जा, नवीकरण ऊर्जा, और रक्षा उत्पाद को भी इस हॉल में प्रदर्शित किया गया था। इस आयोजन में शिक्षा से जुड़ी तमाम संस्थाएं जिनमें कुछ बड़े विश्वविद्यालय भी शामिल थे, ने युवाओं को अपनी सुविधाओं और योजनाओं की जानकारी दी। पांच दिनों तक चले इस आयोजन में पांच सत्रों का आयोजन किया गया, जो ई कॉमर्स ट्रेंड्स और अवसर, नवाचार और स्टार्टअप्स, देश की निर्यात क्षमता, आदि पर आधारित थे। इस आयोजन में रोजाना शाम 4 बजे से रात 9 बजे तक सांस्कृतिक कार्यक्रमों को भी प्रस्तुत किया गया। पांच दिनों के इस आयोजन में यहां आए लोगों को जौनपुर और लखनऊ के टुंडे कबाब, बलिया का लिट्टी-चोखा, कानपुर की चाट, खुर्जा की खुरचन, आगरा का पंछी पेठा, मथुरा का पेड़ा और बनारस का पान आदि राज्य के खांटी देसज व्यंजनों का स्वाद भी चखने को मिला। इस आयोजन की उपलब्धि ही कही जाएगी कि आयोजन के चौथे दिन उद्यमियों को अमेरिका, फ्रांस और जापानी कंपनियों से 100 करोड़ रुपए से अधिक के ऑर्डर प्राप्त हुए। इस दौरान बिरला एयरकॉन और सोनी के बीच जहां 50 करोड़ का करार हुआ, वहीं मदरसन कंपनी को 25 करोड़ के ऑर्डर मिले। इसी तरह आइसक्रीम की मशहूर कंपनी वडीलाल और जैन शिकंजी को 10-10 करोड़ रुपए के ऑर्डर मिले। पूरे आयोजन में करीब 5 लाख से ज्यादा लोगों ने हिस्सा लिया। यूपीआईटीएस 2024 का सहयोगी आयोजक वियतनाम रहा। जिसके राजदूत की अगुआई में एक प्रतिनिधिमंडल ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मुलाकात की। इस मुलाकात के दौरान वियतनाम ने राज्य में खाद्य प्रसंस्करण एवं आईटी के क्षेत्र में निवेश को लेकर उत्सुकता जाहिर की। इस मौके पर पिछले साल यानी 2023 के आयोजन की याद आना स्वाभाविक है। तब आयोजन के पहले दिन यानी 21 सितंबर को अपेक्षाकृत कम भीड़ देखने को मिली थी, हालांकि बाद के हर दिन को लोगों के आने का सिलसिला बढ़ता ही गया। दूसरे दिन 48 हजार लोग मेले में पहुंचे थे। वहीं तीसरे दिन मेले में आने वालों की संख्या बढ़कर 70 हजार पहुंच गई। चौथे दिन 88 हजार से अधिक जबकि पांचवें और अंतिम दिन संख्या 90 हजार के पार पहुंच गई। बहरहाल यूपीआईटीएस के बीते आयोजन में राज्य के हस्तशिल्प उद्योग को नई उड़ान मिली है। इस दौरान राज्य के हस्तशिल्प उत्पादों की जबरदस्त खरीदारी हुई। इस आयोजन के दौरान 75 हजार कारोबारी निर्यात के ऑर्डर भी मिले। इससे ऐसा लगता है कि राज्य के लघु उद्योगों को नई पहचान मिल रही है। इस बार का आयोजन पिछली बार की तुलना में एक कदम आगे रहा है। कभी उत्तर प्रदेश को भदेस और उसके उत्पादों को उपहास की नजर से देखा जाता था। लेकिन यूपीआईटीएस जैसे आयोजनों के चलते उत्तर प्रदेश की पहचान भदेस से निकल रही है और राज्य नए सिरे से ना सिर्फ अपनी पहचान हासिल करता दिख रहा है, बल्कि राज्य के हस्तशिल्प और दूसरे उत्पादों को वैश्विक बाजार मिलता दिख रहा है।

> *पांच दिनों के इस आयोजन में यहां आए लोगों को जौनपुर और लखनऊ के टुंडे कबाब, बलिया का लिट्टी-चोखा, कानपुर की चाट, खुर्जा की खुरचन, आगरा का पंछी पेठा, मथुरा का पेड़ा और बनारस का पान आदि राज्य के खांटी देसज व्यंजनों का स्वाद भी चखने को मिला।*

क्या खेती का घाटा भर पाएगी सरकार की प्रोत्साहन योजना?

बढ़ती आबादी के मद्देनजर खाद्य सुरक्षा सरकार के सामने एक बड़ी चुनौती है। जलवायु परिवर्तन का प्रतिकूल प्रभाव सबसे अधिक खेती-किसानी पर देखा जा रहा है। हर वर्ष अन्न उत्पादन बढ़ाने की राह में मुश्किलें बढ़ रही हैं। ऐसे में कृषि क्षेत्र को प्रोत्साहन की दरकार महसूस की जाती रही है। केंद्रीय मंत्रिमंडल की कृषि क्षेत्र के लिए एक लाख करोड़ रुपए से अधिक की दो नई परियोजनाओं को मंजूरी मिलने से स्वाभाविक ही इस क्षेत्र में कुछ बेहतरी की उम्मीद जगी है। टिकाऊ खेती को बढ़ावा देने के मकसद से सरकार ने प्रधानमंत्री राष्ट्रीय कृषि विकास योजना और कृषोन्नति योजना नामक दो नई योजनाएं शुरू की हैं।हालांकि इस क्षेत्र के लिए पहले से कई योजनाएं चल रही हैं। कृषि कर्ज और फसल बीमा को सुविधाजनक बनाया गया है। किसानों की प्रोत्साहन राशि बढ़ा कर छह हजार से दस हजार रुपए प्रति वर्ष कर दी गई है। इनके बीच दो नई योजनाएं शुरू होने से खेती-किसानी में कुछ बेहतरी की संभावना बन सकती है। सरकार ने इस वर्ष तक किसानों की आमदनी दोगुनी करने का वादा किया था। वह वादा पूरा तो नहीं हो पाया, पर कुछ तरक्की के संकेत जरूर मिले हैं। देखना है, नई योजनाएं इस वादे को पूरा कर पाने में कितनी और कहां तक मददगार साबित होती हैं।सरकारी दावों के बरक्स जमीनी हकीकत कुछ अलग है। स्थिति यह है कि खेती लंबे समय से घाटे का उद्यम बन चुकी है। बहुत सारे क्षेत्रों में सिंचाई की उचित सुविधा उपलब्ध नहीं है। वहां किसानों की मानसून पर निर्भरता है। फिर, खेती में लागत काफी बढ़ गई है। बीज, उर्वरक और कीटनाशकों आदि की कीमतें बहुत सारे किसानों की पहुंच से बाहर हो चुकी हैं। फसलों के उचित दाम नहीं मिल पाते। लागत और लाभ में काफी अंतर है। कुछ फसलें लागत से भी कम कीमत पर बेचनी पड़ती हैं।सरकार हर वर्ष न्यूनतम समर्थन मूल्य की घोषणा तो करती है, मगर उस कीमत पर भी अनाज बाजार में नहीं बिक पाता।

हमें परस्पर जोड़ते नवरात्रि जैसे अखिल भारतीय त्योहार

(जवाहर सरकार, पूर्व सांसद और पूर्व संस्कृति सचिव)

कई लोगों को अक्सर आश्चर्य होता है कि प्राचीन भारतीय धर्म- हिंदू, बौद्ध और जैन (सिख इतना पुराना नहीं है) कैसे हजारों सालों से जीवित हैं और समृद्ध होते रहे हैं? वह भी बाइबिल या कुरान जैसे पवित्र धर्मग्रंथों और मक्का, वेटिकन या येरुशलम के मार्गदर्शन के बिना। दरअसल, किसी एक केंद्रीय सत्ता या समान प्रारूप का न होना ही इसकी वास्तविक वजह है। हिंदू धर्म में निहित सहिष्णुता और इसके संघीय स्वरूप ने ऐतिहासिक रूप से अलग-अलग भूगोल में बिखरी 'राष्ट्रीयताओं' को बिना किसी जोर-आजमाइश के एक किया है। इसमें अखिल भारतीय त्योहारों ने मुख्यतः छतरी का काम किया है, जिसके नीचे स्थानीय परंपराओं और सांस्कृतिक अभिव्यक्तियों को सार्वभौमिक स्वीकृति मिली। नवरात्रि से इसे समझने का प्रयास कर सकते हैं। सभी हिंदू शरद ऋतु के इन नौ दिनों और दस रातों पर एकमत हैं, लेकिन विभिन्न क्षेत्रों में इनका पालन अलग-अलग होता है। मोटे तौर पर हम नवरात्रि की व्याख्या तीन क्षेत्रों में बांटकर कर सकते हैं- उत्तर व पश्चिम, पूर्व व कुछ पूर्वोत्तर और तीसरा हिस्सा, दक्षिण। उत्तर और पश्चिम में नौ दिनों तक उपवास व संयमित खान-पान का प्रचलन है, लेकिन यहां दशहरा का जश्न रावण पर राम की जीत के रूप में मनाया जाता है। पूर्व व पूर्वोत्तर राम का नहीं, बल्कि दुर्गा का, वह भी उनके सबसे उग्र रूप का उल्लास मनाता है और बुराई (महिषासुर) पर उनकी जीत की विजयादशमी मनाता है। मगर दक्षिण भारत के आंध्र प्रदेश व मैसूरु में न तो राम और न ही दुर्गा, बल्कि पांडवों की जीत का जश्न है नवरात्रि। दक्षिण में नवरात्रि के दौरान अलग-अलग देवियों की पूजा भी की जाती है। तमिल पहले तीन दिन लक्ष्मी की पूजा करते हैं और अगले तीन दिन पार्वती या दुर्गा की। आखिरी के तीन दिन सरस्वती का पूजन होता है। हमें लकड़ी के तख्तों पर रखी गई कई गुड़ियों की आकर्षक प्रदर्शनी देखने को मिलती है, जिन्हें बोम्बई कालू या इसी तरह के अन्य नामों से पुकारते हैं। नवरात्रि के अंत में महाराष्ट्र और ओडिशा जैसे दक्षिणी राज्यों में अस्त्र पूजा की जाती है, जिसमें औजारों व यंत्रों की पूजा होती है, ठीक गंगा के मैदानी इलाकों, बंगाल और पूर्वी हिस्सों में मनाई जाने वाली विश्वकर्मा पूजा की तरह। उत्तर और दक्षिण भारत नौ दिनों में देवी के नौ रूपों की समान पूजा करते हैं, लेकिन पूर्व में बंगाल व उसके पड़ोसी राज्यों में सिर्फ अंतिम तीन दिन और दसवें दिन का जश्न मनाया जाता है। वे खान-पान में कोई प्रतिबंध नहीं रखते, लेकिन मछली-मांस ज्यादा पसंद करते हैं। राजस्थान के कुछ राजपूत परिवार तो बकरे और भैंसों की बलि भी देते हैं। स्थानीय रीति-रिवाज अखिल भारतीय त्योहारों में किस कदर रच-बस जाते हैं, इसे भी नवरात्रि मनाने के तरीके से समझा जा सकता है। मसलन, महाराष्ट्र में इसे घटस्थापना उत्सव के रूप में मनाया जाता है, जिसमें मिट्टी के एक घड़े में पानी भरकर उसे गीली मिट्टी के आधार पर रखते हैं और उस पर सात प्रकार के खाद्यान्न बोते हैं, जो इन नौ दिनों में अंकुरित होते हैं। गुजरातियों को पता है कि घड़ा उर्वरता का प्रतीक है और वे इसे गर्भ कहते हैं। उनका प्रसिद्ध नृत्य गरबा घड़े के चारों ओर ही होता है, जिसमें एक जलता दीपक रखते हैं। हालांकि, डांडिया रास से मिलन के बाद गरबा का ज्यादातर हिस्सा बदल गया है। गोवा में बर्तन तांबे का होता है और कई अन्य समुदायों ने भी इस दौरान दाल, अनाज, जौ या अन्य बीज बोना शुरू कर दिया है। बंगाल में भी नवपत्रिका, यानी केला, हल्दी, बेल, अनार और धान जैसे नौ पौधों की पत्तियों को दुर्गा पूजा के पहले दिन (सप्तमी) घुटने भर पानी में पवित्र किया जाता है और केला के पौधे व अन्य पत्तियों को साड़ी में लपेटकर कोला बौ (एक हरी दुल्हन) के रूप में देवी के साथ पूजा जाता है। जाहिर है, विविधता को समेटने की यही भावना लाखों लोगों को एक साथ लाती है।

सुडोकू पहेली क्रमांक- 3892

2	3				7			1
1	8		5	3		4		
	4	6						
	5				8			2
	6			2			9	
9			3					
						8	2	
		3		5	9		4	7
5			7				3	9

नियम : प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक अंक भरे जाने आवश्यक हैं, इनका क्रमवार होना आवश्यक नहीं है। आड़ी व खड़ी पंक्ति में एवं 3x3 के वर्ग में अंक की पुनरावृत्ति न हो, पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते।

सुडोकू पहेली क्र. 3891

6	4	7	1	9	3	2	8	5
9	5	2	6	8	7	1	4	3
3	1	8	2	4	5	9	6	7
4	3	6	5	2	9	7	1	8
5	8	9	7	1	6	3	2	4
2	7	1	4	3	8	5	9	6
8	2	5	3	6	1	4	7	9
7	9	4	8	5	2	6	3	1
1	6	3	9	7	4	8	5	2

वर्ग पहेली 5516

1	2	3	■	4	5	■	6
			■	8		9	
	■	10	11		■	12	
■	13			■	14		
15		■	16	17		■	■
18		■	19		■	20	21
■	22	23	■	24			
25				■	■	26	

संकेत: बाएं से दाएं
1. विदिशा के श्रेष्ठी की पुत्री जिससे सम्राट अशोक ने विवाह किया, युग की सबसे लोकप्रिय अभिनेत्री जिन्होंने पांच फिल्मफेयर पुरस्कार प्राप्त किए (3)
4. यह बनारस का पुराना नाम है (2)
7. नापने का मापदंड, मानकंद (3)
8. इसी समय, अभी (4)
10. कार्यक्रम प्रस्तुतकर्ता (3)
12. खून की नली या नाड़ी (2)
13. यह नदी नेपाल में काली नदी के नाम से प्रसिद्ध है (3)
14. दक्षिण अमेरिका के उत्तर पूर्वी तट पर इस देश की राजधानी जार्ज टाउन है (3)
15. जो एक ही कुली से उत्पन्न हो (2)
16. जीवन, जिंदगी (3)
18. चौपड़ का खेल, चौसर का खेल (2)
19. रहस्य, गुप्त भेद (2)
20. एक प्रकार का श्वास रोग (2)
22. पटना से करीब 90 किमी दूर पुण्य स्थान जहां श्राद्ध किया जाता है (2)
24. ब्रह्मा का एक नाम (4)
25. खिसकता, रेंगना (4)
26. भीड़ का प्रेरित या उत्तेजित करने के लिए किया गया सामूहिक उद्घोष (2)

ऊपर से नीचे
1. पुरुषों के लिए आदर सूचक शब्द (3)
2. चुकाने का दायित्व, भार (2)
3. सप्ताह का अंत (4)
4. नास्तिक (3)
5. मन की स्थायी वृत्ति (2)
6. लाड़ करना, प्यार करना, दुलार करना (4)
9. किनारा, फुटनोट (3)
11. क से ह तक की वर्णमाला (4)
13. सुंदरवन स्थित एक प्रसिद्ध तीर्थ (5)
14. वाद्यों के कुछ बोलों का क्रमबद्ध मिलान (2)
15. एक राजनीतिक पार्टी का संक्षिप्त नाम (2)
17. यज्ञ कराने वाला या यज्ञ करने वाला (3)
20. रगड़ या पीसकर टुकड़े-टुकड़े करना (3)
21. वृतांत, कोई गूढ़ बात, मामला (3)
23. तिब्बत और मध्य एशिया का जंगली भैंसा (2)

वर्ग पहेली 5515 का हल

नी	ल	म	सं	जी	व	रे	ड़ी
ल	ग	ना	■	वि	■	ज	■
गा	न	■	मौ	का	प	र	स्त
य	व	नि	का	■	ह	■	न
■	ट	का	■	द	र	मा	हा
स	■	ह	ला	ल	■	न	र
जा	री	■	■	प	पी	हा	■
■	ल	घु	म	ति	■	नि	जी

आज का राशिफल

मेष

आज जीवन में एक व्यवस्थित तरीके से चलना पसंद करेंगे और आत्मविश्वास में भी वृद्धि देखने को मिलेगी। आप जो भी काम करेंगे, उसमें आपको संतुष्टि और शांति दोनों मिलेंगी, जिससे आप अपनी चीजों को लेकर क्लियर रहेंगे। साथ ही नवरात्र के मौके पर घरवालों के साथ पूजा पाठ के कार्यक्रम में शामिल भी होंगे। वहीं नौकरी करने वालों के करियर में अच्छी तरक्की देखने को मिलेगी।

वृष

आज भाग्य का साथ मिलेगा। आपकी प्रोन्नति यदि रुकी है तो आज इसका रास्ता साफ हो सकता है। आप अपनी वाक्पटुता से कुछ लोगों की दिल जीत पाने में सफल होंगे। किसी बड़े अफसर को अपनी ओर आकर्षित करने में सफल रहेंगे। नेत्र विकार से जुड़ी परेशानियां दूर होंगी और आपको लाभ होगा। रात के वक्त अधिक तीखा खाना न खाएं, वरना आपकी सेहत प्रभावित हो सकती है।

मिथुन

आज मान प्रतिष्ठा में वृद्धि का दिन है और योजनाएं सफल होंगी। आपको सत्तारूढ़ महान व्यक्तियों की कृपा से धन लाभ होगा और आपके रुके कार्य पूर्ण होने से आपको खुशी होगी। अवसरों का लाभ उठाने से आपको खुशी होगी और आपके धन सम्मान में वृद्धि होगी।

कर्क

आज दिन लाभ और सफलता से भरा होगा। व्यापार में कुछ बदलाव हो सकते हैं और आपको इससे लांग टर्म में फायदा होगा। आप नौकरीपेशा हैं तो आपके अधिकार बढ़ेंगे और आपकी आर्थिक स्थिति मजबूत होगी। परिवार के लोगों की तरफ से आपको लाभ और सहयोग प्राप्त होगा और आप बिजनस में कुछ नया करने के बारे में सोच सकते हैं।

सिंह

आज आपके सभी कार्य पूर्ण होंगे। पैसों के मामले में हाथ संभालकर चलें और फालतू खर्च करने से बचें। शेयर मार्केट में निवेश न करें वरना नुकसान हो सकता है। भौतिक सुख सुविधाओं की वृद्धि होने से मन प्रसन्न होगा और आपको लाभ होगा। नए कार्य में निवेश कर सकते हैं तो आपको लाभ होगा। संतान की नौकरी और विवाह के लिए आपको योजना बनाने से लाभ होगा।

कन्या

आज दिन शुभ है और आपको कारोबार में मनचाहा लाभ होने से खुशी होगी। आपका मन खुश होगा। आपके सामने ऐसे अनावश्यक खर्चे सामने आएंगे, जो कि आपको करने पड़ सकते हैं। आपकी उन्नति रुकी है तो उसका रास्ता साफ हो सकता है। बड़ी मात्रा में पैसा आने से हर्ष होगा।

तुला

आज आज का दिन सावधानी से बिताने का है। आपको आर्थिक मामलों में परेशानी का सामना करना पड़ सकता है। कोई भी फैसला काफी सोचकर करें वरना आपको नुकसान हो सकता है। बड़ी हानि हो सकती है और परेशानियां बढ़ सकती हैं। आप नौकरी करते हैं तो अधिकारियों की कृपा से आपके कई रुके कार्य पूर्ण हो जाएंगे। रात का समय परिवार के साथ आनंद में बीतेगा।

वृश्चिक

आज सफलता से भरा होगा और आपके रुके कार्य पूर्ण होने से आपको खुशी होगी। आपके अधिकारों में वृद्धि होगी और आपकी जिम्मेदारियां भी बढ़ेंगी। अपनी शानशौकत के लिए आप काफी खर्च कर सकते हैं। मन से दूसरों की भलाई करेंगे और आपको सम्मान की प्राप्ति होगी। बुजुर्गों की सेवा करने से आपको लाभ होगा और आपका मन हल्का होगा। कोई मेहमान आपके घर आपसे मिलने आ सकता है।

धनु

आज आपका दिन सम्मान दिलाने वाला साबित होगा। किसी मामले में नुकसान हो सकता है सावधान रहें और फालतू खर्च से दूर रहें। अचानक से कहीं से धन की प्राप्ति हो सकती है। जोखिम से दूर रहें और अपने काम पर फोकस करें। आपके सम्मान को ठेस पहुंच सकती है। लोग आपका दिल दुखा सकते हैं। फिर आपको परेशानियों का सामना करना पड़ सकता है।

मकर

आज आप नौकरी करते हैं तो आपके अधिकारों में वृद्धि होगी। साहस और पराक्रम में वृद्धि होने से आपके रुके कार्य पूर्ण होंगे। संतान के प्रति प्रेम भाव बढ़ेगा और आप खुश रहेंगे। संतान की तरक्की से आप खुश होंगे और आपके सभी रुके कार्य की पूर्ति होगी। नौकर चाकरों का सुख मिलेगा और आपकी सुख सुविधाओं बढ़ेंगी। धन सम्मान भी प्राप्त होगा।

कुंभ

आज आपके सम्मान में वृद्धि होगी और आपकी योजनाएं सफल होंगी। रुके हुए धन की प्राप्ति होने से आपके रुके कार्य पूर्ण होंगे। विश्वास प्राप्त व्यक्ति एवं नौकर चाकरों पर यकीन करने से बचें। आप सावधान रहें और किसी पर भरोसा न करें। परिवार के मामले में कोई बड़ा आर्थिक फैसला न करें। इसमें आपको नुकसान हो सकता है। शाम को आपको सम्मान की प्राप्ति होगी। शुभव्यय और कीर्ति में वृद्धि होगी। वाहनों के प्रयोग में सतर्क रहें।

मीन

आज दिन तरक्की से भरा होगा। आप कहीं से लोन लेने के बारे में सोच रहे हैं तो आसानी से मिल जाएगा। नई-नई योजनाएं बनाकर काम करेंगे तो आपको सफलता प्राप्त होगी। आपके साहस और पराक्रम में वृद्धि होने से आत्मविश्वास बढ़ेगा और आपको धन लाभ होगा और कारोबार में सफलता प्राप्त होगी।

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक श्रीराम अम्बष्ट द्वारा भास्कर प्रिंटिंग प्रेस, (डी वी कार्पो. लि.) उड़ान टोला, दानापुर कैंट, शिवाला रोड, खगौल, पटना में मुद्रित एवं सोन वर्षा वाणी बिल्डिंग, क्लब रोड, औरंगाबाद (बिहार) से प्रकाशित
संपादक- श्रीराम अम्बष्ट, उप संपादक- साकेत अम्बष्ट फोन/फैक्स-०6186-226116 मो.-9934957121, E-mail : sonevershavani@gmail.com, RNI-BIHHIN/1998/3009

जापान में है दुनिया का सबसे महंगा पेड़

दुनिया भर में एक से बढ़कर एक और अनोखी चीजें मौजूद हैं, जो हमेशा से ही लोगों को अपनी और आकर्षित करती आई है। कई चीज ऐसी है जो अपनी खासियत की वजह से लोगों को हैरान भी कर देती है। लोगों को अपने घर में पौधे लगाना अक्सर ही पसंद आता है और इनकी सामान्य कीमत 50 से 100 रुपए तक की होती है। लेकिन आज हम आपको एक ऐसे पेड़ के बारे में बता रहे हैं, जिसकी कीमत करोड़ों रुपए में है।

जाहिर सी बात है करोड़ों रुपए के पौधे के बारे में सुनकर कोई भी हैरान रह जाएगा। लेकिन यह कोई मजाक या सोचने वाली बात नहीं है बल्कि वाकई में सच है। आज हम आपको बताते हैं कि दुनिया का ये सबसे महंगा पेड़ कहां पाया जाता है, कैसा है और इसकी कीमत कितनी है।

दुनिया का सबसे कीमती पेड़ पाइन बोनसाई है, जो जापान में पाया जाता है। 2011 में हुए एक इंटरनेशनल इवेंट में इस पेड़ को 1.3 मिलियन डॉलर में बेचा गया था। भारतीय रुपयों में यह कीमत 10 करोड़ के बराबर होती है। इसकी खासियतें इसे दुनिया का सबसे कीमती पेड़ बनाती है।

800 साल का है पेड़

यह पेड़ मियाजिमा बौने देवदार पेड़ की प्रजाति का है, जिसकी लंबाई बहुत कम होती है। ऊंची पत्तियों वाले इस पेड़ का तना काफी मजबूत और घुमावदार होता है। बताया जाता है कि इसकी आयु 800 साल तक की होती है और यह देखने में काफी सुंदर लगता है।

पेड़ की खासियत

इस शानदार से शेप वाले जापानी सफेद पाइन बोनसाई की विशेषताओं की बात करें तो यह बहुत ही अद्भुत है। जंगलों के पेड़ों की तरह इसमें तिरछा तना और मुड़ी हुई छाल दिखाई पड़ती है। यह शेप में किसी छतरी की तरह दिखाई देता है और इसकी लंबाई सिर्फ 1 मीटर है। इन सब के बावजूद भी यह सबसे कीमती पेड़ है।



अटारी रेलवे स्टेशन जहां नहीं मिलती बिना पासपोर्ट और वीजा के एंट्री

अपने देश से बाहर जाने यानि विदेश जाने के लिए वीजा और पासपोर्ट की आवश्यकता होती है। बता दें कि वीजा एक अधिकार होता है जिसके तहत आपको दिए गए समय तक उस देश में रहने की अनुमति देता है जबकि पासपोर्ट आपकी पहचान को सत्यापित करता है और आपको अन्य देशों में प्रवेश करने की अनुमति देता है। पासपोर्ट में आपकी व्यक्तिगत जानकारी जैसे कि नाम, जन्मतिथि, राष्ट्रीयता, आदि शामिल होता है। जिसके बगैर किसी भी देश में एंट्री नहीं हो सकती है। ये तो हो गई विदेशों की बात लेकिन ऐसी एक जगह हमारे भारत में भी है, जहां बिना पासपोर्ट और वीजा के एंट्री नहीं मिलती है। केवल इतना ही नहीं, नियमों का पालन नहीं करने पर आपको सजा भी हो सकती है।

इस स्टेशन पर जरुरी है ये दस्तावेज

दरअसल, हम बात कर रहे हैं पंजाब राज्य में स्थित अटारी रेलवे स्टेशन की जो कि अमृतसर जिले में है। यहां से पाकिस्तान के लिए ट्रेन चलती है। यह भारत का एक मात्र ऐसा रेलवे स्टेशन हैं, जहां पासपोर्ट और वीजा दोनों की आवश्यकता है ताकि आप वहां के अंतरराष्ट्रीय इलाके में यात्रा कर सकें। यहां बहुत कड़ी सिक्योरिटी रहती है ताकि कोई भी चूक ना हो।

बिना डॉक्यूमेंट्स हो सकती है सजा

अटारी रेलवे स्टेशन पर बिना वीजा और पासपोर्ट के पकड़े जाने पर 14 फॉरेन एक्ट का प्रावधान होता है। बता दें कि यह कानून बिना आवश्यक डॉक्यूमेंट्स के अंतरराष्ट्रीय इलाके में पकड़े जाने पर केस दर्ज किया जा सकता है। जिसके बाद जमानत लेने के लिए कई साल लग जाते हैं।

इन ट्रेनों का होता है संचालन

दिल्ली और अमृतसर से पाकिस्तान के लाहौर जाने वाली रेलगाड़ियां अटारी स्टेशन से ही गुजरती हैं। यह यात्रा भारत और पाकिस्तान के बीच समय-समय नागरिकों के लिए चलाई जाती है। जिनमें से समझौता एक्सप्रेस भी एक है। हालांकि, पिछले कुछ सालों में पाकिस्तान के साथ भारत के संबंध बिगड़े हैं। जिसके कारण फिलहाल इस ट्रेन का संचालन बंद है।

पासपोर्ट में आपकी व्यक्तिगत जानकारी जैसे कि नाम, जन्मतिथि, राष्ट्रीयता, आदि शामिल होता है। जिसके बगैर किसी भी देश में एंट्री नहीं हो सकती है। ये तो हो गई विदेशों की बात लेकिन ऐसी एक जगह हमारे भारत में भी है, जहां बिना पासपोर्ट और वीजा के एंट्री नहीं मिलती है। जी हां, बिल्कुल सही सुना आपने तो चलिए आज हम आपको उस स्टेशन से रूबरू करवाते हैं, जहां पर बिना पासपोर्ट और वीजा के आपको एंट्री नहीं मिल सकती है।

सुरक्षा के कड़े इंतजाम

बता दें कि अटारी रेलवे स्टेशन पर कई फिल्मों की शूटिंग हो चुकी है। इसके अलावा, यहां खुफिया एजेंसी की नजर 24 घंटे रहती है। यहां तक कि यहां कुली का भी रहना मना है। इसलिए आपको यहां अपना सामान भी खुद उठाना पड़ेगा। बॉर्डर इलाके पर स्थित इस स्टेशन की सुरक्षा के लिए कड़े इंतजाम हैं ताकि कोई अनहोनी ना हो। अटारी रेलवे स्टेशन से किसी कारणवश ट्रेन लेट हो जाती है, तो भारत और पाकिस्तान दोनों के रजिस्टर में एंट्री होती है।

ग्रीनलैंड में हेलीकॉप्टर और नाव से यात्रा करते हैं लोग

ग्रीनलैंड भौगोलिक रूप से उत्तरी अमेरिका में स्थित है। जिसका नियंत्रण डेनमार्क के पास है। ग्रीनलैंड का स्वतंत्र गणराज्य होने के बावजूद डेनमार्क द्वारा कुछ क्षेत्रों में प्रशासन और सुरक्षा उपायों का नियंत्रण बनाए रखा गया है। बता दें कि ग्रीनलैंड का क्षेत्रफल बहुत बड़ा है और यह दुनिया का 12वां सबसे बड़ा देश है। इसका प्रमुख भूखण्ड बर्फ से ढका रहता है। ग्रीनलैंड की यात्रा बहुत अनोखी होती है। यहां पहुंचने के लिए सीधी उड़ानें उपलब्ध नहीं है। बता दें कि यात्री आमतौर पर डेनमार्क या आइसलैंड के माध्यम से ग्रीनलैंड जाते हैं और वहां पहुंचने के लिए हेलीकॉप्टर, नाव, प्लेन या डॉग स्लेज का सहारा लेते हैं, जिससे प्राकृतिक सौन्दर्य का अनुभव होता है। आपको यह जानकर हैरानी होगी कि ग्रीनलैंड में सड़क और रेल नेटवर्क भी नहीं है।

रात में भी दिखता है सूरज

ग्रीनलैंड के उत्तरी क्षेत्रों में गर्मी के दिनों में सूरज पूरी तरह से डूबता नहीं है और आप रात को भी सूरज देख सकते हैं। इस घटना को मिडनाइट सन या मिडनाइट सनशाइन कहा जाता है। यहां आप अगस्त के महीने में जाएं। इस दौरान आपको यहां बर्फ से ढकी ग्रीनलैंड सूरज के नीचे बेहद सुंदर नजर आएगी। इसके अलावा, यहां पर दुनिया का सबसे बड़ा राष्ट्रीय उद्यान है, जिसका नाम "Northeast Greenland National Park" है जो कि साल 1974 में स्थापित किया गया था।

इस कारण पिघलता है ग्लेशियर

बता दें कि ग्रीनलैंड के केंद्र में बर्फ की चादर की मोटाई 3 किलोमीटर तक पहुंच जाती है, जिसके कारण ग्लेशियर पिघलता है। अनुमानों के अनुसार, ग्लेशियर के पिघलने का असर महासागरों में देखने को मिलता है। इससे विश्व महासागर का स्तर 6 से 7 मीटर तक भी पहुंच जाता है। दरअसल, ग्रीनलैंड की जलवायु बहुत ठंडी होती है, जिससे बर्फ का जमाव बड़े हिस्सों में होता है।



इस गांव में शादी के बाद पहली पूजा श्मशान घाट में करता है नवविवाहित जोड़ा

अब तक आपने सुना होगा कि शादी के बाद नवविवाहित जोड़ा अपने घर परिवार की कुलदेवी या देवता के मंदिर में जाकर पहली पूजा परंपरा अनुसार करते हैं। लेकिन क्या आपने एक ऐसे गांव के बारे में सुना है जहां शादी के बाद नवविवाहित जोड़ा पहले देवी देवता के मंदिर नहीं बल्कि श्मशान घाट में पहली पूजा करता है? नहीं सुना होगा। आज हम आपको एक ऐसे ही गांव के बारे में बताने जा रहे हैं जो राजस्थान में स्थित है। इस गांव में अनोखी परंपरा सदियों से चली आ रही है। इस गांव में शादी करने वाले हर नवविवाहित जोड़े को शादी के बाद पहली पूजा करने के लिए श्मशान घाट में जाना पड़ता है। आखिर ऐसा क्यों किया जाता है चलिए चलते हैं

कहां है यह गांव

हम जिस गांव की बात कर रहे हैं वह राजस्थान के जैसलमेर से करीब 6 किलोमीटर दूर स्थित है। गांव का नाम बड़ा बाग गांव है। अनोखी परंपरा सदियों से चली आ रही है। दरअसल इस गांव में शादी करके आने वाला हर नवविवाहित जोड़ा ग्रह प्रवेश के बाद पहली पूजा श्मशान घाट में जाकर करता है। वह श्मशान घाट कोई आम नहीं बल्कि बेहद खास है। वह राजा परिवार का खानदानी श्मशान घाट माना जाता है। श्मशान घाट में 103 राजा और रानियों की याद में छतरियां बनाई गई है। जबकि वास्तुकला बेहद आकर्षक है। खास बात यह है कि सर पर नवविवाहित जोड़ा ही नहीं बल्कि हर शुभ कार्य से पहले श्मशान घाट में लोग पहली पूजा करने जाते हैं। यह बेहद ही अजीब परंपरा है आप भी इसे सुनकर हैरान रह गए होंगे।

क्यों की जाती है पूजा?

आपको बता दे, जैसलमेर के इस अनोखे गांव में शादी कर आने वाला हर नवविवाहित जोड़ा पहले इस श्मशान घाट में जाकर राजा-रानियों की समाधियों पर पूजा करता है। यहां 103 राजा और रानियों की याद में छतरियां बनाई गई है। सदियों से इस गांव में परंपरा चली आ रही है। शादी के बाद पूर्णिमा के दिन पूजा की जाती है।

अपने नये जीवन की शुरुआत में दिवंगत राजा-रानियों का आशीर्वाद लेने से जीवन सुखद होता है। हालांकि यहां जाने से लोग डरते भी है। रात के वक्त यहां से कोई भी नहीं गुजरना चाहता है। लोगों को यहां अक्सर घुड़सवारों के घोड़ों की टाप और हुक्का की गुड़गुड़ाहट सुनाई देती है। इस वजह से लोग यहां नहीं जाना पसंद करते हैं।



92 लोगों को लेकर उड़ा विमान अचानक हो गया था गायब

35 साल बाद अचानक जमीन पर आया

जर्मनी में 92 लोगों को लेकर उड़ा एक विमान गायब हो जाता है और 35 साल बाद अचानक ब्राजील की जमीन पर उतरता है। दुनियाभर के अखबार इस खबर को छापते हैं, लोगों के मन में सबसे बड़ा सवाल यही होता है कि आखिर 35 सालों से ये विमान कहां था? टाइम ट्रैवल पर यकीन करने वाले तो ये तक दावा कर देते हैं कि ये विमान समय के परे चला गया था, इस दौरान धरती पर 35 साल गुजर गए। लेकिन ये खबर सरासर गलत है। आज हम आपको बता रहे हैं भुतहा कही जाने वाली सेंटिगो की फ्लाइट 513 की कहानी।

दुनिया में ऐसी कई कहानियां और रहस्य हैं जिनपर लोगों की दो राय हैं. कोई इन्हें महज अफवाहें बताता है तो कोई इनके संबंध में सामने आने वाली रिपोर्ट्स पर विश्वास करता है. ऐसी ही एक अनसुलझी पहेली है सैंटियागो फ्लाइट 513 की. इस फ्लाइट की कहानी 1954 से टेकऑफ करती है और 1989 में लैंड करती हैं लेकिन लैंडिंग के बाद भी आज तक इस उड़ान की कहानी सभी के लिए आश्चर्य का केंद्र बनी हुई है. 1989 में टैबलॉयड वीकली वर्ल्ड न्यूज द्वारा प्रकाशित एक लेख के अनुसार सैंटियागो एयरलाइंस की उड़ान 513 ने 14 सितंबर 1954 को पश्चिम जर्मनी के आचेन से उड़ान भरी थी. इस फ्लाइट को 18 घंटे बाद ब्राजील के पोर्टो एलेग्रे में उतरना था लेकिन फिर कुछ ऐसा हुआ जिसके बाद ये उड़ान खोजकर्ताओं के लिए पहेली बन गई.

विमान की खोज शुरू और बंद हुई

ये विमान अटलांटिक महासागर के ऊपर से उड़ान के दौरान गायब हो गया. लापता होने के समय अधिकारियों का मानना था कि विमान दुर्घटनाग्रस्त हो गया. इसके बाद शुरू हुई सैंटियागो फ्लाइट 513 की खोज. कुछ दिनों के बाद खोजकर्ताओं के एक दल का गठन किया गया लेकिन कुछ हाथ नहीं लगा, न ही विमान का मलबा और न यात्रियों के अवशेष. उड़ान भले ही अनजान कारणों से रुक गई हो लेकिन समय नहीं रुका. विमान के लापता होने के दो साल बाद 1956 में सैंटियागो एयरलाइंस बंद हो गई और बाजार से बाहर चली गई. धीरे-धीरे दशकों बीतते चले गए. लंबे समय तक खोजकर्ताओं को कोई सफलता या सबूत हासिल नहीं हुआ और आखिरकार सर्च ऑपरेशन को भी बंद कर दिया गया.

35 साल बाद हुई लैंडिंग

फ्लाइट को गायब हुए 35 साल बीत चुके थे. लोग धीरे-धीरे उस हादसे को भूलने भी लगे थे लेकिन उड़ान भरने वाले विमान को अभी नीचे आना बाकी था. साढ़े तीन दशक बाद 12 अक्टूबर 1989 को ब्राजील मे पोर्टो एलेग्रे हवाई अड्डे पर एयरबेस के पास एक अनजान विमान दिखाई पड़ा. एयर ट्रैफिक कंट्रोलर्स ने पायलट से संपर्क करने की कोशिश की लेकिन कोई जवाब नहीं मिला. देखते ही देखते विमान रनवे के करीब आता जा रहा था और आखिर उस फ्लाइट ने लैंड किया. विमान एक दम नई हालत में था, उसका इंजन लैंडिंग के बाद भी बंद नहीं हुआ. एक अनजान विमान बिना अधिकारियों की अनुमति के एयरपोर्ट पर उतर चुका था. सभी हैरान थे. एयरपोर्ट अधिकारी सावधानीपूर्वक प्लेन के पास गए और उसका बाहर से दरवाजा खोला. अधिकारियों ने जो देखा उसने उनकी हड्डियों को भीतर तक ठंडा कर दिया. इन बातों में कितनी सच्चाई है, ये कोई नहीं जानता. हम इन बातों की पुष्टि नहीं करते.

विमान के अंदर भरे थे कंकाल

जब सिक्युरटी टीम विमान के अंदर पहुंची तो सभी कांप गए। पूरे विमान के अंदर कंकाल भरे हुए थे। हर कंकाल अपनी सीट पर था। यहां तक विमान के कप्तान मिगुल विक्टर क्यूरी का कंकाल पायलेट कंट्रोल्स को पकड़े हुआ था और विमान का इंजन चालू था। दहशत में सिक्युरिटी स्टाफ विमान से उतर गया और ब्राजील सरकार को इसकी जानकारी दी।

क्या है इस कहानी का सच

आपको बता दें कि जर्मनी के अखबार में छपी ये खबर सरासर गलत है। ये फर्जी खबर ईरविन फिशर नाम के रिपोर्टर ने छापी थी। इस फर्जी खबर की बिना जांच किए उस दौर में दुनिया के कई अखबारों ने छापा, जिसने लोगों के बीच डिबेट को जन्म दे दिया। कुछ लोग इस विमान को भुतहा कहने लगे, तो कुछ ने कहा कि ये टाइम ट्रैवल के जरिए संभव है। टाइम ट्रैवल को मानने वालों ने ये तक कह दिया कि विमान समय के भंवर में फंस गया था। जबकि सच तो ये है कि ऐसा कोई विमान ही नहीं था।

संक्षिप्त समाचार

कोलकाता कांड को लेकर प्रदर्शनकारी डॉक्टर्स का ऐलान, 9 अक्टूबर को होगी देशव्यापी भूख हड़ताल

कोलकाता, एजेंसी। पश्चिम बंगाल के आरजी कर कॉलेज एंड हॉस्पिटल में ट्रेनी डॉक्टर के बलात्कार और हत्या के खिलाफ विरोध प्रदर्शन जारी है। अब फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया मेडिकल एसोसिएशन ने देशव्यापी भूख हड़ताल की घोषणा की है। चिकित्सकों के संघ ने बैठक की और घोषणा की कि भूख हड़ताल बुधवार को शुरू होगी। एफएआईएमए के अध्यक्ष सुवर्णकर दत्ता ने कहा, 'हम पश्चिम बंगाल जूनियर डॉक्टर्स फ्रंट के साथ निकट संपर्क में हैं और अपने रुख पर एकजुट हैं। व्यापक विचार-विमर्श के बाद हमने पश्चिम बंगाल में अपने सहयोगियों के साथ एकजुटता प्रदर्शित करने के लिए देशव्यापी भूख हड़ताल करने का निर्णय लिया है।' इस बीच, पश्चिम बंगाल सरकार ने आंदोलनरत चिकित्सकों से काम पर लौटने का अनुरोध किया है। जूनियर डॉक्टरों से काम पर लौटने का आग्रह करते हुए मुख्य सचिव मनोज पंत ने कहा कि राज्य के मेडिकल कॉलेजों में जारी 90 प्रतिशत परियोजनाएं अगले महीने तक पूरी हो जाएंगी। उन्होंने राज्य सचिवालय में कहा, 'मैं सभी से काम पर लौटने और लोगों को सेवाएं देने की अपील कर रहा हूं। उनमें से कुछ पहले ही ऐसा कर चुके हैं। हम सभी माहौल को बेहतर बनाने की दिशा में काम कर रहे हैं। वे इस बात की सराहना करेंगे कि सरकार की ओर से किए गए वादों पर बहुत अच्छी प्रगति हुई है।'

नमो भारत की मेरठ के शताब्दी नगर तक ट्रायल की तैयारी तेज

मेरठ , एजेंसी। दिल्ली से मेरठ चलने वाली नमो भारत रेल के दिल्ली में न्यू अशोक नगर तक ट्रायल के बाद अब मेरठ में शताब्दीनगर की तैयारी तेज हो गई है। मेरठ दक्षिण(परतापुर) से शताब्दीनगर के बीच अगले चरण में ट्रायल की तैयारी है। संभावना है कि शताब्दीनगर तक दिसंबर तक संचालन प्रारंभ हो जाए। वर्तमान में मेरठ दक्षिण से साहिबाबाद के बीच 42 किलोमीटर कॉरिडोर में नमो भारत हाईस्पीड ट्रेन का संचालन किया जा रहा है। शनिवार को साहिबाबाद से न्यू अशोक नगर के बीच ट्रायल के बाद 12 किलोमीटर का सफर अब और आसान होने जा रहा है। मेरठ दक्षिण से शताब्दीनगर के बीच छह किलोमीटर के कॉरिडोर में ट्रायल के बाद संचालन की तैयारी है। इस तरह कुल 60 किलोमीटर में नमो भारत का संचालन होगा। इस तरह कुल 82 किलोमीटर के कॉरिडोर में मात्र 20 किलोमीटर के संचालन का काम शेष रह जाएगा।

दिल्ली के कोचिंग सेंटर को मुआवजे सहित पैसे लौटाने का आदेश

नई दिल्ली, एजेंसी। मध्य दिल्ली जिला उपभोक्ता विवाद निवारण आयोग ने राजेंद्र नगर स्थित एक कोचिंग संस्थान को एक छात्रा को 62,363 रुपये लौटाने के अलावा उसे उत्पीड़न और मानसिक पीड़ा पहुंचाने के लिए 10,000 रुपये का मुआवजा देने का निर्देश दिया है। आयोग ने पाया कि कोचिंग संस्थान 'आईएएस गुरुकुल' को भ्रामक विज्ञापन प्रकाशित करने और एकमुश्त शुल्क वसूलने के अलावा अनुचित व्यवहार और दोषपूर्ण सेवाएं उपलब्ध कराने का दोषी पाया गया। आयोग के अध्यक्ष इंदर जीत सिंह और सदस्य रश्मि बंसल छात्रा सत्यता की शिकायत पर सुनवाई कर रहे थे। छात्रा ने कहा था कि कोचिंग सेंटर को 98,000 रुपये का भुगतान करने के बाद उन्होंने पाया कि विज्ञापन और सूचना विवरणिका में दी गई जानकारी झूठी और भ्रामक थीं। हाल में दिए गए आदेश में आयोग ने कहा कि कोचिंग सेंटर का यह दावा कि शिकायतकर्ता ने नौ महीने तक कक्षाएं लीं, उपस्थिति रिकॉर्ड से साबित नहीं होता है। विज्ञापनों के आरोपों का खंडन करने में भी विफल रहा है। आयोग ने कहा, ''उसका मानना है कि कोचिंग संस्थान छात्रों को लुभाने के लिए भ्रामक विज्ञापन प्रकाशित करने का दोषी है।

भतीजे अजित और भाजपा दोनों को एकसाथ टेंशन दे रहे शरद पवार, महाराष्ट्र के शुगर बेल्ट में मची खलबली

मुंबई, एजेंसी। महाराष्ट्र के पूर्व मंत्री हर्षवर्धन पाटिल भाजपा छोड़ने के कुछ दिनों बाद आज (सोमवार, 7 अक्तूबर) विपक्षी राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी-शरदचंद्र पवार में शामिल हो गए। इसकी अटकलें पहले से ही लगाई जा रही थीं और यह चिर प्रतीक्षित था। पाटिल को पार्टी प्रमुख शरद पवार की मौजूदगी में एनसीपी में शामिल कराया गया। वह पुणे जिले के एक प्रमुख राजनेता रहे हैं। इस मौके पर पाटिल ने कहा कि उनके समर्थक चाहते हैं कि वह महाराष्ट्र के आगामी विधानसभा चुनाव में इंदापुर सीट (पुणे जिले में) से वह लड़ें, जहां से वह पहले प्रतिनिधित्व कर चुके हैं। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र में राजनीतिक दल से अधिक लोग महत्वपूर्ण हैं।

पाटिल वर्तमान में राष्ट्रीय सहकारी चीनी मिल संघ के अध्यक्ष हैं। उन्होंने पिछले सप्ताह भाजपा छोड़ दी थी। इंदापुर बारामती लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र के अंतर्गत आता है। पाटिल ने तीन अक्टूबर को मुंबई में एनसीपी (एसपी) प्रमुख से मुलाकात की थी और उसके बाद कहा था कि पवार ने उनसे अपनी पार्टी में शामिल होने तथा आगामी विधानसभा चुनाव लड़ने का आग्रह किया है।

अटकलें लगाई जा रही थीं कि पटिल पार्टी बदल सकते हैं, खासकर जब से उपमुख्यमंत्री अजित पवार ने

कहा था कि पिछले बार जो सीट जीते थे उन्हें चुनाव लड़ाया जाएगा। इंदापुर से चार बार विधायक चुने जा चुके पाटिल इस सीट से फिर से चुनाव लड़ने के लिए इच्छुक हैं। फिलहाल इस सीट का प्रतिनिधित्व भाजपा की गठबंधन सहयोगी अजित पवार की एनसीपी कर रही है, जो इस बार फिर से मौजूदा विधायक दत्तात्रेय भरणे को मैदान में उतार सकती है। ऐसे में महायुति गठबंधन में पाटिल के लिए रास्ते बंद हो चुके थे। लिहाजा वह नई राह की तलाश में थे, दूसरी तरफ अजित पवार को पटखनी देने के लिए शरद पवार भी मजबूत छत्रपों की तलाश में हैं जो राजनीति के मनोविज्ञान में कामयाब हों, साथ ही सियासी जमीन पर भी, जब वो उतरे तो कामयाब हो सके।

हर्षवर्धन पाटिल अजीत पवार के कट्टर प्रतिद्वंद्वी रहे हैं। वह 1995-99 के दौरान शिवसेना-भाजपा गठबंधन सरकार में कृषि और विपणन राज्य मंत्री रह चुके हैं। उन्होंने 1995 का विधानसभा चुनाव निर्दलीय उम्मीदवार के रूप में जीता। वह 1999 से 2014 तक कांग्रेस-राकांपा गठबंधन सरकार के दौरान मंत्री पद पर रह चुके हैं। वह 2009 में कांग्रेस में शामिल हुए और सहकारिता और विधायी मामलों के मंत्री बनाए गए।

महायुति में तीन दलों के बीच समझौते के अनुसार, तीनों दलों में से प्रत्येक को वे सीटें मिलेंगी, जहां उनके मौजूदा विधायक हैं। चूंकि उन्हें महायुति गठबंधन से सीट नहीं मिलती, इसलिए पाटिल ने पवार की पार्टी में शामिल होने का विकल्प चुना। उप मुख्यमंत्री और वरिष्ठ भाजपा नेता देवेंद्र फडणवीस ने पाटिल को रोकने की बहुत कोशिश की, लेकिन कोई फायदा नहीं हुआ। यह भाजपा के लिए एक झटका है क्योंकि पाटिल पश्चिमी महाराष्ट्र में एक प्रमुख नाम हैं। कोल्हापुर के भाजपा नेता समरजीत घाटगे के पवार खेमे में शामिल होने के बाद पाटिल शुगर बेल्ट से आने वाले दूसरे बड़े नेता हैं। अगला नाम मधुकर पिचड़ का हो सकता है, जो पवार के लंबे समय से सहयोगी रहे हैं और 2014 में एनसीपी छोड़कर भाजपा में शामिल हो गए थे। उनके बेटे संदीप नगर-अकोला निर्वाचन क्षेत्र से भाजपा विधायक थे, लेकिन 2019 में एनसीपी उम्मीदवार से हार गए थे।



उद्धव के फैसले को शिंदे सरकार ने लिया था वापस

मुंबई, एजेंसी। हाई कोर्ट ने पहले फैसला सुनाया था कि राज्यपाल ठाकरे सरकार द्वारा भेजी गई सूची पर निर्णय लेने में देरी नहीं कर सकते। मोदी का प्रतिनिधित्व कर रहे वरिष्ठ अधिवक्ता यशराज सिंह देवड़ा ने तर्क दिया कि वर्तमान याचिका अलग है क्योंकि यह शिंदे सरकार द्वारा नामांकन वापस लेने को संबोधित करती है।

बॉम्बे हाई कोर्ट ने 2020 में राज्यपाल की मंजूरी के लिए भेजे गए 12 विधान परिषद सदस्य (एमएलसी) उम्मीदवारों की सूची को वापस लेने को चुनौती देने वाली शिवसेना (यूबीटी) नेता सुनील मोदी द्वारा दायर याचिका पर अपना आदेश सुरक्षित रख लिया। सूची पूर्व मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे के मंत्रिमंडल द्वारा प्रस्तुत की गई थी, लेकिन नए मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने 2022 में पदभार ग्रहण करने के बाद इसे वापस ले लिया। राज्यपाल ने नामांकन पर अभी तक कोई निर्णय नहीं लिया था, जब वापसी हुई और शिंदे सरकार ने खाली एमएलसी सीटों के लिए नए उम्मीदवार प्रस्तावित नहीं है।

हाई कोर्ट ने पहले फैसला सुनाया था कि राज्यपाल ठाकरे सरकार द्वारा भेजी गई सूची पर निर्णय लेने में देरी नहीं कर सकते। मोदी का प्रतिनिधित्व कर रहे वरिष्ठ अधिवक्ता यशराज सिंह देवड़ा ने तर्क दिया कि वर्तमान याचिका अलग है क्योंकि यह शिंदे सरकार द्वारा नामांकन वापस लेने को संबोधित करती है। देवड़ा ने तर्क दिया कि राज्यपाल को केवल रबर स्टांप के रूप में काम नहीं करना चाहिए बल्कि कैबिनेट की सलाह और सिफारिशों पर सावधानीपूर्वक विचार करना चाहिए। महाधिवक्ता डॉ. बीरेंद्र सराफ ने प्रतिवाद किया कि शिंदे के मुख्यमंत्री बनने के बाद, उन्होंने राज्यपाल से संपर्क किया था, जिन्होंने 12 एमएलसी के संबंध में फाइल लौटा दी थी, जिससे यह मुद्दा विवादास्पद हो गया था। मुख्य न्यायाधीश डीके उपाध्याय और न्यायमूर्ति अमित बोरकर ने कहा कि वापसी के साथ प्रक्रिया समाप्त हो गई है। उन्होंने सवाल किया कि अगर सलाह वापस ले ली गई तो राज्यपाल क्या कार्रवाई करेंगे। देवड़ा ने सरकारी कामकाज को नियंत्रित करने वाले नियमों का हवाला देते हुए तर्क दिया कि यदि राज्य ने वापसी को उचित ठहराने वाली कोई सामग्री प्रस्तुत की है तो राज्यपाल को एक सूचित निर्णय लेना चाहिए था। उन्होंने जोर देकर कहा कि पिछले अदालत के आदेश ने राज्यपाल को कार्य करने के लिए 13 महीने की अनुमति दी थी।

दिल्ली-एनसीआर में गर्मी कर रही परेशान

नईदिल्ली, एजेंसी। दिल्ली-एनसीआर में गर्मी से लोगों का बुरा हाल है। फिलहाल बारिश की संभावना नहीं है और आसमान साफ रहेगा। राजधानी में सोमवार को दिल्ली का अधिकतम और न्यूनतम तापमान सामान्य से ज्यादा रिकॉर्ड किया गया। दिल्ली के ज्यादातर हिस्सों में सोमवार सुबह से ही तेज धूप निकली। इसे चलते मानक वेधशाला सफदरजंग में अधिकतम तापमान 35.4 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। न्यूनतम तापमान 23.2 डिग्री सेल्सियस रहा। यह दोनों ही सामान्य से एक-एक डिग्री ज्यादा है। यहां पर आर्द्रता का स्तर 90 से 37 फीसदी तक रहा। वहीं, मौसम की गतिविधियों के चलते दिल्ली की हवा साफ बनी हुई है। मौसम विभाग ने मंगलवार को आंशिक रूप से बादल छाए रहने का अनुमान जताया है। अधिकतम तापमान 35 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 22 डिग्री सेल्सियस के आसपास रहने की संभावना है।

18 महीनों में कर्ज लिया 27,000 करोड़; अनुराग ठाकुर का हिमाचल सरकार पर आरोप

हमीरपुर, एजेंसी। हिमाचल प्रदेश में सरकारी कर्मचारियों की सैलरी और पेंशनरों की पेंशन में देरी का मुद्दा कुछ समय से गरमाया हुआ है। ऐसे में पूर्व केंद्रीय मंत्री और भाजपा नेता अनुराग ठाकुर ने सोमवार को कहा कि हिमाचल प्रदेश की कांग्रेस सरकार ने पिछले 18 महीनों में 27,000 करोड़ रुपए से अधिक का कर्ज लिया है। अनुराग ठाकुर ने रविवार शाम मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू के गृह विधानसभा क्षेत्र नादौन सहित अपने संसदीय क्षेत्र हमीरपुर में कई स्थानों पर

जनसभाओं को संबोधित करते हुए भी यही आरोप लगाया। सोमवार को जारी एक बयान में अनुराग ठाकुर ने कहा, अभी तक मात्र 18 माह के कार्यकाल में राज्य सरकार 27 हजार करोड़ रुपए से अधिक का कर्ज ले चुकी है, इसके बावजूद इस सरकार के पास राज्य में विकास कार्य करवाने के लिए बजट नहीं है। भाजपा नेता ने कहा कि कांग्रेस सरकार देती कुछ नहीं, बल्कि लगातार लोगों से वसूली की योजनाएं बनाती रहती है। उन्होंने कहा कि पूरे राज्य में सड़कों की हालत खराब है और मुख्यमंत्री का विधानसभा क्षेत्र नादौन भी इसका अपवाद नहीं है। अनुराग ठाकुर ने कहा कि बिजली, पानी, सड़क, शिक्षा या स्वास्थ्य हर जगह करों का बोझ है। पिछली भाजपा सरकार द्वारा दी जाने वाली बिजली सब्सिडी बंद कर दी गई है और ग्रामीण आबादी पर पानी के बिल का बोझ डाल दिया गया है।

पूर्व केंद्रीय मंत्री ने दावा किया कि भाजपा ने राज्य में 16.5 लाख से अधिक लोगों को अपने प्राथमिक सदस्य के रूप में नामांकित किया है और यह काम अभी भी जारी है। उन्होंने कहा कि कार्यकर्ता किसी भी पार्टी की असली रीढ़ होते हैं और उनकी जरुरतों और आकांक्षाओं को ध्यान में रखा जाना चाहिए। उन्होंने राज्य के लोगों से भाजपा में शामिल होने का आग्रह किया और कहा कि यह टोल फ्री नंबर 8800002024 पर कॉल करके किया जा सकता है।

अक्टूबर में भी तप रहा फरीदाबाद, 5 साल बाद पारा 37 पर पहुंचा; आगे कैसा रहेगा हाल

फरीदाबाद, एजेंसी। सितंबर में जोरदार बारिश के बावजूद गर्मी के तेवर में कोई कमी नहीं आई है। तेज धूप और उमस के कारण अक्टूबर में फरीदाबाद में पारा 37 डिग्री पर पहुंच गया है। मौसम विभाग के आंकड़ों के मुताबिक, पांच साल बाद अक्टूबर में इतनी गर्मी पड़ रही है। इससे पहले 2020 में अक्टूबर में इतना अधिक तापमान दर्ज किया गया था। गर्मी अधिक होने के कारण न्यूनतम तापमान में बढ़ोतरी देखने को मिल रही है। रात को न्यूनतम तापमान 24 डिग्री दर्ज किया जा रहा है। जबकि इन दिनों रात में तापमान 20 डिग्री तक पहुंच जाता था। देर रात और सुबह गुलाबी ठंड का अनुभव होने लगता था। अब रात में भी तापमान में अधिक होने से गर्मी परेशान करती है। मौसम विभाग की मानें तो 15 अक्टूबर तक तापमान में 38 डिग्री तक पहुंच सकता है। इन दिनों सुबह और शाम के समय चलने वाली हवा प्रदूषण को अपने साथ बहाकर ले गई है। इन दिनों में बादल बिल्कुल साफ हैं और प्रदूषण के बारीक कणों को ऊपर जाने का मौका मिल रहा है। इसके चलते फरीदाबाद की आबोहवा कई दिनों से सामान्य बनी हुई है। फरीदाबाद एक्यूआई 80 बना हुआ है। स्मार्ट सिटी फिलहाल ग्रैप की पाबंदियों से मुक्त है। इस बार प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड ने प्रदूषण को नियंत्रित बनाए रखने के लिए अहम कदम उठाने का फैसला किया है।

महाराष्ट्र में सीट शेयरिंग पर एमवीए में नहीं बन रही बात, कांग्रेस फंसा रही है पेच?

मुंबई , एजेंसी। महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव के लिए महाविकास अघाड़ी गठबंधन में बातचीत अटकती दिखाई दे रही है। इसकी जड़ में है कांग्रेस की अधिक सीटों की मांग। मामले की जानकारी रखने वाले सूत्रों के मुताबिक कांग्रेस इस साल की शुरुआत में लोकसभा चुनाव में अच्छे प्रदर्शन का हवाला देकर यह मांग कर रही है। यहां पर महाविकास अघाड़ी गठबंधन की प्रमुख पार्टियां कांग्रेस, शिवसेना (यूबीटी) और नेशनलिस्ट कांग्रेस पार्टी (शरदचंद्र पवार) हैं। दो वरिष्ठ कांग्रेस नेताओं ने कहाकि लोकसभा चुनाव के बाद तीनों सहयोगियों में सीटों के बंटवारे की गणित बदल गई है। महाराष्ट्र में कांग्रेस ने लोकसभा की 17 सीटों पर चुनाव लड़ा था और 13 पर जीत हासिल की थी। वहीं, एनसीपी (एसपी) ने 10 में से आठ और शिवसेना (यूबीटी) ने 21 में से 9 सीटें जीती थीं।

कांग्रेस नेताओं ने कहाकि कांग्रेस और शिवसेना के बीच एक अंदरूनी संघर्ष चल रहा है। यह संघर्ष इस बात को लेकर है कि विधानसभा चुनाव में कौन सी पार्टी अधिक सीटों पर चुनाव लड़ेगी। कांग्रेस नेताओं ने नाम न छापने की शर्त पर कहाकि तीनों सहयोगियों में हमारा स्ट्राइक रेट और टैली सबसे अच्छी है। सीटों का बंटवारा इसलिए भी अहम है क्योंकि इससे यह भी तय होगा कि मुख्यमंत्री का पद किस पार्टी के पास रहेगा। महाराष्ट्र में कुल 288 विधानसभा सीटें हैं और यहां नवंबर में चुनाव होने वाला है। कांग्रेस नेता के मुताबिक तीनों सहयोगी खास सीटों के बंटवारे पर चर्चा कर रही हैं।

हरियाणा विधानसभा चुनाव में ऐतिहासिक जीत पर सीएम धामी ने पीएम मोदी को दी बधाई

निज संवाददाता | देहरादून

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने मंगलवार को नई दिल्ली में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से शिष्टाचार भेंट की। मुख्यमंत्री ने हरियाणा विधानसभा चुनाव में ऐतिहासिक जीत पर प्रधानमंत्री को बधाई दी। उन्होंने कहा कि ये जीत प्रधानमंत्री जी के नेतृत्व में आम जन के विश्वास को प्रदर्शित करती है। मुख्यमंत्री ने प्रधानमंत्री को केदारनाथ मंदिर की प्रतिकृति और बाबा केदारनाथ जी का प्रसाद भी भेंट किया। मुख्यमंत्री ने उत्तराखंड के विकास में निरंतर मिल रहे प्रधानमंत्री के मार्गदर्शन और सहयोग के लिए आभार व्यक्त किया। मुख्यमंत्री ने विशेषज्ञ समिति-२ द्वारा संस्तुत 21 जल परियोजना (कुल क्षमता 2123 MW) के विकास एवं निर्माण की अनुमति प्रदान किए जाने हेतु अनुरोध किया। उन्होंने तीन रोपवे परियोजनाए, (क) सोनप्रयाग-गौरीकुंड केदारनाथ (ख) गोविंद घाट-हेमकुंड साहिब और (ग) काठगोदाम-नैनीताल को राज्य सरकार द्वारा विकास और संचालन के लिए हस्तांतरित करने का भी अनुरोध किया। मुख्यमंत्री ने भारत सरकार की क्षेत्रीय संपर्क योजना (RCS) के अंतर्गत देहरादून-गौचर-देहरादून और देहरादून-चिन्यालीसौंड-देहरादून की हवाई सेवा पुनःसंचालित किए जाने के लिए नागरिक उड्डयन मंत्रालय को निर्देशित करने के लिए भी आग्रह किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि चिन्यालीसौंड हवाई पट्टी जनपद उत्तरकाशी पर छोटे विमान संचालन की अनुमति हेतु सम्बन्धित मंत्रालय को दिशा-निर्देश का अनुरोध किया। मुख्यमंत्री ने प्रधानमंत्री से कुमाऊँ एवं गढ़वाल को संयोजित करने के लिये 02 मार्गों, (क) खैरना-रानीखेत- बंगीधार-बैजरों मोटरमार्ग (256.9 किमी0) और (ख) काठगोदाम-भीमताल लोहाघाट-पंचेश्वर मोटर मार्ग (189 किमी०) को राष्ट्रीय राजमार्ग अधिसूचित करने का भी अनुरोध किया। इसके साथ ही देहरादून रिंग रोड़ की अवशेष लम्बाई की स्वीकृति का भी अनुरोध किया।

देश में न तो हिंदुओं और न ही मुसलमानों को किसी तरह का खतरा है- असदुद्दीन ओवैसी

हैदराबाद, एजेंसी। 'ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लिमीन' के अध्यक्ष असदुद्दीन ओवैसी ने राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ प्रमुख मोहन भागवत की उस टिप्पणी की आलोचना की है, जिसमें उन्होंने कहा था कि हिंदू समाज को आंतरिक मतभेदों को मिटाकर अपनी सुरक्षा के लिए एकजुट होना चाहिए। ओवैसी ने आरोप लगाया कि संघ और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ही देश में हिंदुओं, मुसलमानों और अन्य लोगों को खतरा पैदा कर रहे हैं।

ओवैसी ने तेलंगाना के निजामाबाद में एक जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि देश में न तो हिंदुओं और न ही मुसलमानों को किसी तरह का खतरा है। उन्होंने कहा, ''मुसलमानों, हिंदुओं, दलितों, आदिवासियों, सिखों, ईसाइयों को नरेन्द्र मोदी और मोहन भागवत से खतरा है।''

भागवत ने कहा था कि भारत एक हिंदू राष्ट्र है और भाषाई, जातीय और क्षेत्रीय विवादों को मिटाकर हिंदू समाज को अपनी सुरक्षा के लिए

एकजुट होना होगा। भागवत ने शनिवार शाम को राजस्थान के बारां में 'स्वयंसेवक एकत्रीकरण' कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा था, ''हिंदू सभी को गले लगाते हैं। वे निरंतर संवाद के माध्यम से समरसता के साथ रहते हैं।''

इसके जवाब में एआईएमआईए प्रमुख ने आरोप लगाया कि मोदी ने सत्ता में रहने के दौरान हिंदुओं, मुसलमानों और अन्य लोगों को परेशान किया है। उन्होंने कहा कि मोदी झारखंड में जनसांख्यिकी परिवर्तन की बात करते हैं, जबकि देश बड़े पैमाने पर बेरोजगारी जैसी समस्याओं से जूझ रहा है। ओवैसी ने दावा किया कि चीन ने देश के 2,000 वर्ग किलोमीटर क्षेत्र पर कब्जा कर लिया है, लेकिन भागवत इस पर चुप्पी साधे हुए हैं। ओवैसी ने फिलिस्तीन के मुद्दे पर अपना रुख बरकरार रखते हुए मोदी से इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू पर दबाव बनाने और युद्धविराम के लिए कोशिश करने का आग्रह किया। उन्होंने आरोप लगाया कि नेतन्याहू सरकार ने सात अक्टूबर 2023 को हमास के हमले के बाद से 40,000 से अधिक फिलिस्तीनियों को मार डाला है। उन्होंने कहा, ''मैं अपने प्रधानमंत्री मोदी जी से आग्रह करता हूं कि बेंजामिन नेतन्याहू को समझाएं, (पश्चिम एशिया में) युद्धविराम के लिए दबाव डालें।

दलित टिप्पणी मामले में स्वामी रामभद्राचार्य के पक्ष में उच्च न्यायालय का फैसला

इलाहाबाद , एजेंसी। इलाहाबाद उच्च न्यायालय ने एक धार्मिक कार्यक्रम के दौरान स्वामी रामभद्राचार्य द्वारा की गई टिप्पणियों को चुनौती देने वाली अपील खारिज कर दी है, जिसका आरोप दलितों के प्रति आपत्तिजनक होने का लगाया गया था। यह अपील प्रकाश चंद्र द्वारा दायर की गई थी, जिसके बाद एससी /एसटी मामलों के एक विशेष न्यायाधीश ने संत की टिप्पणियों के खिलाफ एक आवेदन खारिज कर दिया था। मामले की सुनवाई कर रहे न्यायमूर्ति सौरभ श्रीवास्तव ने कहा कि अपील में एससी /एसटी अधिनियम, 1989, सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम की धारा 67 या भारतीय दंड संहिता की अन्य धाराओं के तहत कोई विशिष्ट अपराध स्थापित नहीं किया गया है। याचिकाकर्ता ने रामभद्राचार्य के बयानों से संबंधित एफआईआर दर्ज करने के लिए अदालत के निर्देश की मांग की थी। प्रारंभिक आवेदन को प्रयागराज में एससी /एसटी एक्ट के विशेष न्यायाधीश ने 15 फरवरी, 2024 को, स्थिरता के मुद्दों का हवाला देते हुए खारिज कर दिया था। इसके बाद, चंद्र ने उच्च न्यायालय में एक आपराधिक अपील दायर की। रामभद्राचार्य का प्रतिनिधित्व करने वाले वरिष्ठ अधिवक्ता एम.सी. चतुर्वेदी ने तर्क दिया कि विशेष न्यायाधीश का फैसला उचित और उचित था। चतुर्वेदी ने तर्क दिया कि रामभद्राचार्य के शब्द एससी /एसटी अधिनियम या ढ्ढञ्ज अधिनियम की धारा 67 के तहत अपराध नहीं थे। राज्य सरकार का प्रतिनिधित्व करने वाले अतिरिक्त सरकारी वकील ने भी अपील का विरोध किया।

रोहित शर्मा 2025 वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप फाइनल के बाद लेंगे संन्यास?

नईदिल्ली, एजेंसी। रोहित शर्मा की कप्तानी में टीम इंडिया ने इसी साल जून में टी20 वर्ल्ड कप का खिताब जीता था. इस ऐतिहासिक जीत के बाद रोहित शर्मा ने टी20 क्रिकेट से संन्यास का ऐलान कर दिया है. वहीं, अब अगले साथ वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप का फाइनल खेला जाना है. टीम इंडिया इस बार भी फाइप्नल खेलने की बड़ी दावेदार है. ऐसे में सोशल मीडिया पर दावा किया जा रहा है कि रोहित शर्मा वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप के फाइनल के बाद वनडे और टेस्ट से भी संन्यास ले सकते हैं. इसी बीच उनके बचपन के कोच दिनेश लाड ने बड़ा बयान दिया है.

दिनेश लाड ने रोहित शर्मा के संन्यास लेने की अफवाहों को खारिज कर दिया है. दिनेश लाड ने बातचीत करते हुए रोहित के संन्यास पर कहा, 'मैं ये नहीं कह रहा हूं कि वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप के बाद रोहित शर्मा संन्यास का ऐलान कर देंगे, शायद वह

रोहित के बचपन के कोच ने किया ऐलान

ऐसा कर भी सकते हैं. क्योकि जैसे-जैसे उनकी उम्र बढ़ रही है उसे देखते हुए ऐसा लग रहा है टेस्ट से वह संन्यास ले सकते हैं. इसकी वजह यह भी हो सकता है कि वह वनडे क्रिकेट के लिए खुद को एक दम फिट रखना चाहते हो. हालांकि, मैं इस बारे में वादा करता हूं कि रोहित शर्मा 2027 का वनडे वर्ल्ड कप खेलेंगे. रोहित जिस तरह की क्रिकेट खेल रहे हैं वो अविश्वसनीय है.

दिनेश लाड ने 2023 के फाइनल में मिली हार के बारे में बात करते हुए कहा, 'फाइनल की हार के बाद रोहित नर्वस हो गए थे, लेकिन उन्हें देश के लिए खेलना था आपने देखा ही होगा कि वो अपने देश के लिए हमेशा खेलने के लिए तैयार रहते हैं. उन्होंने आगे भी देश के लिए खेलना है. उस दिन को छोड़ दे तो रोहित शर्मा में शुरू से ही आत्मविश्वास है, आपने देखा होगा कि पूरे वर्ल्ड कप में रोहित सकारात्मकता से बल्लेबाजी कर रहे थे, हार के बाद नर्वस तो हो गए थे क्योंकि वर्ल्ड कप का फाइनल मैच था सारे मैच जीत कर यहां तक आए थे. उस मुकाबले की सबसे बड़ी बात यह रही कि रोहित जल्दी आउट हो गए थे.'

क्या 2027 वनडे वर्ल्ड कप खेलेंगे रोहित?

पिछले साल रोहित शर्मा की कप्तानी में टीम इंडिया ने काफी शानदार प्रदर्शन किया था. टीम इंडिया ने टूर्नामेंट में लगातार 10 मैच जीते थे, लेकिन वह खिताब से एक जीत दूर रह गए थे. हालांकि कप्तान रोहित शर्मा ने 11 मैचों में 54.27 की औसत से 597 रन बनाए थे. वहीं, वनडे वर्ल्ड कप का अगला एडिशन अब 3 साल बाद यानी 2027 में खेला जाना है. इस हिसाब से अगले वर्ल्ड कप तक रोहित 39 साल के हो जाएंगे. टूर्नामेंट अगर सितंबर से नवंबर के बीच ही खेला जाता है तो वह 40 साल के हो जाएंगे. ऐसे में अगर रोहित को 2027 वर्ल्ड कप खेलना है तो उन्हें अपनी फिटनेस पर काफी काम करना पड़ेगा.

भारत के खिलाफ टेस्ट सीरीज में ट्रेविस हेड से नहीं करवाएं ओपनिंग

● इयान चैपल ने आखिर क्यों दी ऐसी वार्निंग

नई दिल्ली, एजेंसी। भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी 2024-25 के दौरान 5 टेस्ट मैच खेले जाएंगे। इस टेस्ट सीरीज की शुरुआत नवंबर के आखिरी सप्ताह से होगा। भारतीय टीम ऑस्ट्रेलिया दौरे पर नवंबर में जाएगी और वहां जीत की हैट्रिक लगाने की कोशिश करेगी। इस टेस्ट सीरीज से पहले ऑस्ट्रेलिया के पूर्व क्रिकेटर इयान चैपल ने कंगारू टीम को बड़ी चेतवानी जारी की है।

ऑस्ट्रेलिया के पूर्व कप्तान इयान चैपल ने मेजबान टीम को भारत के खिलाफ ओपनर के तौर पर ट्रैविस हेड का इस्तेमाल न करने की चेतावनी दी है। ऑस्ट्रेलिया नवंबर 2024 से शुरू होने वाली 5 मैचों की टेस्ट सीरीज के लिए भारत की मेजबानी करेगा और घरेलू मैदान पर बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी फिर से जीतने की उम्मीद करेगा। डेविड वॉर्नर के रिटायरमेंट के बाद ऑस्ट्रेलिया के पास टेस्ट में कोई सेट ओपनर नहीं दिख रहा है और इसकी जिम्मेदारी फिलहाल स्टीव स्मिथ निभा रहे हैं। स्मिथ ने ओपनर के तौर पर 28.50 की औसत से रन बनाए हैं, जो कि नंबर 3 और नंबर 4 पर उनके औसत से बहुत कम है जो क्रमशः 67.08 और 61.51 है। बतौर ओपनर स्मिथ रन बनाने के लिए अब तक तो जूझते दिखे हैं।

हेड से ओपन करवाना नहीं होगा सही फैसला

ऑस्ट्रेलिया ओपनिंग स्पॉट के लिए अन्य विकल्पों पर विचार कर रहा है क्योंकि स्मिथ का मध्यक्रम में अनुभव भारत के खिलाफ सीरीज में अहम साबित हो सकता है। इनमें से एक नाम ट्रेविस हेड का भी है जो सफेद गेंद प्रारूपों में ऑस्ट्रेलिया के लिए ओपनिंग करते हैं और उन्होंने भारत में खेले जाने वाले वनडे विश्व कप 2023 को जीतने में टीम की मदद की थी। ईएसपीएन क्रिकइन्फो पर लिखे अपने कॉलम में चैपल ने सुझाव दिया है कि मध्य-क्रम के बल्लेबाज हेड से (टेस्ट में) ओपनिंग कराने से भारत के गेंदबाजों पर कोई असर नहीं पड़ेगा।

चैपल ने कहा कि हेड से ओपनिंग करवाने का विचार लाना वनडे और टी20 क्रिकेट में उनकी सफलता पर आधारित है। इसमें कोई शक नहीं है कि हेड आक्रामक अंदाज से बल्लेबाजी करने की वजह से वनडे और टी20 में ओपनिंग करने के लिए सबसे आदर्श खिलाड़ी हैं, लेकिन टेस्ट क्रिकेट पूरी तरह से अलग है। जसप्रीत बुमराह को परेशान करने के लिए हेड से पारी शुरुआत कराने का शायद ही कोई फायदा हो। इससे बुमराह और सिराज के आक्रामक मानसिकता में शायद ही कोई बदलाव हो।

पाकिस्तान के खिलाफ जीत की स्टार रहीं अरुंधति रेड्डी को लगा झटका

नईदिल्ली, एजेंसी। भारतीय महिला टीम ने महिला टी20 वर्ल्ड कप 2024 के दूसरे लीग मैच में पाकिस्तान महिला क्रिकेट टीम को हराकर इस टूर्नामेंट में अपनी जीत का खाता खोला था। इस मैच में भारत की तरफ से शानदार गेंदबाजी करने वाली अरुंधति रेड्डी को प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया था, लेकिन इस मैच के दौरान उन्होंने कुछ ऐसा किया था जिसकी वजह से उन्हें आईसीसी ने सजा दी।

अरुंधति रेड्डी को आईसीसी आचार संहिता के लेवल 1 के उल्लंघन के लिए फटकार लगाई गई। अरुंधती को खिलाड़ी या स्पोर्ट स्टाफ के लिए बनाई गई आईसीसी आचार संहिता के अनुच्छेद 2.5 के उल्लंघन का दोषी पाया गया। इसके तहत उस खिलाड़ी को सजा दी जाती है जो बल्लेबाज के आउट होने पर अपमानजनक भाषा का इस्तेमाल करता है साथ ही उसे भड़काने की कोशिश करता है या फिर आक्रामक व्यवहार करता हुआ पाया जाता है। अरुंधति रेड्डी जब पाकिस्तान की पारी के दौरान अंतिम ओवर फेंक रही थीं तब उन्होंने ओवर की चौथी गेंद पर निदा डार को आउट किया और उन्हें इशारा करते हुए पवेलियन की तरफ जाने की बात कही।

इस घटना के बाद उन्हें आईसीसी ने उनकी इस हरतक के लिए एक डिमेरिक अंक भी दिया। हालांकि अरुंधति ने अपना अपराध स्वीकार कर दिय और सजा भी स्वीकार कर ली। इसके बाद इसके लिए औपचारिक सुनवाई की कोई जरूरत नहीं पड़ी।

आपको बता दें कि अरुंधति रेड्डी ने पाकिस्तान के खिलाफ भारत की तरफ से बेहतरीन गेंदबाजी की थी और प्लेयर ऑफ द मैच भी बनीं थीं। उन्होंने 4 ओवर में 19 रन देकर 3 विकेट लिए थे। पहले मैच में इस टूर्नामेंट में भारत को 58 रन से हार मिली थी, लेकिन भारत ने अच्छी वापसी करते हुए पाकिस्तान को दूसरे मैच में हराया।

इतालवी डिफेंडर मार्को कर्टो पर फीफा ने लगाया 10 मैचों का प्रतिबंध

नई दिल्ली, एजेंसी। इतालवी डिफेंडर मार्को कर्टो पर वॉल्व्स फॉरवर्ड ह्वांग ही-चान के साथ नस्लीय दुर्व्यवहार के लिए फीफा द्वारा 10 मैचों का प्रतिबंध लगाया गया है, जिनमें से पांच मैचों को दो साल के लिए निलंबित किया गया है।

कर्टो, जो वर्तमान में कोमो से सीरी बी क्लब सेसेना में ऋण पर हैं, को जुलाई में मार्बेला में एक दोस्ताना मैच के दौरान ह्वांग के साथ दुर्व्यवहार करने का दोषी पाया गया था। ह्वांग ने मैच के दूसरे हाफ के दौरान इस घटना की सूचना दी, जिसके परिणामस्वरूप उनके साथियों ने नाराजगी जताई और डैनियल पोडेंस को रेड कार्ड दिया गया।

स्काई स्पोर्ट्स ने फुटबॉल की विश्व शासी संस्था के प्रवक्ता के हवाले से कहा, खिलाड़ी मार्को कर्टो को भेदभावपूर्ण व्यवहार के लिए दोषी पाया गया और उसे 10 मैचों के निलंबन की सजा सुनाई गई। इनमें से आधे मैचों में खेलने पर दो साल की परिवीक्षा अवधि के लिए निलंबित कर दिया गया है, और खिलाड़ी को सामुदायिक सेवाएं प्रदान करने और फीफा द्वारा अनुमोदित संगठन के साथ प्रशिक्षण और शिक्षा प्राप्त करने का आदेश दिया गया है।

25 वर्षीय कर्टो वॉल्व्स के खिलाफ दोस्ताना मैच के एक सप्ताह बाद एक सीजन के लिए लोन पर सीरी बी की टीम सेसेना में शामिल हुए थे। फीफा के फैसले का स्वागत करते हुए, वॉल्व्स के फुटबॉल संचालन और प्रशासन के निदेशक मैट वाइल्ड ने प्रतिबंधों के लिए क्लब का समर्थन व्यक्त किया और भेदभाव के खिलाफ क्लब के रुख को मजबूत किया। खिलाड़ी को जारी किया गया निलंबन स्पष्ट संदेश देता है कि फुटबॉल या समाज में नस्लवाद और भेदभावपूर्ण व्यवहार को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

साक्षी मलिक ने राजनीति में जाने पर नहीं दी थी विनेश को बधाई

नई दिल्ली, एजेंसी। भारतीय रेसलर विनेश फोगाट ने राजनीतिक डेब्यू में ही गोल्ड जीता। विनेश ने कांग्रेस के टिकट पर जुलाना से चुनाव जीता। उनकी इस जीत के बाद विनेश को सोशल मीडिया पर जमकर बधाई मिल रही है। विनेश को बधाई देने वालों में उनके साथ धरने देने वाली ओलंपिक मेडलिस्ट साक्षी मलिक भी शामिल थीं।

साक्षी ने विनेश को राजनीति में जाने पर तो बधाई नहीं दी लेकिन विधायक बनने पर लड़ाई की याद जरूर दिलाई। विनेश फोगाट और बजरंग पूनिया पिछले महीने कांग्रेस में शामिल हुए थे। हालांकि इस तिकड़ी की तीसरी पहलवान साक्षी मलिक ने राजनीति से दूरी बना ली। साक्षी ने दोनों के राजनीति में जाने को लेकर ट्वीट नहीं किया और न ही बधाई दी। जब उनसे इस बारे में पूछा गया तो उन्होंने कहा कि यह विनेश और बजरंग का निजी फैसला है। वह इस पर कुछ नहीं कहना चाहतीं। मंगलवार को जब विनेश विधायक बनीं तो उन्हें बधाई देने वाले लोगों में साक्षी मलिक भी शामिल थीं। उन्होंने न सिर्फ विनेश को बधाई दी बल्कि उन्हें पुरानी लड़ाई की भी याद दिलाई। साक्षी ने एक्स पर लिखा, 'संघर्ष की साथी विनेश फोगाट को जीत की बहुत बहुत बधाई। जुलाना और हरियाणा की खूब सेवा करो, देश का नाम ऊँचा करो। जय हिन्द, जय हरियाणा ।

भारत-बांग्लादेश टी20 सीरीज के बीच संन्यास का ऐलान कर सकते है महमुदुल्लाह

नई दिल्ली, एजेंसी। भारत और बांग्लादेश की टीमों के बीच 3 मैचों की टी20 सीरीज खेली जा रही है. सीरीज के पहले मैच में टीम इंडिया ने 7 विकेट से बाजी मारी थी. अब दोनों टीमों के बीच दूसरा टी20 मैच 9 अक्टूबर को दिल्ली अरुण जेटली स्टेडियम में खेला जाएगा. इस मुकाबले से पहले एक बड़ी खबर सामने आई है. एक बड़ा खिलाड़ी इस सीरीज के साथ ही अपने टी20 करियर को खत्म कर सकता है. रिपोर्ट्स के मुताबिक, ये खिलाड़ी इस सीरीज के बीच में ही टी20 इंटरनेशनल क्रिकेट से संन्यास का ऐलान करने वाला है.

रिपोर्ट्स के मुताबिक, बांग्लादेश के सीनियर ऑलराउंडर महमुदुल्लाह भारत के खिलाफ चल रही सीरीज के खत्म होने के बाद टी20 इंटरनेशनल से संन्यास लेने वाले हैं. शाकिब अल हसन की तरह महमुदुल्लाह भी टी20 फॉर्मेट छोड़ने का मन बना चुके हैं. बीसीबी के एक अधिकारी ने डेली स्टार से कहा, 'यह कोई ब्रेक नहीं है, वह टी20 इंटरनेशनल अध्याय को समाप्त करना चाहते हैं. उन्हें इस सीरीज में इसकी घोषणा करनी है.' रिपोर्ट के मुताबिक, उन्होंने सीरीज से पहले ही इस फॉर्मेट को छोड़ने की अपनी इच्छा बता दी थी.

● हांग-कांग सिक्सेस टूर्नामेंट में तेंदुलकर- धोनी भी ले चुके हैं हिस्सा, भारत ने एक बार जीता है इसका खिताब

हांग-कांग सिक्सेस में हिस्सा लेगा भारत

नईदिल्ली, एजेंसी। हांग-कांग सिक्सेस टूर्नामेंट की वापसी 7 साल के बाद हो रही है। यह एक ऐसा क्रिकेट टूर्नामेंट है जो अपने अनूठे प्रारूप के लिए जाना जाता है। इस बार भारत भी इस टूर्नामेंट में हिस्सा लेगा और इसके इसके और रोमांचक होने की संभावना है। इस टूर्नामेंट में पाकिस्तान की टीम भी हिस्सा ले रही है ऐसे में एक बार फिर से क्रिकेट फैंस को भारत-पाकिस्तान के बीच मैच देखने को मिल सकता है। इस टूर्नामेंट ने दर्शकों को खूब आकर्षित किया था जिसमें सचिन तेंदुलकर, एमएस धोनी, शेन वार्न, वसीम अकरम, शोएब मलिक, सनत जयसूर्या, अनिल कुंबले, उमर अकमल, ग्लेन मैक्सवेल और डेमियन मार्टिन जैसे खेल के कई दिग्गज खिलाड़ी खेल चुके हैं। पाकिस्तान, इंग्लैंड और दक्षिण अफ्रीका इस टूर्नामेंट की सबसे सफल टीमें हैं जबकि भारत ने 2005 में इसका खिताब जीता था। जब भारत ने आखिरी बार 2012 में हांगकांग सिक्सेस में खेला था, तो उसका प्रतिनिधित्व शफीक खान, अमित उनियाल, अंकुर शर्मा, धर्मेंद्र फागना, किंचित शाह, मिर्नल सैनी, नीरज चौहान और सुमित अब्बी जैसे खिलाड़ियों ने किया था।

क्रिकेट हांग-कांग ने इस टूर्नामेंट में भारत की हिस्सेदारी के बारे में जानकारी एक्स के

जरिए दी। क्रिकेट हांग-कांग ने लिखा कि टीम इंडिया टीम इंडिया धमाकेदार प्रदर्शन करने के लिए कमर कस रही है! धमाकेदार पावर-हिटिंग और छक्कों की बौछार के लिए तैयार हो जाइए, जो दर्शकों को रोमांचित कर देगी! ज्यादा टीमों, ज्यादा छक्कों, ज्यादा उत्साह और ज्यादा रोमांच की उम्मीद करें! हांग-कांग-6 1 से 3 नवंबर 2024 तक वापस आ रहा है! इसे मिस न करें!

हांग-कांग सिक्सेस के नियम

हांग-कांग सिक्सेस टूर्नामेंट का प्रारूप अपने आप में अनोखा है। इसमें छह-छह खिलाड़ी हर टीम में होते है और दो टीमें छह खिलाड़ियों के साथ मैच खेलती हैं और खेल 5 ओवर का होता है। लीग मैच में एक ओवर में 6 गेंदें फेंकी जाती है जबकि फाइनल मैच में एक ओवर में 8 गेंदें फेंकी जाती है। वहीं इसके मैच में विकेटकीपर को छोड़कर फील्डिंग करने वाले हर खिलाड़ी को एक ओवर गेंदबाजी करनी होती है। आम तौर पर वाइड और नो-बॉल पर एक रन दिए जाते हैं, लेकिन इसमें 2 रन दिए जाते हैं। एक बल्लेबाज जब 31 रन बना लेता है तो उसे रिटायर होना पड़ता है, लेकिन अन्य सभी बल्लेबाजों के आउट होने के बाद रिटायर होने वाला बल्लेबाज वापस आकर बल्लेबाजी कर सकता है।

बिहार समेत देश-दुनिया की ताजा-तरीन खबरों को जानने के लिए लॉगऑन करें : www.sonvarshavani.com

न्यूज बाइट्स

शराब की तस्करी पर कार्रवाई

गोह (औरंगाबाद) (नि.सं.)। गोह थाना क्षेत्र के हसनपुर गांव में पुलिस ने छापमारी करते हुए महुआ शराब की तस्करी के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की है। पुलिस को देखते ही आरोपी धंधेबाज फरार हो गया, लेकिन पुलिस ने उसके घर से शराब बरामद कर लिया। पुलिस ने मंगरू बिंद के घर से 10 लीटर महुआ शराब बरामद किया है। मामले में पुलिस ने केस नंबर 290/24 दर्ज किया है और आरोपी के खिलाफ कार्रवाई शुरू कर दी है।

पुलिस ने महुआ शराब किया बरामद, धंधेबाज गिरफ्तार

गोह (औरंगाबाद) (नि.सं.)। गोह पुलिस ने थाना क्षेत्र के काजी बिगहा गांव गांव मे छापमारी करते हुए महुआ शराब के साथ धंधेबाज को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया हैं। थानाध्यक्ष कमलेश पासवान ने बताया कि सूचना मिली कि काजी बिगहा गांव मे शराब का धंधा फल फूल रहा हैं। जिसको लेकर एक टीम गठित करते हुए अमृत कुमार के घर मे छापेमारी कर उसे गिरफ्तार कर लिया। तत्पश्चात उसके निशानदेही पर गांव के बाहर खेत से 15 लीटर महुआ शराब बरामद किया गया। इस मामले में पुलिस ने केस नंबर 291/24 दर्ज किया है और आरोपी अमृत कुमार को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया हैं।

दो बाइक के बीच टक्कर में एक बाइक सवार गंभीर रूप से घायल

रफीगंज (औरंगाबाद) (नि.सं.)। रफीगंज- शिवगंज पथ के बस स्टैंड के समीप दो बाइक की आमने-सामने के टक्कर में एक सवार गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल को समाजसेवी राहुल कुमार गुप्ता एवं सुशील कुमार गुप्ता द्वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र रफीगंज में भर्ती करवाया गया। घायल की पहचान की धरहारा गांव के सनोज कुमार के रूप में की गई है। सनोज कुमार अपने गांव से दाउदनगर की ओर जाने के लिए निकले थे। तभी विपरीत दिशा से आ रही बाइक ने टक्कर मार दी। जिससे यह असंतुलित होते हुए एक खड़े ठेले में जाकर टकरा गए। और गंभीर रूप से घायल हो गए। डॉक्टर ने बताया कि घायल को दाहिने पैर में काफी चोटे आई हैं। वहीं दूसरा बाइक सवार फरार हो गया।

झपट्टा मारकर चोरों ने 60 हजार रुपये उड़ाया

रफीगंज (औरंगाबाद) (नि.सं.)। शहर के कन्या उच्च विद्यालय के पीछे वाली रास्ते में एक महिला से 60 हजार रुपये झपट्टा मार कर दो चोर फरार हो गये।इस मामले में अकौनी गांव निवासी आशा देवी ने रफीगंज थाना में आवेदन दिया। उल्लेख किया कि रफीगंज थाना के पास पंजाब नेशनल बैंक में समूह से पैसा निकाल कर पैसा जमा करने आए थे।तभी एक अज्ञात व्यक्ति मेन रोड पहुंचने से पहले ही झपट्टा मारकर काला व लाल रंग के मोटरसाइकिल पर बैठकर दोनों चोर शिवगंज की तरफ तेज रफ्तार से भाग गया।थानाध्यक्ष गुफरान अली ने बताया कि प्राथमिकी दर्ज कर मामले की तहकीकात की जा रही है।

दुर्गापूजा के दौरान शराब के खिलाफ विशेष अभियान

मद्यनिषेध एवं उत्पाद विभाग ने शराब के साथ 20 एवं शराब पीने वाले 49 लोगों को किया गया गिरफ्तार

एसवीवी संवाददाता | औरंगाबाद

दुर्गापूजा के मद्देनजर औरंगाबाद में मद्यनिषेध एवं उत्पाद विभाग ने शराब के अवैध कारोबार पर रोकथाम के लिए एक बड़े अभियान की शुरुआत की है। इस अभियान के तहत विभाग ने छह विशेष टीमों का गठन किया है, जो जिले के विभिन्न स्थानों पर लगातार छापामारी और गश्ती कर रही हैं। इसके साथ ही, जिले के सभी पांच चेकपोस्टों पर निरंतर वाहन जांच की जा रही है ताकि शराब की अवैध बिक्री और परिवहन पर नकेल कसी जा सके। पिछले तीन दिनों में विभाग ने 252 छापामारी की हैं, जिनमें 20 व्यक्तियों को शराब के साथ और 49 व्यक्तियों को शराब पीने के आरोप में गिरफ्तार किया गया है। इसके अलावा, 06 व्यक्तियों पर फरार अभियोग भी दर्ज किया गया है। इस अभियान के तहत 05 वाहनों को भी जब्त किया गया है, जिससे यह स्पष्ट होता है कि विभाग ने अवैध शराब के कारोबार को लेकर कितनी गंभीरता दिखाई है।

इस कार्रवाई के दौरान जम्होर थाना क्षेत्र के टिकाधर बिगहा में एक नकली शराब निर्माण केन्द्र का भी पता लगाया गया। वहां पर दो व्यक्तियों को गिरफ्तार किया गया और तीन व्यक्तियों पर फरार अभियोग दर्ज किया गया। इस केन्द्र से भारी मात्रा में शराब बनाने में प्रयुक्त सामग्रियाँ भी बरामद की गईं, जिनमें 500 खाली बोतलें, 500 रैपर, कॉर्क और 70,000 लीटर अवैध शराब का सुषव शामिल हैं। इसके अतिरिक्त, मदनपुर गांव के चंद्रोली गांव के पास एक सेन्ट्रो कार से शराब बनाने में प्रयुक्त 400 खाली बोतलें, 250 ढक्कन, 500 रैपर, एक पंचिंग मशीन और 25,000 लीटर सुषव भी बरामद किया गया। इस मामले में दो व्यक्तियों को गिरफ्तार किया गया है।

ड्रोन तकनीक के माध्यम से बारूण थाना क्षेत्र में स्थित बाबाघाट, केशव घाट, जम्होर थाना के देवहारा बटाने नदी के किनारे और दाउदनगर थाना अंतर्गत बालुगंज, अमृत बिगहा, अंछा सोन दियारा में अवैध शराब भट्ठियों को ध्वस्त किया गया। इस कार्रवाई में कुल 43,500 किलो जावा महुआ को नष्ट किया गया। इस क्रम में कुल 1093.760 लीटर देशी शराब, 66.100 लीटर विदेशी शराब और 105.000 लीटर अवैध सुषव जब्त किया गया। नेपवा गांव, मुफ्फसिल थाना क्षेत्र में टनाका देशी शराब की 960 बोतलें (172.880 लीटर) भी जब्त की गईं। इसके अलावा, जिले के केताकी मठ, देवहारा, रिकाघर बिगहा, जाखिम, चंदौली, मुनगा, एका, कोईरिडिह, शंकरपुर, मंजुराही, नेहुरा बिगहा बारा गांव जैसे स्थानों पर छापामारी कर भारी मात्रा में शराब जब्त की गई। इस दौरान कई कारोबारियों को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया, और जिले के विभिन्न क्षेत्रों से 49 शराबियों को भी पकड़ा गया, जिनसे जुर्माना वसूला गया। इस प्रकार, दुर्गापूजा के दौरान अवैध शराब के कारोबार के खिलाफ यह अभियान बेहद प्रभावी सिद्ध हो रहा है, और उम्मीद है कि इससे आने वाले समय में शराब के अवैध धंधे पर काफी हद तक अंकुश लगेगा। मद्यनिषेध एवं उत्पाद विभाग की यह कार्रवाई निश्चित रूप से समाज में शराब की समस्या को नियंत्रित करने में सहायक होगी।

त्योहार में असामाजिक तत्वों पर विशेष रहेगी नजर

सोशल मीडिया पर अफवाह न फैलाने की अपील

एसवीवी संवाददाता | औरंगाबाद

औरंगाबाद जिला मुख्यालय सहित जिले के सभी प्रखंडों में दुर्गा पूजा में शांति व्यवस्था को लेकर भारी पुलिस बल की तैनाती की गई है। इस दौरान जिले के सभी प्रमुख चौक-चौराहों पर नजदीकी पूजा पंडालों के समीप महाआरती और श्रद्धालुओं के आवागमन को देखते हुए पुलिस ने बैरिकेडिंग की है। औरंगाबाद एसपी अंबरीश राहुल ने बताया कि शांतिपूर्ण माहौल में दुर्गा पूजा संपन्न हो इसके लिए औरंगाबाद पुलिस जिले के सभी असामाजिक तत्वों पर नजर रख रही है। एसपी ने वाहन चालकों से अपील करते हुए कहा कि शहर में भीड़ को देखते हुए निर्धारित जगह पर ही वाहन लगाए।

महाआरती के समय वाहनों को स्थानीय लोग कम से कम उपयोग करें। उन्होंने छोटे-छोटे बच्चों के अभिभावकों से आग्रह किया कि मेला में बच्चों को घूमाते समय उनके पैकेट में मोबाइल नंबर और घर का पता लिखकर डाल दें। सोशल मीडिया पर अफवाह उड़ाने से बच्चे। औरंगाबाद एसपी अंबरीश राहुल ने बताया कि शांति व्यवस्था के लिए अनुमंडल स्तर और प्रखंड स्तर पर लोगों के साथ बैठक की गई है। शांति समिति की बैठक के दौरान औरंगाबाद पुलिस ने आकलन किया है कि इस प्रखंड में कितनी फोर्स की जरूरत है। उसी अनुसार फोर्स की तैनाती की गई है। एसपी ने बताया कि नक्सली क्षेत्र में भी दुर्गा पूजा की तैयारी की जा रही है। नक्सली मुक्त अभियान के तहत वहां पर भारी पुलिस बल की तैनाती की गई है।

विजयादशमी पर संघ ने की शस्त्र पूजा, निकाला पथ संचलन

एसवीवी संवाददाता | औरंगाबाद

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ, अरुणनगर द्वारा विजयादशमी के अवसर पर पथ संचलन सह शस्त्र पूजन शहर के बीचों बीच स्थित सरस्वती बालिका विद्या मंदिर में किया गया। दोपहर 2 बजे सम्पत व तीन बजे से पथ संचलन निकला जिसमें सैकड़ों स्वयंसेवक पूर्ण गणवेश में शामिल हुए। पथ संचलन डॉ. रामाशीष सिंह रोड स्थित शिशु मंदिर से निकल कर रमेश चौक होते हुए मुख्य मार्ग महाराजगंज रोड में कुंडा हाउस, महेश एकेडमी से होंडा शो रूम से होते हुए वापस अपने गंतव्य स्थान तक पहुंची। सभी स्वयंसेवक बंधु एक साथ संचलन में कदम से कदम मिला कर चलते हुए अपने गुरु भगवा ध्वज के साथ थे। रास्ते में शहरवासियों द्वारा जगह जगह पर पुष्प वर्षा भी की गई। घोष के साथ निकले संचलन में वापस आने पर प्रांत शारीरिक शिक्षण प्रमुख राजन कुमार ने सभी स्वयंसेवकों को संबोधित किया। कहा कि पूरे भारत वर्ष में विजयादशमी के समय पथ संचलन निकलता है, क्योंकि डॉ. हेडगवार ने विजयादशमी के दिन ही कुछ बाल स्वयंसेवकों के साथ संघ की स्थापना की थी। राजन कुमार ने कहा कि वर्तमान समय में हिन्दू समाज को सारे जात पात उच्च नीच का भेद मिटा कर अपने को हिन्दू बनने का है। पूरा समाज आज संघ के तरफ आशा भरी निगाहों से देख रहा है। संघ अब अपने शताब्दी वर्ष पूर्ण करने वाला है। संघ समाज के हर वर्ग, हर तबके के बीच संघ पहुंच चुका है। अब बस इसे और वृहद पैमाने पर फैलना है। संघ की नींव शाखा है। इस लिए शाखा से ही व्यक्ति का निर्माण होता है और वो व्यक्ति समाज में परिवर्तन लाता है।

अंत में सभी ने प्रार्थना नमस्ते सदा वत्सले मातृभूमे के पश्चात कार्यक्रम समाप्त हुआ। मुख्य शिक्षक अनुज सिंह, सह जिला संघ चालक अविनाश सिंह, विभाग कार्यवाह धर्मराज कुमार, जिला प्रचारक शिवनंदन कुमार, जिला कार्यवाह अरुण सिंह, महाविद्यालय छात्र प्रमुख सौरभ कुमार, प्रांत सामाजिक समरसता प्रमुख देवेंद्र सिंह, व्यवस्था प्रमुख बजरंगी प्रसाद, शुभम, रोहित, सहित सैकड़ों स्वयंसेवक बंधु उपस्थित थे। सभी अतिथियों ने शक्ति की आराधना सह शस्त्र पूजन भी किया।

हरियाणा विधानसभा चुनाव में भाजपा की प्रचंड जीत पर उत्सव का माहौल

एसवीवी संवाददाता | औरंगाबाद

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में हरियाणा विधानसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने शानदार जीत हासिल की है। इस सफलता पर औरंगाबाद के पूर्व सांसद सुशील कुमार सिंह ने खुशी व्यक्त करते हुए हरियाणा प्रदेश के भाजपा नेतृत्व और सभी कार्यकर्ताओं को धन्यवाद एवं आभार प्रकट किया।

सुशील कुमार ने इस जीत को प्रधानमंत्री मोदी, भाजपा के राष्ट्रीय नेतृत्व, कार्यकर्ताओं और हरियाणा के सभी मतदाताओं के सहयोग का परिणाम बताया। उन्होंने कहा कि भाजपा हरियाणा में लगातार तीसरी बार सरकार बनाने जा रही है, जो 'विकसित हरियाणा, विकसित भारत' की संकल्पना को साकार करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। इस अवसर पर पूर्व सांसद ने मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के कुशल नेतृत्व और डबल इंजन की सरकार की प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि यह जीत हरियाणा की जनता के भाजपा और प्रधानमंत्री मोदी पर विश्वास की प्रतीक है। उन्होंने यह भी कहा कि भाजपा समावेशी विकास के लिए प्रतिबद्ध है और यह मोदी की गारंटी है। सुशील कुमार ने कहा कि हम सभी भाजपा कार्यकर्ता 2047 तक भारत को विकसित देश बनाने के लिए संकल्पित हैं। उन्होंने जम्मू-कश्मीर में भाजपा को मिले जनादेश का भी सम्मान किया। इस जीत पर भाजपा के वरिष्ठ नेता सुनील सिंह, जिलाध्यक्ष मुकेश शर्मा, पूर्व उप प्रमुख मनीष पाठक, युवा भाजपा नेता प्रवीर सिंह, और अन्य भाजपा कार्यकर्ताओं ने भी हर्ष व्यक्त किया। भाजपा की इस विजय ने एक बार फिर साबित किया है कि आम जनता को भाजपा की नीतियों और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर भरोसा है।

अंतर्राष्ट्रीय बालिका दिवस पर विशेष कार्यक्रम का आयोजन

एसवीवी संवाददाता | औरंगाबाद

मंगलवार को 'अंतरराष्ट्रीय बालिका दिवस' के उपलक्ष्य में महिला एवं बाल विकास निगम, औरंगाबाद ने एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया। यह कार्यक्रम टूली योर वेलफेयर सोसाइटी में संपन्न हुआ, जिसमें जिला प्रोग्राम पदाधिकारी की अगुवाई में बालिका संवाद और जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत जिला मिशन समन्वयक के उद्घाटन भाषण से हुई, जिसमें उन्होंने उपस्थित सभी को अंतरराष्ट्रीय बालिका दिवस का महत्व समझाया और महिला एवं बाल विकास निगम द्वारा किए जा रहे विभिन्न कार्यों से अवगत कराया। इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य बालिकाओं के सशक्तिकरण और उनके अधिकारों पर चर्चा करना था। जिला प्रोग्राम पदाधिकारी ने इस अवसर पर महिलाओं के लिए चार महत्वपूर्ण बिंदुओं—शिक्षा, सुरक्षा, स्वास्थ्य, और सम्मान—पर विशेष ध्यान केंद्रित किया। इसके साथ ही, बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना के अंतर्गत बालिकाओं को शपथ भी दिलाई गई, ताकि वे अपने अधिकारों के प्रति जागरूक रहें और सशक्त बन सकें। इस आयोजन का मुख्य लक्ष्य था बालिकाओं को जागरूक करना, उनके सशक्तिकरण को प्रोत्साहित करना और उन्हें समाज में सम्मान के साथ आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करना। कार्यक्रम में जिला परियोजना प्रबंधक, जिला समन्वयक (नेशनल न्यूट्रीशन मिशन), और केस वर्कर्स ने भी भाग लिया। इस प्रकार, यह कार्यक्रम बालिकाओं के प्रति समाज में सकारात्मक बदलाव लाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम रहा।

भारतीय डाक विभाग का डाक सप्ताह 11 अक्टूबर तक विशेष कार्यक्रम

एसवीवी संवाददाता | औरंगाबाद

भारतीय डाक विभाग ने 7 से 11 अक्टूबर तक 'डाक सप्ताह' मनाने की घोषणा की है। इस अवसर पर, औरंगाबाद डाक प्रमंडल ने पोस्ट ऑफिस द्वारा प्रदान की जाने वाली सेवाओं को प्रमुखता से उजागर करते हुए इस सप्ताह को मनाने का निर्णय लिया है। डाक अधीक्षक सुनिल कुमार ने बताया कि डाक विभाग की सेवाएं हर भारतीय परिवार के लिए महत्वपूर्ण हैं, और इनका लाभ सभी लोग ले रहे हैं। डाक सप्ताह का पहला दिन 'मेल पार्सल डे' के रूप में मनाया जा रहा है। इस दिन का मुख्य लक्ष्य सभी मेल और पार्सल की शत प्रतिशत डिलीवरी सुनिश्चित करना है। यह पहल विशेष रूप से छोटे व्यवसायियों के लिए लाभदायक साबित हो रही है, जो अब डाक निर्यात केन्द्र के माध्यम से अपने उत्पादों को विदेशों में भेज सकते हैं। 8 अक्टूबर को 'फिलाटेली डे' मनाया जाएगा, जिसमें डाक विभाग द्वारा पोस्ट ऑफिस में मिलने वाली विभिन्न सुविधाओं और सेवाओं के बारे में जानकारी दी जाएगी। इस दिन डाक विभाग के अधिकारियों और कर्मचारियों द्वारा एक विशेष रैली का आयोजन भी किया जाएगा, जिससे जनता को डाक विभाग की महत्वता और उपलब्ध सेवाओं के बारे में जागरूक किया जा सके। डाक सप्ताह के अंतिम दिन, 11 अक्टूबर को, औरंगाबाद डाक प्रमंडल में विभिन्न स्थानों पर डाक चौपाल लगाने का निर्णय लिया गया है। इस डाक चौपाल के माध्यम से नागरिकों को सीधे डाक सेवाओं से संबंधित जानकारी दी जाएगी, ताकि वे अपनी समस्याओं को सीधे अधिकारियों के समक्ष रख सकें।

राजकीय ईंजीनियरिंग कॉलेज में हुआ विज्ञान मेले का आयोजन

एसवीवी संवाददाता | औरंगाबाद।

राजकीय अभियंत्रण महाविद्यालय, औरंगाबाद में महाविद्यालय के स्टार्टअप सेल और आर्ट कल्चर एवं युवा विभाग के सहयोग से 28वें राष्ट्रीय युवा महोत्सव 2025 के अंतर्गत विज्ञान मेला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. प्रशांत मणि ने किया। उन्होंने कहा कि आज के इस वैश्विक प्रतियोगिता के दौर में इन्नोवेशन का बहुत बड़ा महत्व है। किसी भी देश के एकॉनॉमिकली तरक्की में इन्नोवेशन का बहुत बड़ा योगदान होता है। आप सभी छात्र अपने आसपास मौजूद समस्याओं को बारीकी से अध्ययन कर इन्नोवेशन एवं टेक्नोलॉजी के द्वारा उसका समाधान ढूंढे। साथ ही प्राचार्य ने सभी प्रतिभागियों को बधाई एवं शुभकामनाएं दी। विज्ञान मेले का थीम इन्नोवेशन इन साइंस एंड टेक्नोलॉजी था।कार्यक्रम में महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं ने काफी बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया जिन्होंने विज्ञान एवं तकनीक पर आधारित अपने प्रोजेक्ट्स को प्रदर्शित किया।

प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत लाभुकों को स्वीकृति पत्र वितरित

निज संवाददाता | बारूण (औरंगाबाद)

बारुण प्रखंड के कोचाढ़ पंचायत में प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत लाभुकों को स्वीकृति पत्र वितरित किए गए। इस योजना के अंतर्गत पांच लाभुकों, जिनमें रूबी देवी, करुणा देवी, विक्रम चौधरी, गगिया कुंवर और प्रियंका देवी शामिल हैं, को स्वीकृति पत्र सौंपे गए। प्रखंड विकास पदाधिकारी पन्नालाल ने इस अवसर पर लाभुकों से कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत स्वीकृत आवासों का निर्माण समय सीमा के अंदर पूरा करना अनिवार्य है। उन्होंने जानकारी दी कि बारुण प्रखंड के कुल 16 पंचायतों में इस योजना के तहत 504 आवास स्वीकृत हुए हैं, जिनमें से 420 लाभुकों को स्वीकृति प्रदान कर दी गई है। इस दौरान आवास सहायक और अन्य संबंधित विभागों के अधिकारी भी उपस्थित थे। अधिकारियों ने लाभुकों को योजना के नियमों और निर्माण प्रक्रिया के बारे में जागरूक किया, ताकि सभी पात्र लाभुक समय पर अपने आवास का निर्माण कार्य पूरा कर सकें। प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण क्षेत्रों के लोगों को उनके अपने घर का सपना पूरा करने में मदद कर रही है। यह योजना आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों को सशक्त बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है, जिसके तहत सरकार द्वारा लाभुकों को आर्थिक सहायता प्रदान की जाती है। इस अवसर पर उपस्थित अधिकारियों ने भी योजना के महत्व पर प्रकाश डाला और लाभुकों से योजना के तहत मिलने वाली सुविधाओं का पूरा लाभ उठाने का आह्वान किया।

पवई उच्च विद्यालय में प्रथम सोपान का स्काउट गाइड प्रशिक्षण हुआ सम्पन्न

निज सं. | बारूण (औरंगाबाद)

बिहार राज्य भारत स्काउट और गाइड, औरंगाबाद के तत्वावधान में उच्च विद्यालय रियासत पवई में पांच दिवसीय स्काउट गाइड प्रथम सोपान शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर का उद्घाटन विद्यालय के प्रधान अमिताभ रंजन द्वारा ध्वज फहराकर किया गया। शिविर का संचालन अमित रंजन भास्कर ने किया, जबकि नीरज कुमार और लालू कुमार ने सहायक के रूप में योगदान दिया।

शिविर के दौरान जिला कार्यक्रम पदाधिकारी (स्थापना) दयाशंकर सिंह ने शिविर का परिभ्रमण किया और स्काउट गाइड द्वारा तैयार किए गए व्यंजनों का निरीक्षण कर उनकी प्रशंसा की। इस शिविर में स्काउट गाइड को नियम, प्रतिज्ञा, प्रार्थना, झंडा गीत, साइन, सेल्यूट, मोटो, गांठ, प्राथमिक चिकित्सा, ध्वज फहराने की विधि और जीवन जीने की कला से जुड़े विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों की जानकारी दी गई। शिविर के दौरान स्काउट गाइड ने एक दिवसीय साहसिक यात्रा कर विभिन्न प्रकार के खाद्य व्यंजनों का प्रदर्शन किया। शिविर का समापन सर्वधर्म प्रार्थना सभा के साथ हुआ, जिसमें स्काउट प्रतिज्ञा को दोहराते हुए दीक्षा दी गई। इस अवसर पर राज्य सचिव श्रीनिवास कुमार ने स्काउट गाइड की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए कहा कि स्काउट गाइड एक जीवन जीने की कला है, जो व्यक्तित्व के विकास में सहायक होती है। उन्होंने बताया कि स्काउट और गाइड से छात्र-छात्राओं में नेतृत्व कौशल का विकास होता है। समापन कार्यक्रम में विद्यालय के संगीत शिक्षक-शिक्षिका, जैसे ज्योत्सना कुमारी, उमाकांत सिंह और अभिराम मिश्र के साथ-साथ स्काउट गाइड द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के अन्य शिक्षक-शिक्षिकाओं में देवेंद्र दत्त मिश्रा, भारती चौधरी, सत्येंद्र कुमार, रविशंकर मिश्रा, लीला कुमारी, इम्तियाज अहमद, सगीर आलम, आलोक कुमार, रेखा कुमारी, अंजली कुमारी, किंजल प्रिया, मीना सिंह, रमेश कुमार, अखिलेश सिंह, विजय कुमार, मोहम्मद तबरेज आलम, अविनाश कुमार समेत अन्य लोग भी शामिल हुए।

बिहार सरकार

भू-अभिलेख एवं परिमाप निदेशालय
(राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग)

बिहार विशेष सर्वेक्षण एवं बंदोबस्त जन जागरूकता श्रृंखला – 2

रैयतों के दायित्व क्या हैं ?

भूमि सर्वेक्षण में रैयतों के कर्त्तव्य निम्न प्रकार हैं:-

- किस्तवार एवं खानापुरी के समय रैयत को यथासंभव जमीन पर उपस्थित रहना चाहिए।
- अपनी जमीन की मेड को ठीक-ठाक बना दें और उसे सीमांकित कर लें।
- जमीन का विवरण चौहद्दी के साथ प्रपत्र-२ में खेसरावार भरकर शिविर में जमा कर दें। स्व-घोषणा (प्रपत्र-२) के साथ निम्न कागजात संलग्न करें।
  - ✓ जमाबन्दी संख्या की विवरणी / मालगुजारी रसीद की छाया प्रति (यदि उपलब्ध हो तो)।
  - ✓ खतियान की नकल (यदि उपलब्ध हो तो)।
  - ✓ मृत जमाबन्दी रैयत की मृत्यु की तिथि / मृत्यु प्रमाण पत्र की छाया प्रति।
  - ✓ आवेदक या हित अर्जन करनेवाले का मृतक का वारिस होने का प्रमाण।
  - ✓ सक्षम न्यायालय का आदेश हो, तो उसकी सच्ची प्रति।
- रैयत अपनी वंशावली प्रपत्र ३ (१) में भरकर संलग्न कागजात के साथ शिविर में जमा करेंगे।
- प्रपत्र-७ एवं L.P.M. मिलने के बाद ठीक से जाँच कर लें, गलत होने पर प्रपत्र-८ में आपत्ति दें।
- प्रारूप अधिकार अभिलेख / मानचित्र की जाँच कर लें, गलती हो तो प्रपत्र-१४ में आपत्ति दायर करें।
- अंतिम रूप से तैयार अधिकार अभिलेख एवं मानचित्र का अवलोकन कर लें, गलत हो तो प्रपत्र २१ में आपत्ति दें।
- अधिकार अभिलेख (खतियान) की एक प्रति शिविर या बंन्दोबस्त कार्यालय से अवश्य प्राप्त कर लें।

PR No.- 010015 (Revenue)D. 2024-25

(सर्वेक्षण एवं राजस्व संबंधित विशेष जानकारी के लिए You Tube पर Directorate of Land Records and Survey Bihar सर्च करें)

Follow us: RevenueBihar BiharRevenue

राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग, बिहार द्वारा जनहित में जारी